हिन्दी कृष्णकाव्य मे प्रियप्रवास

हिन्दी कृष्णकाव्य में प्रियप्रवास

लेखक
सुरेशपति त्रिपाठी

अ प्र अलका प्रकाशन

HINDI KRASHNAKAVYA ME PRIYPRAVAS

By

Dr SURESHPATI TRIPATHI

PRICE–Rs ONE HUNDRED SEVENTY FIVE ONLY

मूल्य 175 00

पुस्तक हिन्दी कृष्णकाव्य मे प्रियप्रवास

लेखक सुरेशपति त्रिपाठी

प्रकाशक अलका प्रकाशन

128/106, जी ब्लॉक किदवई नगर कानपुर–208 011

संस्करण 1994

मुद्रक मधुर प्रिण्टर्स, 128/93 वाई ब्लॉक किदवई नगर

कानपुर–208 011

आदरणीय

स्व० पण्डित

परमेश्वरदत्त त्रिपाठी

को

सादर !

पुरोवाक

भारतीय भक्ति की सगुणाश्रयी चेतना को कृष्णचरित्र न सर्वाधिक प्रेरित और परिचालित किया है। उनका लाकानुरजक स्वरूप भक्ता की परानुरक्ति का आलम्बन रहा। भागवत' इस धारा का सर्वोपरि भक्तिरस सागर ग्र थ है, जिसन हिन्दी ही नही, समग्र भारतीय भक्ति साहित्य का तरह तरह स आ दोलित और अनुप्राणित किया है। मेरा दष्टि म, अय बाता के अलावा, कृष्ण म जहाँ लोकरजन का प्राधा य है, राम म वहाँ अपेक्षत लाकोद्धार का। राम के मौर कायकलाप खुली किताब के मानि द हैं और कृष्ण के रहस्यमय। तुलसी का लाकसग्रही चित्र एस ही राम पर अपने को निछावर करता है। कृष्ण भी तुलसी को छूते तो हैं, लकिन राम की तरह नही। तस्वत सगुण निगु ण स कही अधिक दुर्बोध एव दुगम है। सगुण की इस अगम्य स्थिति का परखते हुए तुलसी ने लिखा–'निगु ण अत्य त सुलभ और सगुण (गुणातीत दिव्य) तो वह है जिस कोई जानता ही नहा। यहा तक कि सामा या की कौन कह उस (सगुण) के सुगम अगम नानाचरिता को सुनकर मुनिमन भी भ्रमित हो जाते हैं–

निगु न रूप सुलभ अति सगुन जान नहिं कोइ।
सुगम अगम नाना चरित सुनि मुनि मन भ्रम होइ॥

मानना यह है कि ताक के समक्ष सगुण की यह दाशनिक जटिलता उतनी उभर कर नही आती। कहना न होगा कि इस दृष्टि स कृष्ण का अद्भुत लीलामय स्वरूप अधिक गूढ एव गुह्य है। 'भागवत' म परीक्षित न पूछन पर शुकदेव न कृष्णलीला के अगम रहस्या का खोलत हुए कहा–जसे–अभक (बच्चा) विभ्रमित हा अपन हा प्रतिबिम्ब का अ य अभक समझकर उसस तरह तरह की क्रीडाए करता है वसे ही उन (कृष्ण) को लीलाए जानें।'

कृष्ण की लीला माधुरी न भक्त हृदय को सर्वाधिक विमुग्ध किया है। परिणाम की दृष्टि म कृष्णभक्ति काव्य जितना बजनी है उतना किसी दूसरी तरह का भक्तिका य नही। भक्त कवियों का चित्त कृष्णभक्ति रस सागर मे आकूठ निमग्न जान पडता है। भक्तिलीन चित्त ही विशुद्ध भक्ति भाव का बाध कराता ह। विलीन हार्दिकता के इसी अभाव ने विद्यापति के आराधन भाव का विवादास्पद बना दिया। भक्तिकाव्य क उदभावना

और उत्कर्ष का मर्म बहुत कुछ इसी गहनसंलग्नता और प्रगाढ़ तन्मयता का सुपरिणाम होता है, जिसके मूल में साधक की साध्य के प्रति अनन्य और अतर्क्य प्रीति प्रतीति होती है। प्रवाह की यही अखण्डानुभूति काव्य को भास्वर बनाती है। सगुण भक्ति में सपक्ति की यह स्थिति सर्वाधिक मुखर हुई है। विशुद्ध निर्गुण राग का विषय कभी नहीं रहा। दरअसल राग (भक्ति) का सहज और अविकल्पस्वरूप है, जिसका उद्भव अस्तित्व से होता है। नास्तिकता तो उसका प्रतिपक्ष है। इसकी महिमा यों भी आँकी जा सकती है कि भारतीय धर्म दर्शन में हमेशा से आस्तिकता का ही बोलबाला रहा है। वेदान्त को छोड़कर हमारे सारे दर्शन आस्तिक द्वैतवाद के पोषक रहे। इस नाते भी भक्ति बहुत महिमान्वित हुई। भक्तिमाध्यम से प्रणीत ऐसा अप्रतिम काव्य उजारा संसार में कहीं नहीं देखा जाता। साध्य के अनुग्रह से साधक कवि उर अजिर में वाणी-नटी का नर्तन होता है। सूर और तुलसी कृष्ण तथा रामभक्ति काव्य के ऐसे शिखर पुरुष हैं जिनसे मनुष्य मनुष्य को उच्चादर्शों की प्रबल प्रेरणा मिलती है।

काल प्रवाह मानव के चुलबुले मन का हमेशा से पोषण करता आया है क्योंकि जैसे जैसे वक्त करवट लेता है वैसे वैसे हालात भी परिवर्तित होकर नवता की अनुभूति कराते हैं। लगता है काल और मानव मन दोनों अभिन्न सहचर हैं। एक की गति दूसरे की मति का कारण होता है। दोनों समान अस्थिर और अधीर।

भक्ति काव्य सर्जना का मूल कारण थी जन की यह व्यग्र, व्याकुल और हत चित्तवृत्ति हरिभजन के अलावा जिसका कोई और समाधान न था। इसे यों भी कह सकते हैं कि भक्ति आवेश में मानव के विवश और विकल्पहीन मनस्ताप की देन थी। जलते घर से निकल भागने का रास्ता तब एक ही रह गया था—अलौकिक खिड़की के सहारे शरण स्थल तक पहुंचना। सीधे देखने से तो भक्त युगवा की ये प्रभु प्रार्थनाएँ—

क—प्रभु हौं सब पतितन का टीकौ।

ख—मोसम कौन कुटिल खल कामी।

ग—हौं प्रसिद्ध पातकी।

उनकी आत्मद्रव ज्ञात होती है किंतु इसके मूल में तत्कालीन हताशा और व्यग्रता का संचित रूप किसी न किसी रूप में मौजूद अवश्य है। अक्सर देखा जाता है कि निरुपाय हो हम अपने को ही कोसने लगते हैं। यह प्रवृत्ति जब और गहराती है तो व्यक्ति अपने को पतित, पापी, कुटिल, खल आदि मानने लगता है। सारे काव्य अपने समय की कारा (दबाव

प्रभाव) म लिखे जाते हैं।

काव्य म शृगार काल जब तब सर उठाये तब तक विदशियों (मुगलो) का देश व चित्त और वित्त दोनो पर ऐसा अधिकार हो गया था कि उबराने की आशा नही रह गयी थी भगवन्नाम के इस जप स हमारी जातीयता तो रक्षित रही कि तु देष हमारा सारा वाह्याभ्यतर उनका पूर्ण वशवर्ती हो गया। पराजय की सहज परिणति समपण मे हुई। किसी सदुद्देश्य के अभाव म सारे अधीनस्थ राजे महाराजे शहजादे आदि निष्क्रिय और निश्चेष्ट हो सुखोपभोग से दिन बिताने लगे।

काव्य म राजाश्रयता के नाम पर जि ह लम्बी छीक आती है उ हे अच्छी तरह यह समझ लेना चाहिए कि दरबारी काव्य की प्रगाढ परम्परा अलकृत सस्कृत जमाने स ही चली आ रही थी। अनुकूल स्थिति पाकर रीतिकाव्य म जैसे सस्कृत का यशास्त्र की उद्धरणी हुई बस राजसभाओ म उसके फलने फूलन के दिन भी बहुरे। सस्कृत काव्य के अवगाहन से यह साफ जाहिर होता है कि राजा जब स पृथ्वी पर आया तब स उसकी राजसी वृत्ति का अनन्य सहचारिणी कविता भी आयी। राजसभोग के लिए ही प्रदेश और देश हथियाये जाते थे। युद्ध स्थिति ही उसमे दखलन्दाजी कर सकती थी। प्रजा सरक्षण की तो बात बहुत की जाती थी कि तु उसे आचरण म उतारने का उतना प्रयास नही किया जाता था। तात्पर्य यह है कि भोग ही सम्राट और साम ता का सर्वोपरि साध्य होता था। राजाओ के विलास की पराकाष्ठा की प्रतीक नारी थी। ऐसा क्यो था? इसका उत्तर देते हुए वराह मिहिर ने अपने ग्रन्थ बृहत् सहिता मे लिखा है–

आकार विनिगूहता रिपुबल जेतु समुत्तिष्ठता।
तन्त्र चि तयता कृताकृतशत व्यापारशाखाकुलम।
मन्त्रि प्रोक्तनिषेवियाभिनिमुजामाशकिना सवता।
दु खाम्भोनिधिवर्तिना सुखलव का तासमालिगनम।।

भाव यह है कि राजाओ का अनेक कारणो से सुख भय हर्षादि आवेगो को छिपाने, शत्रुसेना से भिडन्त कृत आकृत सैकडो काय व्यापारत त्रो का सोचने विचारने, पुत्र आदि से सकित रहने–जैसे अपार दुखो और चिन्ताओ से थोड़ा उबारने वाला था मात्र स्त्री–आलिगन।' निष्कर्ष यह कि नारी राजाओं के तमाम–तमाम तनावों और मनस्तापों स छुटकारा दिलाने वाली वस्तु थी इसलिए राजा और रमणी अभिन्न और अद्वय थे। इतना ही नही सस्कृत म अनेकानेक परिनयो का पति होने से राजाओं का

बहुवल्लभ भी कहा गया है। आज भी राजा कहने मात्र से विलास बिम्ब पहले उभरता है। भारतीय इतिहास के समूचे मध्यकाल म राजन्य जीवन के दो ही मान मूल्य या आयाम थे—गली या नवली के गल लगना। दास की यह उक्ति इसका ज्वल त प्रमाण है—

धिग जीवन जन्म बधा, जिनक गर गली लगी न नवेली लगी।

विलास का जैसा दुश्चिन्त्य और दुर्निवार अतिरेक संस्कृत काव्यो म प्राय देखने को मिलता है वसा हिन्दी ही नही, शायद ही किसी अन्य आधुनिक भारतीय भाषाओ म मिले। इसके प्रमाण म कनिष्ठिकाधिष्ठित कालिदास के रघुवश के इक्कीसवें सग के सातवें श्लोक का उदाहरण पर्याप्त होगा, जिसम रघुकुलोत्पन्न राजा 'सुदशन का पुत्र अग्निवर्ण' रात दिन विलास म ऐसा डूबा रहता है कि नित्य राजदशन के लिए उत्कठित प्रजा को वह अपनी झलक तक नहीं देता। कभी कभार मन्त्रियों की गरिमा और उनके अनुनय विनय का लिहाज कर यदि वाञ्छित दशन देता भी है तो झरोखे के छिद्रों से चरण लटकाकर ही।

गौरवाद्यदपि जातु मन्त्रिणा दशन प्रकृतिकाक्षित ददौ।
तद गवाक्षविवरावलम्बिना 'केवलेन चरणेन कल्पितम्'॥

भक्ति और शृगार का जो इतना विवेचन किया गया उसका अभिप्राय मात्र इतना ही है कि ये दोनो प्रवत्तियाँ हिन्दी मध्यकालीन कविता की मेरुदण्ड है, जिनकी सम्यक समीक्षात्मक जानकारी मात्र हिन्दी साहित्य ज्ञान से सम्भव नही। ठीक से उन्ह जानने परखने के लिए भारतीय चिन्ता धारा का बोध आवश्यक है इसके अभाव म हम उसके मम तक नही पहुच सकते।

इस विषय के अनुसार इस प्रबन्ध के दो प्रखण्ड है—एक कृष्ण काव्य परम्परा और दूसरा प्रियप्रवास म उसके परिणति की समीक्षा। प्रबन्ध प्रणेता डा० त्रिपाठी ने कृष्ण स्वरूप को दिखाते हुए वेदो से लेकर उपनिषद लौकिक साहित्य, ललितकला और हरिऔध के पूर्व तक जो शोध समीक्षा प्रस्तुत की है वह उनकी व्यापक गरिमा को भलीभाँति परिचायक है। चूँकि प्रबन्ध मेरे ही देख रेख म सम्पन्न हुआ है इसलिए वह मेरी ही धारणा और अवधारणा को लेकर चला है। यक्ति अन्तर से कहीं कहीं अन्तर मिलना स्वाभाविक है जिसे उसकी मौलिकता मानी जायेगी।

शोध की प्रमुख भूमि है कृष्णकाव्य परम्परा के आलोक म प्रियप्रवास म प्राप्त तत्वो की विवेचना। कहना न होगा कि प्रबन्धकार डा० त्रिपाठी ने प्रियप्रवास के उद्दिष्ट विषय के साथ सवथा अपने विवेचन और

विश्लेषण से याय किया है। 'प्रियप्रवास' का काव्य सौष्ठव प्रेम सौन्दय, विविध रसो की अभिव्यक्तियाँ, विविध प्रकार की सस्कृति चित्रण की शैलिया, राधा, कृष्ण नन्द यशोदा, उद्धव के चरित्र चित्रण आदि का जैसा तत्व विमप प्रस्तुत किया है वह भी उनकी अध्ययन निष्ठा और अध्यवसाय का द्योतक है। यद्यपि हरिऔध और उनके साहित्य पर इतन शोध और अलग से समीक्षा ग्रन्थ लिखे जा चुके हैं जिनसे उस पर आग काम करने को गुन्जाइस बहुत कम रह जाती है तथापि एस सकरे रास्ते पर चलकर प्रबन्धकार ने अपनी चिन्तन क्षमता म जगह जगह मुहर लगा दी है। हरिऔध का कृष्ण काव्य पचासी प्रतिशत युग और साहित्य की आकाक्षापूर्ति के लिए लिखा गया है। प्रियवास' का कथ्य और शिल्प दानो बदल वक्त की बदली परिणति है। चाहे भाव हो जिसकी अन्तिम परिणति विश्व-व्यापक रूप के सदभाव म हुई है और चाहे कला जिसम अभिव्यजना के एकदम नये रूपा का आश्रय लिया गया है दानो पक्ष मौलिक रूप म सामने आते हैं। प्रसन्नता की बात है कि प्रबन्धकार न भलीभांति इस परखकर अपने विमर्श से उजागर करने का प्रयास किया है। इस दृष्टि म उसका प्रियप्रवास म कला विषयक अनुशीलन विशेष अवरखनीय है।

शोध की भाषा अपनी मन्तव्य का व्यक्त करने म इतनी प्राञ्जल और प्रसन्न हानी चाहिए कि जसे निमल जल का पीकर प्यास अ तरतुष्ट होता है। डा० त्रिपाठी शोध की ऐसी भाषा के धनी मान जायेंगे, यह निला खुशी की बात है।

डा० त्रिपाठी लखनऊ जस सस्कृति सम्पन्न नगर महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष-प्राध्यापक है। प्रबुद्ध अध्येताओ की जिज्ञासाओ की तुष्टि ही सच्चे प्राध्यापक का कत्तव्य होता है, जिसकी वाञ्छितपूर्ति रोज रोज जग दीपक म तेल डालने स हाती है वस्तुतः अध्यापक का नित्यानुशीलन। अभ्यास स ही विद्या बढती है इसलिए मैं चाहूँगा कि केवल अध्यापक हाने के नाते ही नहीं वरन समाज और साहित्य के हेतु कुछ कर जाने के लिए विद्या की लव जलाए रहेंगे। यही मेरी उनके प्रति मगल कामना है और अध्येता स अध्यापक की अपेक्षा भी।

—डॉ० रामफेर त्रिपाठी
भूतपूर्व कुलानुशासक लखनऊ विश्वविद्यालय
एव
सेवामुक्त रीडर हिन्दी विभाग
ल० वि० वि० लखनऊ

दो शब्द

डा० सुरेश त्रिपाठी का शोध ग्रन्थ हिन्दी के कृष्ण काव्य में प्रिय प्रवास को देखकर बड़ी प्रसन्नता हुई। प्रियप्रवास एक ऐसा महाकाव्य है जिसके द्वारा खड़ी बोली में श्रेष्ठ महाकाव्यों के प्रणयन की परम्परा चली। बहुत दिनों से विश्वविद्यालयों में ऐसे महाकाव्यों पर शोध कार्य करने की परिपाटी प्राय लुप्त हो गयी है। प्रियप्रवास में हिन्दी कृष्ण काव्य के क्षेत्र में कवि ने युग प्रवर्तन का कार्य किया है। कथानक और युगीन चित्रण दोनों दृष्टियों से इस महान रूप ने कुछ ऐसी नई दिशाओं को उद्घाटित किया है जिनका दूरगामी प्रभाव हिन्दी महाकाव्यों की रचना पर पड़ा।

मुझे यह देखकर प्रसन्नता हुई कि डॉ० त्रिपाठी ने कृष्णकाव्य परम्परा में प्रियप्रवास के द्वारा जो क्रान्ति की धारा उत्पन्न हुई है, उसका सम्यक विवेचन अपने इस शोध प्रबन्ध में किया। उन्होंने पिछले वर्षों में प्रियप्रवास की जो उपेक्षा हुई है, उसकी भी ओर इसमें जो शोध समीक्षा क्षति हुई है उसकी पूर्ति करने का सफल प्रयास किया।

मुझे विश्वास है कि यह ग्रन्थ हिन्दी की महाकाव्य परम्परा को यथारूप समझने में सहायक सिद्ध होगा।

प्रो० डॉ० कुंवर चन्द्र प्रकाशसिंह
(पूर्व कुलपति)
मगध विश्वविद्यालय

भूमिका

मैंने हिन्दी के कृष्णकाव्य में 'प्रियप्रवास' नामक ग्रंथ का आद्यन्त अवलोकन किया। मुझे यह देखकर हर्ष हुआ कि मेरे सहयोगी एवं सुहृद डा० सुरेशपति त्रिपाठी ने कृष्णकाव्य की परम्परा और उसके परिविस्तार का अच्छा अनुशीलन किया है। हिन्दी कृष्णकाव्य को युग युगीन पृष्ठभूमियों में हरिऔध का प्रियप्रवास सर्वथा विशिष्ट प्रयोग है। इसमें प्रथम बार पुराख्यान का आधुनिकीकरण किया गया है और गोपी कृष्ण वियोग को समसामयिक राष्ट्रीय सन्दर्भों में जोड़कर उसकी प्रासंगिकता स्थापित की गई है। वस्तुतः इस काव्य मंच में विरह का महाभाव के रूप में वर्णित किया गया है और उसे लोकमंगल के निमित्त सिद्ध किया गया है। प्राचीन भारतीय शास्त्रों में राधा कृष्ण के चरित्रों को कहीं उज्ज्वल रस के रूप में प्रस्तुत किया गया है कहीं मधुरा भक्ति के रूप में। जबकि हरिऔध ने उसे लोक-संग्रह की भावना से ओत प्रोत करके एक नया मोड़ दिया है। राधा का यह वचन कि 'प्यारे जीवें जगहित करें गेह चाहे न आवें' प्रियप्रवास का बीज वाक्य है। शोधार्थी ने इसे पूरी सतर्कता के साथ इंगित किया है साथ ही प्रियप्रवास की कलाभिव्यक्ति अर्थात काव्यभाषा छन्दोबद्धता तथा अन्यान्य काव्यावदानों को सोद्धरण सप्रमाण उद्घाटित किया है। अंतिम अध्यायों में पूर्ववर्ती तथा परवर्ती प्रभावों का रेखांकन करते हुए प्रियप्रवास के प्रमुख प्रदेशों पर प्रकाश डाला गया है।

हरिऔध और उनके प्रियप्रवास पर चिन्तन लेखन तो बहुत हुआ है किन्तु यह कृति उस सुदीर्घ परम्परा में अपनी पहचान बनाएगी ऐसी मेरी मंगलाशा है। मैं इस शोधकार्य के लिए डॉ० त्रिपाठी को साधुवाद देता हूं। साथ ही यह कामना करता हूं कि वे निरंतर स्वाध्याय एवं शोध समीक्षा का क्रम बनाये रखें।

महाशिवरात्रि 1994

प्रो० सूर्यप्रसाद दीक्षित
आचार्य एवं अध्यक्ष
हिन्दी तथा आधुनिक
भारतीय भाषा विभाग,
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

प्राक्कथन

भगवान श्रीकृष्ण का नान भक्ति कम स समन्वित व्यक्तित्व जन जन के हृदय मे भक्ति एव माधुय रम आप्लावित करने वाला है। इनके चरित्र के प्रति विशेष आकषण मुझे पिता के सस्कार से मिला। पूज्य पिता जी बडे मधुर भाव से भागवत की कथाएँ सुनाया करते थे जिससे मेरे हृदय म भगवान कृष्ण के प्रति अगाध श्रद्धा का ज म हुआ। रीतिकालीन कवियो की रचना द्वारा अतीत काल से चले आ रहे श्रीकृष्ण के जिस महानतम रूप का ह्रास हो गया था, प्रियप्रवास के माध्यम से कवि ने अतीत के उस चरित्र के कारुण्य को धाकर उन्हे ऐसे रूप मे प्रतिष्ठित किया है जो आधुनिक जीवन जीने का सूत्र प्रस्तुत करता है। प्रियप्रवास म प्राप्त श्रीकृष्ण के विश्व प्रेमी रूप ने मझे सहसा आकृष्ट किया और मैं प्रस्तुत काय हेतु प्रवत्त हुआ। इसे मैं उनकी अहैतुकी कृपा ही मानता हू।

श्रीकृष्ण का य की परम्परा म प्रियप्रवास का स्थान विशिष्ट है जिसके सम्यक अध्ययन हेतु प्रस्तुत ग्रथ आपकी सेवा म प्रस्तुत है। मैं कहाँ तक सफल हो सका हू इसका निणय आपके हाथो मे है।

यह ग्रथ सात अध्यायो मे विभक्त है। प्रथम अध्याय म कृष्ण श द का विस्तत विवेचन है। पुन भारतीय धम शास्त्रो म कृष्ण के लिए प्रयुक्त नामो और उनके विविध रूपो का प्रस्तुन किया गया है।

द्वितीय अध्याय मे कृष्ण का य परम्परा मे सस्कृत साहित्य स लेकर आधुनिक हि दी साहित्य तक का विवेचन किया गया है। यह अध्याय मुख्य दो अशो में विभक्त है—हि दी के पूववर्ती साहित्य म कृष्ण और हिन्दी साहित्य मे कृष्ण। कृष्ण का य की परम्परा प्राचीन भारतीय साहित्य म व्यापक तथा जनमानस की भावना से सम्बद्ध है। इसम आज भी निर तर चि तन के लिए व्यापक सामग्री उपलब्ध है। मैंने पूववर्ती साहित्य मे कृष्ण काव्य का अध्ययन करने के लिए वेद, ब्राह्मण एव आरण्यक ग्र थ उपनिषद पालि प्राकृत अपभ्र श एव ललित कलाओ म प्राप्त कृष्ण एव उनके विविध रूपो की अजस्र धारा जो हिन्दी साहित्य के विविध आयामो मे प्रवाहित रही है का प्रस्तुत रूप में विवेचन है।

ततीय अध्याय मे प्रियप्रवास की पष्ठभूमि—राजनीतिक सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और साहित्यिक दृष्टि स विचार किया गया है। कवि ने

कथा सृजन मे जिन स्रोतो के माध्यम से प्रियप्रवास की रचना की है, उसमे भगवान पुराण, मेघदूत एव पवनदूत प्रमुख हैं। प्रेरक समसामयिक परिस्थितियो एव सस्कारो का भी उल्लेख इस अध्याय म किया गया है।

चतुर्थ अध्याय मे अनुभूति के विविध पक्षो–सस्कृति पात्रो एव प्रकृति के रूपो का विवेचन किया गया है। प्रेम सौन्दर्य पर विचार करते हुए इसके अगीरस शृगार (वियोग पक्ष), अन्य रसो की अभिव्यक्ति तथा वात्सल्य के मनोवैज्ञानिक रूप विश्लेषित हैं। श्रीकृष्ण और राधा तथा अन्य पात्रों एव प्रकृति के आलम्बन उद्दीपन चेतन अचेतन ऋतु वर्णन आदि रूपो का विशद विवेचन है।

पचम अध्याय अभिव्यक्ति पक्ष, काव्य रूप भाषा के विविध रूप शब्दशक्ति, मुहावरे तथा लोकोक्तियाँ गुण अलकारो छन्दो के विवेचन से सम्बद्ध है।

षष्ठ अध्याय म प्रियप्रवास से प्रभावित प्रमुख कृष्ण काव्य ग्रन्थो का विवेचन किया है सप्तम अध्याय म कृष्ण काव्य परम्परा म रचित 'प्रिय प्रवास' का मूल्याकन किया गया है।

काव्य और उसम प्राप्त श्रीकृष्ण के स्वरूप का सम्यक ज्ञान अगाध सागर है, जो परम्परा अनादिकाल स पावन धारा के रूप म प्रवाहमान है उसम अवगाहन करना मेरे लिए लघु मति मोर चरित अवगाहा के समान है।

प्रस्तुत अध्ययन पूज्य प्रो० हरिकृष्ण अवस्थी, प्रो० सूर्य प्रसाद दीक्षित, प्रो० ज्ञान शकर पाण्डेय, डा० ओमप्रकाश त्रिवेदी डॉ० जितेन्द्रनाथ पाण्डेय, डा० विजयप्रकाश मिश्र, डा० हरिशकर मिश्र, डा० रमेशचन्द्र त्रिपाठी प्रभृति सुधी मनीषियो की प्रेरणा का प्रतिफलन है। इस कार्य की सुसम्पन्नता हेतु मैं गुरुवर डा० रामफेर त्रिपाठी का हृदय से कृतज्ञ हूँ। परोक्षापरोक्ष रूपेण मुझे जिन सुहृद महानुभावो स किंचित्पि सहायता मिली है, तथा अलका प्रकाशन के सचालक श्री नरेन्द्र शुक्ला जिन्होने इतने कम समय म पुस्तक प्रकाशित की है। मैं उनका हृदय से आभारी हू।

महाशिवरात्रि, 1994 विनयावनत

–सुरेशपति त्रिपाठी

विषय-सूची

प्रथम अध्याय

कृष्ण : अवधारणा और स्वरूप

कृष्ण शब्द और उसका विवेचन

कृष्ण शब्द कृष धातु और नक प्रत्यय के योग से रंग के अर्थ में कृष+न रूप हुआ। न् का णत्व होकर 'कृष्ण' शब्द बना। मतुप से कृष्ण वान होकर पुनः वार्तिक– गुणवचनेभ्यो मतुप् लोप' से मतुप का लोप होकर कृष्ण शब्द निर्मित हुआ।[1] कृषतिअरीन् के अर्थ में कृष् धातु और नक प्रत्यय के योग से न का णत्व होकर कृष्ण शब्द बनता है। 'हलायुध कोष के अनुसार पुंल्लिंग कृष्ण शब्द शत्रुओं को खींचने, आत्मसात करने भक्तों को आनन्द देने प्रलयकाल में सभी को आकर्षित करने एवं श्याम वर्ण का अर्थ देता है।[2]

'हलायुध कोष में कृष्ण शब्द वर्ण विशेष–काल, नील काले अश्वेत श्याम काल, श्यामल, मेचक, गहुल, राम, शिति आदि का वाचक माना गया है। कृष्ण श्याम, काला नीला बुरा वसुदेव के पुत्र (जो विष्णु के अवतार माने जाते हैं) आदि का वाचक है। अथर्ववेद के अंतर्गत एवं उपनिषद, वेदव्यास अर्जुन अंधेरा पक्ष आदि का वाचक है। 'हिन्दी शब्द सागर के अनुसार कृष्ण विष्णु के दशावतारों में आठवें अवतार वसुदेव के पुत्र देवकी के गर्भ से उनका उत्पन्न होना मान्य है। मानक हिन्दी कोश'[3] में कृष्ण शब्द का व्यापक अर्थ दिया गया है यथा–कृष्ण वि० (सं०–कृष (गाचना नक्) (स्त्री लि० कृष्णा) काले या सांवले रंग का काला, [illegible], नीला बुरा तथा निन्दनीय, यदुवंशी वसुदेव और भोजवंशी देवकी के पुत्र जो भगवान के आठवें अवतार माने गये हैं।

श्रीकृष्ण परब्रह्म[1] वेदव्यास, अर्जुन ऋग्वेद के द्रष्टा एक ऋषि महीने का अंधेरा पक्ष कालागरु, कोकिल कौआ कलयुग काला या नीला रंग काला अगर पाप या अशुभ कर्म, जुए में मिला हुआ, एक असुर जो इन्द्र के द्वारा मारा गया था गोमती द्वीप में रहने वाला शूद्र काल नव वासुदेवों में एक लोहा सुरमा पीपर काली मिर्च करौंदा कदम्ब, एक [illegible] और एक मधु [illegible] के [illegible] का भेद चन्द्रमा का [illegible] या धब्बा

आदि का वाचक है।

'हिन्दी साहित्य कोष' में ऋग्वेद छान्दोग्य कौशीतकी ब्राह्मण के अनुसार कृष्ण शब्द का विवेचन किया गया है जिसका उल्लेख विस्तार पूर्वक आगे इसी अध्याय में किया है।[4] 'वृहत् हिन्दी कोश' में कृष्ण शब्द—काला नीला श्याम भूरा कुत्सित या पाप करने कर्म करने वाला दुष्ट। पु० काला या गहरा नीला रंग यदुवंशी वसुदेव और देवकी के पुत्र जो विष्णु के आठवें अवतार माने जाते हैं परब्रह्म काला हिरण, कौआ, कोकिल अशुभ या पाप कर्म अँधेरा पक्ष कलियुग वेदव्यास अर्जुन, काला अगर काली मिर्च लोहा सुरमा करौंदा एक मन्त्रकार ऋषि द्यूत से प्राप्त धन आदि का वाचक है। 'वाचस्पत्यम्' में कृष्ण शब्द की व्युत्पत्ति के उपरान्त व्याख्या की गयी है जिसमें व्युत्पत्ति उपरिलिखित के समान है। उन्हें देवकीनन्दन ब्रह्म काला नीला वक्ष नीला वक्ष, अमर आदि का वाचक माना गया है।[5] शब्दकल्पद्रुम में कृष्ण शब्द की व्युत्पत्ति और विभिन्न शास्त्रों में वर्णित रूपों की विस्तृत विवेचना है।[6] श्रीधरधारणा-गोस्वामी श्रीमद् भक्ति सिद्धान्ती जी महाराज ने कृष्ण शब्द की व्याख्या इस प्रकार की है— श्री कृष्ण शब्द पूर्ण शुद्ध नित्य, मुक्त, चिन्तामणि स्वरूप है। ब्रह्म परमात्मा, अन्तर्यामी जगत् स्रष्टा विश्वविधाता आदि शब्दों का पूर्ण करने के लिए कृष्ण शब्द की आवश्यकता होती है। मुक्ति-दाता होने के नाते राम नाम को तारक एवं प्रेमदाता होने के नाते कृष्ण नाम को पारक कहते हैं।[7]

'ब्रह्मवैवर्त पुराण' में कृष्ण को सगुण निर्गुण एवं साकार निराकार ब्रह्म बताया गया है। उसी के अनुसार कृष्ण शब्द की व्याख्या करते हुए पुराणकार ने क' ब्रह्मवाचक, ऋ' को अनन्त वाचक, ष शिव वाचक, ण' विष्णु वाचक और विसर्ग को नर नारायण वाचक मानकर उन्हें अनेक नामों से सम्बोधित किया है।[8] कृष्ण' शब्द के व्यापक अर्थ को दृष्टि पथ में रखते हुए कृष्ण की व्यापकता का सहज ही अवलोकन किया जा सकता है।

कृष्ण और उनके विविध अभिधान

श्रीकृष्ण का जीवन लोक रंजक एवं अत्यधिक अद्भुत है। सम्पूर्ण लोक जीवन पर उनके जीवन चरित्र का व्यापक प्रभाव रहा है, फलतः साहित्य में उनके चरित्र का चित्र भी अतिव्यापक रूप में उभर कर सामने आया है। उनकी चर्चा मुख्यतः प्रमुख गौण अथवा प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष दो रूपों में हुई है जिनके लेखन में कवियों के मुख्यतः दो दृष्टिकोण रहे हैं—प्रथम

तो आस्था, श्रद्धादि गुणा से अभिप्रेरित चरित काय के रूप मे उनके सम्पूण या आशिक जीवन का वणन करना तथा द्वितीय प्रासगिक या उपमान या दष्टात रूप म उनके जीवन या चरित्र या उनके जीवन अशा का सचत करना। लौकिक पुरुष एव अलौकिक ब्रह्म रूप म परिस्थिति एव पारिवारिक सामाजिक विचारो के अनुरूप उनके अदभुत अनत रूपा के कारण असख्य नाम हैं। वदिककालीन सस्कत से लेकर वतमान सस्कत तक एव पालि प्राकत अपभ्र श तथा सम्पूण हिन्दी साहित्य मे नामा की सूची न्यून नहीं है। अवतारवाद से प्रभावित लक्ष्मी एव उनके पति विष्णु एव उनके गुण रूप के आधार पर नाम रखे गये हैं। साथ ही लोक जीवन से प्रभावित नाम पारिवारिकता सामाजिकता, गुण रूप, स्थान, वस्तु वस्त्रालकरण आदि पर किसी न किसी रूप म आधारित है। प्रमुख नामो का उपरिलिखित आधार पर विवेचन अत्यधिक रोचक होते हुए भी विस्तार भय से सम्भव नहा।

श्रीकृष्ण के लिए विष्णुवाची नामा क साथ ही लक्ष्मी स सम्बन्धित नामा का प्रयोग किया गया है। विष्णु लक्ष्मी के पति ह, अत पतिवाचक शब्दा को लक्ष्मी क पर्यायवाची शब्दो म जोडकर विष्णु का वाचक शब्द बना लिया गया है। श्रीकृष्ण के लिए भी उन्ही शब्दो–श्रीधर श्रीपति लक्ष्मी वल्लभ, लक्ष्मीपति आदि को व्यवहार मे अधिकाधिक लाया गया है।

उपरिलिखित अवतार सम्बन्धी नामा के अतिरिक्त जीवन स सम्बन्धित अनकानक नामा का श्रीकृष्ण क लिए प्रयोग किया गया है। व्यक्ति का नाम, पारिवारिक या उससे विस्तृत सामाजिक एव वातावरण स सम्बन्धित होता है। उनके अदभुत अनन्त गुण रूप एव कार्यों के प्रभाव क कारण विभिन्न परिप्रेक्ष्या म उनके वणनातीत नाम रखे गये, जिनका कवियो न अपनी सुविधा एव आवश्यकतानुसार छद द धन, आत्मतुष्टि समाज पर अत्यधिक प्रभाव, कथावस्तु क पूण निर्वाह आदि की पूर्ति के लिए प्रयोग किया है। जहाँ अधिकांश उपरिलिखित नामा मे श्रीकृष्ण के ब्रह्मत्व की झलक मिलती है वहीं कुछ नाम रूप के लिए प्रयोग किय गये है जिनम साधारणत कृष्ण क परिवार, रूप गुणादि की ही झलक मिलती है। इन लौकिक नामों के पिता, माता, जाति कुल, किशोर कौतुक एव विनाद रूप गुण, वस्त्रालकरण, गोप गोपी राधा, शत्रुता मित्रता, स्थान, गाय आदि के आधार पर भेद किये जा सकते हैं। एकाधिक भेद से सम्बन्धित नाम मिश्रित वग क [illegible]तगत रखे जा सकते हैं।

(क) पितृ सम्बन्धी–पिता के गुण एव प्राधान्य के कारण पुत्र नाम

पिता के नाम के आगे नन्द, नन्दन, कुमार, लाल, सुवन, सुत आदि शब्द लगाकर रख लिया जाता है। चूंकि भारतीय संस्कृति के अनुसार जन्म देने वाला एवं पालन करने वाला पिता मान्य है, अतः श्रीकृष्ण जी को वसुदेव और नन्द दोनों का पुत्र कहा जाता है। इस आधार पर साहित्य में उनके निम्न नाम व्यवहृत हैं--

वसुदेवकुमार वासुदेव वसुदेव सुत नन्द-नन्दन नन्दनन्द नन्दलाल, नंदसुत नन्दकुमार नंदसुअन या नंदसुवन आदि।

(ख) मातृ सम्बन्धी--प्रायः सन्तानाधिक स्त्रियाँ पुत्र का नाम उसकी माँ के आधार पर रख लेती है। धीरे धीरे वे नाम प्रचलित हो जाते हैं। कृष्ण के जन्म और पालन करने वाले पिता के समान माताएँ भी दो थी। अतः दोनों माताओं के आधार पर उनके नाम प्राप्त होते हैं--यशोदानन्दन, यशोदापुत्र यशोदालाल (लला) यशोदसुअन (सुवन) यशोदासुत, देवकी नंद। देवकीपुत्र देवकीलाल आदि।

(ग) जाति या कुल सम्बन्धी--जहाँ परिवार एवं समीप निवासियों में माता पिता के आधार पर नाम का व्यवहार होता है वहीं कुलेतर समाज में वे जाति या कुल सम्बन्धित नाम प्रचलित हो जाते हैं। कृष्ण के लिए साहित्य में प्रयुक्त नाम दर्शनीय है--यदुनाथ, यदुपति यादवपति, यादव आदि।

(घ) किशोर कौतुक विनोद सम्बन्धी--कृष्ण ने बचपन में अनेक आश्चर्यजनक कार्य किये। उसमें उन्होंने कहीं क्रीडा की तो कहीं गुप्त रूप धारण कर सभी को आश्चर्यचकित किया। इनके आधार पर उनके चीर हारी लीलाहारी (लीला मोदन वाला) चुडिहारी, वैद्य आदि रूप प्राप्त होते हैं।

(ङ) रूप गुण सम्बन्धी--कृष्ण के रूप एवं गुण सम्बन्धी नाम, उनके रूप तथा जीवन कार्य एवं प्रभाव से सम्बन्धित हैं। जैसे--श्याम घनश्याम, श्यामसुन्दर कृष्ण मुरलीधर गोवर्द्धनधारी गिरिधर गिरिधारी, जल विहारी वंशीधर नटवर दामोदर मोहन मनमोहन, मदनमोहन दीन बन्धु करुणासिंधु आदि।

(च) वस्त्रालंकरण सम्बन्धी--वस्त्र और अलंकार के प्रभाव के कारण ऐसे नाम रख लिए जाते है। यथा--पीताम्बरधारी, मुकुटधारी शंखधारी, चक्रधारी आदि।

(छ) गोप गोपी सम्बन्धी--गोप गोपियों से अत्यधिक प्रेम एवं उनसे सम्मानित होने के कारण ऐसे नामों से कृष्ण अभिहित किये जाते है। जैसे--

गोपेश, गोपश्वर गोपीपति, गोपी वल्लभ गोपीनाथ आदि ।

(ज) राधा सम्बन्धी–राधा से अत्यधिक प्रेम होने के कारण राधा-प्रिय या पति रूप में मानकर उनके अनेक नाम दिये गये हैं। जैसे–राधा मोहन, राधेमोहन राधाप्रिय राधेश राधेकृष्ण, राधावल्लभ आदि ।

(झ) मित्रता सम्बन्धी–अर्जुन के मित्र होने के कारण अर्जुन के द्वारा ही इन्हें सखा नाम से सम्बोधित किया गया है।

(ट) शत्रु सम्बन्धी–समाज विरोधी कार्य करने वाले कंस और उसके सहयोगियों का विनाश करने के कारण इन्हें उन सभी का शत्रु कहा जाता है–कंसारि अरि सूदन आदि ।

(ठ) स्थान सम्बन्धी–चूंकि जन्म या क्रीडा स्थान से व्यक्ति का अत्यधिक प्रेम होता है साथ ही व्यक्ति के प्रभाव के कारण स्थान और व्यक्ति के गुणादि में मिलकर नाम रख लिये जाते हैं। ऐसे नामों की साहित्य में भरमार है–कुंजविहारी, बनवारी, विपिनविहारी, ब्रजराज, ब्रजेश ब्रजेश्वर वृन्दावन विहारी द्वारकाधीश आदि ।

(ड) गाय सम्बन्धी–श्रीकृष्ण के जीवन का गायों से घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है। कहीं कहीं अलौकिक अर्थ में 'गो' इन्द्रियों का वाचक होकर इसका प्रयोग संयमी विष्णु के लिए किया गया है, परन्तु लौकिक अर्थ में गाय को चराने के कारण कृष्ण के उनसे सम्बन्धित अनेक नाम प्राप्त होते हैं–गोपाल गोचारक गोचारी धेनुचरैया गोविन्द गोपति, गोपेश आदि ।

(ढ) मिश्रित–एकाधिक वर्गों से सम्बन्धित कुछ नामों का यत्र तत्र उल्लेख है। जैसे–लक्ष्मी और रूप को मिलाकर श्रीकृष्ण अथवा सम्मान सूचक श्री शब्द और रूप सम्बन्धी कृष्ण को मिलाकर 'श्रीकृष्ण' शब्द का व्यवहार किया गया होगा। इसी प्रकार रूप और गाय सम्बन्धी वर्ग से मिलकर कृष्ण गोपाल शब्द भी उनके लिए प्रयुक्त होता है।

इन लौकिक और अलौकिक नामों के अतिरिक्त विशेषणादि भी नाम की भांति प्रयोग होने लगे जिनमें अधिकांश का उल्लेख ऊपर कर चुके हैं। बस उनके अनन्त प्रभाव को देखते हुए अनन्त नाम हैं जो अन्य साहित्यों एवं जनमानस में न्यून रूप में व्यवहृत हैं। इनकी चर्चा करना अधिक तर्क-संगत नहीं है।

उपरिलिखित अभिधानों के अवलोकन से श्रीकृष्ण का अनन्त प्रभाव दर्शित होता है जिसकी पुष्टि भारतीय साहित्य एवं जनमानस में प्राप्त उनके विस्तृत निरूपण से हो जाती है।

कृष्ण के विविध रूप

श्रीकृष्ण के विविध रूप भारतीय साहित्य में प्रचुरता से प्रयुक्त किये गये हैं। वाङ्मय साहित्य के साथ भारतीय जनमानस उनके इन रूपों का सहज ही आस्वादन लिया करता है। जन्मभूमि ब्रज के समीप उनकी रूप राशि से रस गंगा अनवरत प्रवाहित है, जो वहाँ के निवासियों एवं पर्यटकों के हृदय को परितृप्त करती है। श्रीकृष्ण के उन रूपों का यहाँ उल्लेख अपरिहार्य।

(क) आयु सम्बन्धी—शिशु किशोर युवा एवं प्रौढ़ आदि रूप।

(ख) *सामाजिक रूप—पुत्र भ्राता, सखा प्रेमी (राधा के प्रेमी रूप में एवं अन्य गोपियों के प्रेमी रूप में)* पति पिता आदि रूप।

(ग) गुण कार्य सम्बन्धी रूप—नटवर गोपाल सहचर छलिया या चोर (माखनचोर चुरिहारी वस्त्र चीरहारी लिलहारी) लीलारूप (रास लीला वसन्तलीला फागलीला वंशीलीला पनघटलीला हिण्डोलालीला निकुंजलीला) जलविहारी सहपाठी उपदेशक नायक, रणछोड़ द्वारकाधीश, दूल्हा संगठनकर्ता कूटनीतिज्ञ, सारथी आदि रूप।

(घ) भावात्मक रूप—अबोध वत्सल शृंगारी, रौद्र उत्साही अद्भुत भक्त वत्सल शान्त आदि रूप।

(ङ) अलौकिक रूप—प्रलयोगेश्वर परम योगेश्वर ब्रह्म, अशरण शरणदाता, पतितपावन विराट अन्तर्यामी आदि रूप।

श्रीकृष्ण के इन विविध रूपों के अवलोकन से स्पष्ट हो जाता है कि मानव जीवन के सर्वांगीण विकास हेतु कोई भी पक्ष अछूता नहीं रह जाता। उनके इन रूपों का अवलोकन कृष्ण काव्य में व्यापकता से किया जा सकता है भारतीय साहित्य में ही नहीं समस्त कलाओं में भी इनके अधिकांश रूपों की सौन्दर्यमयी झाँकी उपलब्ध है। कृष्ण के नाम रूप गुणादि से परिचित हो जाने पर साहित्य में वर्णित कृष्ण के जीवन चरित्र पर विस्तृत विचार आगे किया जायेगा। □

सन्दर्भ ग्रन्थ

1 अमरकोश—प्रथम काण्ड प्रथम वर्ग श्लोक—18

2 कृष्ण पु०—कर्षत्यरीन् महाप्रभावशक्तया यद्वाकर्षति आत्मसात् करोति आनन्दत्वेन परिणमयति भक्तानां मन इति यावत्। कृषवर्णे इति बाहुलकात् वर्णम् विनापि नक णत्वं च। यद्वाकर्षति सर्वान् स्वकुक्षौ प्रलय काल कर्षणात् कृष्णो रमणाद् रामो व्यापनाद विष्णु इति श्रुतेस्तथात्वम्। हलायुध कोष पृ० 243

3 मानक हिन्दी कोश, पृ० 575
4 हिन्दी साहित्य कोश (भाग–2), पृ० 93
5 कृष्ण पृ० कृष+नक भगवतोऽवतार भेद दवकी नन्दते' कृषि-भू वाचक शब्द णच् निवृत्तिवाचक । 'तयोरक्य परब्रह्म कृष्ण इत्यभिधीयत इत्युक्ते परब्रह्माणि, वेदव्यासे अर्जुने मध्यम पाण्डवे च । कृष्ण वर्णत्वात कोकिले विश्व, काले वर्ये, शब्दर नीले, वर्णे अमर अशुभ कर्मणिच, द्रौपद्या, नीलीवृक्षे इत्यादि ।
–वाचस्पत्यम–तर्कवाचस्पति श्री तारानाथ महाचार्येण संकलितम तृतीय भाग पृ० 2210–2213
6 शब्द कल्पद्रुम–राजा माधव कान्तदेव बहादुरेण (द्वितीय काण्ड) पृ० 180 182
7 कल्याण– कृष्णांक' सम्वत 1988 पृ० 15
8 ब्रह्मवैवत पुराण 6/212 221 □

द्वितीय अध्याय

कृष्णकाव्य की परम्परा

(क) हिन्दी के पूर्ववर्ती साहित्य मे कृष्ण

वदिक वाड मय म कृष्ण का उल्लख किसी न किसी रूप म अवश्य प्राप्त है। यजुर्वेद मे पोडसकलायुक्त प्रजापति के प्रजा के साथ रमण करने का उ लेख है। वदो म गोपी व्रज रासलीला आदि शब्द व्यवहृत है। गोपथ ब्राह्मण क पूव भाग म कृष्ण के स्वरूप एव कर्मादि का स्पष्ट सकेत है।[1] ऋग्वेद क मण्डलो म चतुर्वेद स्वामी पण्डित नीलकण्ठ सूरि आचाय गुलाबराय एव राय चौधरी महोदय न कृष्ण के अस्तित्व को स्वीकार किया है। वदिक वाङ्मय मे कृष्ण की स्थिति का सक्षिप्त विवेचन प्रस्तुत है–

(अ) ऋग्वेद म श्रीकृष्ण–ऋग्वेद के अनक मत्रो मे 'कृष्ण' नाम का प्रयोग ऋषि रूप मे उल्लख है। वेद म ऋषि कृष्ण को अगिरस कहा गया है। आचाय सायण न भी अष्ट मण्डल के सूक्त 85 का भाष्य करते हुय कृष्ण का अगिरस माना है।[3] सूक्त 86, 87 के आधार पर वेदाथ दीपिकाओ म कृष्ण को अगिरस माना गया है। कौशीतकी ब्राह्मण मे कृष्ण को अगिरस का शिष्य माना गया है।[4] छान्दोग्योपनिषद् म यही अगिरस कृष्ण देवकी पुत्र के रूप मे वर्णित है।[5] इस प्रकार यह बात स्पष्ट हो जाती है कि अगिरस ऋषि क शिष्य ऋग्वेद के म त्रो म ऋषि कृष्ण देवकी पुत्र श्रीकृष्ण ही है। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल न उक्त प्रमाणो क आधार पर श्रीकृष्ण को एक महान ऋषि माना है।[6] ऋग्वेद क मन्त्रो द्वारा यह स्पष्ट है कि इस युग म गोपालन का प्रचलन था, जिन्हे अचनापूवक प्राप्त किया गया था।[7]

ऋग्वेद मे अनेक स्थलो पर गाय और ब्रज शब्द का उल्लेख मिलता है।[8] अगिराओ को देवताओ न गायें प्रदान की– यद्धत्याभगिरोभ्यो धनु देवाऽदत्त [9] जिनकी कामना अगि ऋषियो द्वारा की गई थी।[10]

भगवान विष्णु को गोपालक आदि अनक नामो स अभिहित किया गया है जिसम अवतारी कृष्ण के गोप्रेम का पुष्ट आधार प्राप्त है–

(क) विष्णुर्गोपा परम पातिपाथ

(ख) या गवा गोपतिवशी,

(ग) त्वाभि मे गोपतिम् विश्वमाह ।[11]

पुराणो मे कृष्ण विष्णु के अवतार माने गये है और उनका जन्म वृष्णि वंश में माना गया है जिसका ऋग्वेद में उल्लेख है तथा विष्णु श्रीपति, लक्ष्मीपति राधापति आदि नामों से अभिहित किये गये हैं ।[12] अन्यत्र अनेक स्थलों पर विष्णु के लिये राधापति का प्रयोग है ।[13] षष्ठ मण्डल में उल्लेख है कि दस्यु का हनन करने वाला व्यक्ति गोयुक्त व्रज को जाता है—'व्रज गोपत दस्युह्यागमत ।[14] श्रीकृष्ण का जन्म गोयुक्त व्रज मे हुआ था । श्रीमद्भगवद्गीता मे श्रीकृष्ण के अवतार का हेतु दुष्टों का विनाश और धर्म की स्थापना के लिये युग-युग में जन्म लेना है ।[15]

ऋग्वेद मे यमुना, गो एवं 'राधा कृष्ण' का उल्लेख मिलना भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं है—'यमुनायामाधि श्रुतमुद्राधोगव्यम मजे ।'[16] यही नहीं, ऋग्वेद में कृष्ण और इन्द्र के युद्ध का उल्लेख भी है जिसमें कृष्ण अंशुमती नदी के किनारे इन्द्र के विरुद्ध सेना लेकर खडे होते हैं ।[17] इस घटना तथा व्रजवासियों द्वारा इन्द्र की पूजा का परित्याग, इन्द्र कोप आदि लोक प्रचलित कथा में पर्याप्त साम्य है । ऋग्वेद मे 'यदु' शब्द का प्रयोग भी श्रीकृष्ण के वंश का संकेत करता है जो समुद्र के पार निवास करते थे । पुराणादि में यही यदु शब्द जातिवाचक हो गया । ऋग्वेद में भगवान विष्णु की माधुर्यभाव से स्तुति की गयी है जिसमें वायु और नदियों के मधुवर्षण से औषधियों, उषा पृथ्वी की रज आकाश, वनस्पति, सूर्य एवं गायों के मधुर होने का स्पष्ट उल्लेख है—

मधुवाता ऋतायते मधुक्षरन्ति सिंधव ।
माह्वीन सन्तोषधि,
मधुनक्त मुतोपसो मधुमत्पार्थिवरज ।
मधुद्यौरस्तु न पिता,
मधुमान्नोवनस्पतिममधुमा अस्तु सूर्य ।
माध्वीर्गावो भवन्तु न ।।
मधुवाताऋतायते मधुस्क्षरन्ति सिन्धव
श नो इन्द्रो वृहस्पति श नो विष्णुरुरुक्रम ।।[19]

यही कारण है कि विष्णु के अवतारी श्रीकृष्ण माधुर्यभाव से युक्त हैं और सम्पूर्ण कृष्ण साहित्य माधुर्योपासना से परिपूर्ण है जिसमें श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की प्रधानता है । ऋग्वेद में भगवान विष्णु की शिशु रूप में की गयी स्तुति का उल्लेख है—

शिशु जनान हरि मज्जन्ति ।'[20]

यहाँ ईश्वर को अनेक नामो से सम्बोधित किया गया है ।[21]

इस प्रकार ऋग्वद म श्रीकृष्ण के माधुयभाव युक्त वालस्वरूप, सखा गोपालक तथा दुष्ट विनाशक रूपो का बहुश उल्लेख है ।

(आ) यजुर्वेद मे श्रीकृष्ण—यजुर्वेद के कुछ मन्त्रों में श्रीकृष्ण का सकेत प्राप्त होता है । इसमें हरि को गोपति एव सवश्रेष्ठ गोपति कहा गया है—

ध्रुवा अस्मिन गोपतौ स्यात बह्वीय जयानस्य पशुपाहि ।[22]

यजुर्वेद के हरि (ईश्वर) सर्वव्यापी ब्रह्मा, सविता वरुण, इन्द्र एव रुद्र हैं ।[23] उन्हे दिक्पति, पशुपति और पुष्टपति कहकर नमस्कार किया गया है ।[24] वे सम्पूर्ण देवताओ और भुवनो के स्वामी हैं ।[25] यहाँ ईश्वर चराचर जगत में व्याप्त है ।[26]

यह सर्वव्यापी ईश्वर चन्द्रमा की कान्ति से युक्त है, ओज और शक्ति का भण्डार है तथा अमृत स्वरूप है ।[27] यहाँ भी ब्रज का उल्लेख प्राप्त होता है ।[28]

इस प्रकार यजुर्वेद म कृष्ण के ईश्वरत्व रूप को सिद्ध करने वाले पुष्ट प्रमाण उपलब्ध है ।

(इ) सामवेद मे श्रीकृष्ण—सामवद म कृष्ण से सम्बन्धित अनेक सकेत हैं जिसमे उन्हे राधापति, अश्वपति गोपति आदि नामो से अभिहित किया गया है ।[29] उपास्यदेव राधापति के रूप म उनकी स्तुति की गई है । इसमे ब्रज और गायो का उल्लेख है ।

कृष्ण के समान हरि को भी रभाने वाली गायो के समीप आना वर्णित है । हरि को सुसख्य अद्वितीय व सखा कहा गया है—

सूरो योगासु गच्छति सखा सुरेषा अद्वयु ।[3]

(जो गायो के मध्य जाता है वह सखा, सुसख्य और अद्वितीय है) ।

इस प्रकार सामवद म भी राधापति अश्वपति गोपति के रूप म उनकी स्तुति तथा व्रज एव गाय के वणन से उनके देवकी पुत्र रूप की पुष्टि होती है ।

(ई) अथववेद मे श्रीकृष्ण—अथववेद म ईश्वर की सव यापकता एव उनके अदभुत कार्यो का वणन है । ईश्वर ने स्वय को गोपति स्वीकार किया है ।[31] ऋषियो को नमस्कार किया गया है,[32] जिनमें अगिरा ऋषि प्रमुख हैं । अथववेद के अनुसार ईश्वर सवशक्तिमान है और सभी उसकी आज्ञा का पालन करते ह ।[33]

ईश्वर को सवशक्तिमान, परम बन्धु और सत्पथ सखा माना गया है ।[34]

अथर्ववेद म भक्ति के साथ मित्र भाव में ईश्वर के गोपा रूप का उल्लेख मिलता है जिसमें भक्तगण, ईश्वर की भक्ति प्राप्ति करने के उद्देश्य स आराधना करते है। यहाँ ईश्वर को श्याम कहकर सम्बोधित किया गया है–[35]

इसमें श्रीकृष्ण क सवशक्तिमान रक्षक एव मित्र आदि विभिन्न स्वरूपा का उल्लेख है। श्रीकृष्ण के गुरु घोर आंगिरस' व्रज, घास, गाय, बछिया आदि का उल्लख कृष्ण सम्बन्धी साहित्य के लिये महत्वपूर्ण है।

(उ) ब्राह्मण और आरण्यक ग्रन्थो मे श्रीकृष्ण–ब्राह्मण और आरण्यक ग्रन्था में वदिक मन्त्रा का विस्तृत विवेचन किया गया है। वैदिक युग की भक्ति भावना इस समय तक कमकाण्ड की ओर उन्मुख हो चुकी थी। फलस्वरूप ब्राह्मण ग्रन्था में यज्ञ और स्तुतियो का बाहुल्य है। इन ग्रन्था की रचना पुराणा में वर्णित आख्याना का आधार मानकर की गयी है, जिनमें ज्ञान विज्ञान और आय सस्कृति के साथ साथ श्रीकृष्ण लीला के बीज भी अकुरित हुए हैं। कौशीतकी ब्राह्मण में कृष्ण का उल्लेख मिलता है–

कृष्णो ह तदगिरसा ब्राह्मणदसीय तृतीय सवनम् ददश।[36]

शतपथ ब्राह्मण म कृष्ण को यज्ञ स्वरूप कहा गया है–

यज्ञोहि कृष्ण'[37]

ततरीयारण्यक म नारायण वासुदेव और विष्णु की उपासना का उल्लेख मिलता है–

नारायण विदमहे वासुदवाय धीमहि।
तन्नो विष्णु प्रचोदयात।[38]

इन ग्रन्था म ईश्वर के विभिन्न अवतारा यथा शतपथ ब्राह्मण में मत्स्यावतार[39] कूर्मावतार[40] एव वामनावतार[4] ततरीय ब्राह्मण म वाराह अवतार[4] का उल्लेख है।

उपयुक्त विवचन से यह स्पष्ट है कि ब्राह्मण और आरण्यक ग्रन्था म अवतार भावना का समुचित विकास हो चुका था, क्योंकि इन ग्रन्था म अवतार स्तुतियाँ प्राप्त होती हैं।

(ऊ) उपनिषदों में श्रीकृष्ण–उपनिषदा में ज्ञान कम उपासना क सिद्धान्ता का निदशन है। उपनिषदकारों ने अपनी क्षमता और शक्ति से चिंतन की विविध धाराओं को जन्म दिया है। उपनिषद दार्शनिक और चिंतन प्रधान हैं। व उपनिषद जिनम श्रीकृष्ण स सम्बन्धित कथाएँ किसी-न किसी रूप में पायी जाती हैं, निम्न हैं–

1 छान्दोग्योपनिषद	2 महानारायणोपनिषद
3 नारायणोपनिषद	4 वासुदेवोपनिषद
5 कृष्णोपनिषद	6 गोपलतापिनी (पूर्वभाग उत्तर भाग)
7 राधोपनिषद	8 राधिकातापनीयोपनिषद

वैदिक साहित्य का छान्दाग्योपनिषद में सबसे प्रामाणिक उल्लेख है। छान्दाग्य में श्रीकृष्ण दवकी पुत्र हैं और उनके गुरु आगिरस हैं।[43]

दवकी पुत्र श्रीकृष्ण के लिए घार आगिरस ऋषि ने शिक्षा दी है कि यदि मनुष्य का अन्त समय आवे तो उसे तीन वाक्यों का उच्चारण करना चाहिये—हे ईश्वर! तू अक्षय है, तू अविनाशी है तू एक रस है एव तू प्राणियो का जीवनदाता है। श्रीकृष्ण ऐसी शिक्षा पाकर पूर्ण हो गये।

महानारायणोपनिषद में ब्रह्म की अनन्त विभूतियो का उसके सगुण निर्गुण दोनो रूपों में विवेचन है।[44] परब्रह्म के साकार और निराकार उभय स्वरूप इस उपनिषद में स्वभाव सिद्ध स्वीकार किये गये है।[45] अनन्त शुद्ध सत्त्वमय नारायण, लीलामय और मायामय होकर सयुक्त हो जाते है। सम्पूर्ण चराचर जगत का सहार एव सजन का हेतु नारायण को ही माना गया है। इसमें ससार से मुक्ति के उपाय और उसके स्वरूप का वर्णन है। षष्ठ अध्याय में मोक्ष मार्ग एव उपासना की अनेक विधियो का उल्लेख है। सप्तम अध्याय में कृष्ण को अनेक नामों से विभूषित किया गया है। जैसे—गोपीजन वल्लभ गोपाल चूडामणि, वासुदेव केशव नारायण माधव, गोविन्द विष्णु मधुसूदन श्रीधर दामोदर सकर्षण अच्युत देवकी पुत्र, जनार्दन, उपेन्द्र हरि आदि।

महानारायणोपनिषद म सगुण ब्रह्म के प्रति पूर्ण आस्था विद्यमान है। यहाँ नारायण जो परात्पर ब्रह्म है के रूप में कृष्ण को स्वीकार किया गया है। इस उपनिषद में प्रस्तुत श्रीकृष्ण के रूप का आकलन करने से स्पष्ट हो जाता है कि इसमें उन्हे पूर्ण ब्रह्मत्व प्राप्त हुआ।

'नारायणोपनिषद' में भी देवकी पुत्र श्रीकृष्ण का उल्लेख है। उन्हे मधुसूदन पुण्डरीकाक्ष और अच्युत कहा गया है।[46] यहाँ ब्रह्म के साकार एव निराकार दोनो रूपो में सामञ्जस्य स्थापित किया गया है।

कृष्णोपनिषद मे वृन्दावन कृष्ण बलराम देवकी एव गोप गोपिकाओ का आध्यात्मिक प्रतीको द्वारा वर्णन किया गया है। वसुदेव, देवकी कृष्ण बलराम सभी वेद के स्रोत है। देवकी ब्रह्मपुत्री वसुदेव वेद और कृष्ण बलराम वेदार्थ है।[47]

लीला रूपधारी गोप कृष्ण साक्षात परब्रह्म हैं–

"गोप रूप हरि गानात्माया विग्रह धारणा ।"[49]

प्रस्तुत उपनिषद में गोपियों और गायों को वेद ऋचाओं का रूप प्रदान किया गया है–

"गोप्यो गाव ऋचस्तस्य ।"[50]

वृन्दावन स्थली में गोप गोपिकाओं के साथ क्रीड़ा करने वाले कृष्ण देव रूप में उत्पन्न हुए हैं एवं वेद उनकी स्तुति करते हैं। कृष्णोपनिषद में प्रयुक्त रूप के आधार पर ब्रह्मा-लकुटी, रुद्र, वंशी, देवराज इन्द्र-शृंग (शृंगी बाजा) गोकुलवन-वैकुण्ठ द्रुम तपस्वी महात्मा, बलराम शेषनाग और सनातन ब्रह्म श्रीकृष्ण ही हैं। इस उपनिषद् में श्रीकृष्ण को ब्रह्मत्व का रूप प्रदान करते हुए उनसे सम्बन्धित जिन पात्रों का प्रतीक रूप में प्रस्तुत किया गया है वे सभी साभिप्राय एवं उपयुक्त हैं।

'गोपालतापिनी' उपनिषद के पूर्वभाग में भी कृष्ण के ब्रह्मरूप का उल्लेख है। गोप वंश उद्भूत श्रीकृष्ण कल्पवृक्ष के नीचे बैठे हैं, वे श्याम वर्ण के हैं उनके अंग प्रत्यंगों से आभा फूट रही है वे चराचर सृष्टि के स्वामी हैं तथा यमुना के चंचल लहरों को चूमकर शीतल मंद, सुगंधित पवन उनकी सेवा में सुखानुभूति कर रहा है।'[51] ब्रह्माजी श्रीकृष्ण की महिमा का वर्णन करते हुए उन्हीं से आकाश और आकाश से वायु आदि की उत्पत्ति स्वीकार करते हैं।"[52]

आगे के अंशों में कृष्ण के विभिन्न नामों का उल्लेख है। उनके स्वरूप की महत्ता को स्वीकार करते हुए कृष्ण को विश्व का स्वरूप माना गया है। पालक एवं संहारकर्ता के रूप में वर्णन करते हुए उनकी वन्दना की गई है।'[53] यह उपनिषद् भक्ति भावना से ओत प्रोत है। इसमें वर्णित है कि श्रीकृष्ण का ध्यान मनन और चिन्तन करने से व्यक्ति सांसारिकता से मुक्त हो जाता है।'[54]

'गोपालतापिनी' उपनिषद् के उत्तर भाग में गोपालकृष्ण और उनके साथ सकाम ब्रजवासियों का उल्लेख है जिसमें गन्धर्वी श्रेष्ठ गोपी मानी गयी है–

"तासां मध्यहि श्रेष्ठा गन्धर्वी ।"[55]

भगवान कृष्ण स्थूल सूक्ष्म दो शरीरों के कारण हैं। अन्तःकरण में व्याप्त जीवभोक्ता हैं और उसका अंशी उपभोक्ता। अभोक्ता ही नित्य और अनन्त है–

स एव अव्यक्तोऽनन्तो नित्यगोपाल ।"[56]

भगवान कृष्ण नित्य हैं। उन्होंने शंख, चक्र और गदा धारण किया है। जीव ब्रह्म (कृष्ण) का अंश है। साधनारत साधक को सदैव यह ध्यान रखना चाहिए कि वह स्वयं अज मायापति है सनातन है अनिरुद्ध है बलराम है। यथा–

मायापति ह्यजो नित्य प्रद्युम्नाद् सनातन ।'[57]

समस्त सारभूत पदार्थों के संचय को मथुरा कहा गया है–

सत्सारभूत यद्यस्या मथुरा स निगद्यते।'[58]

राधोपनिषद में श्रीकृष्ण को परमदेव का रूप प्रदान किया गया है। वे सर्वेश्वर नित्य और अखिल ब्रह्माण्ड के अधीश्वर हैं। वहीं ज्ञान इच्छा संधिनी और आह्लादिनी शक्तियाँ प्रधान हैं और वही राधा हैं। श्रीकृष्ण और राधा एक दूसरे की आराधना में सदैव लगे रहते हैं। इसीलिए ये राधिका कहलाती हैं।[59] राधा की महानता को स्वीकारते हुए यह कहा गया है कि जो राधा का छोड़कर मात्र श्रीकृष्ण की उपासना करते हैं वे मूढ़ है।'[60]

राधिकातापिनीयोपनिषद में राधा को विशिष्ट और उच्चतम पद प्रदान करते हुए उपनिषदकार ने यह मान्यता स्थापित की है कि सृष्टि का उद्भव भी राधिका के द्वारा ही होता है। राधा परात्पर ब्रह्म की शक्ति से युक्त है। श्रीकृष्ण उन्हें एकान्त में पाकर उनकी चरण धूलि मस्तक पर धारण करते हैं। राधा और श्रीकृष्ण भिन्न शरीर वाले नहीं है। मात्र लीला के समय दो रूपों में व्यक्त होते हैं। रचनाकार की मान्यता है कि जो राधा और कृष्ण के सम्बन्ध में सुनता है पढ़ता है, अथवा स्मरण करता है वह निश्चय ही परमधाम को प्राप्त होता है।

महाभारत में श्रीकृष्ण

महाभारत में कृष्ण समस्त शास्त्रों के ज्ञाता कुशल राजनीतिज्ञ परम ज्ञानी और शूरवीर हैं। वहीं वे लौकिक मानव हैं और परब्रह्म परमेश्वर भी। इसमें श्रीकृष्ण चरित्र की प्रमुख घटनाएं वर्णित हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण के अवतार तथा वासुदेव स्वरूप का चित्रण है जो महाभारत का ही अंश है। आदिपर्व में श्रीकृष्ण नारायण के रूप में अवतीर्ण हुए है।'[61] द्रौपदी स्वयंवर में पाण्डवों से श्रीकृष्ण का मिलन अर्जुन का श्रीकृष्ण के पद ज म में सखा होने का वर्णन– आस्वाप्रिय सखायौ तौ नर नारायणवषी "[62] श्रीकृष्ण की सम्मति से अर्जुन द्वारा सुभद्रा का हरण और विवाह का

वणन[63] एव श्रीकृष्ण की सोलह हजार स्त्रियो का वणन है।"[64] महाभारत मे कृष्ण विलक्षण प्रतिभावान परमेश्वर्यवान परात्पर ब्रह्म रूप म प्रस्तुत ह।

पुराणों मे श्रीकृष्ण

वदिक साहित्य और महाभारत मे कृष्ण के बौद्धिक रूप की विशिष्टता है वेदा म ऋषि रूप म वे उपदेष्टा हैं तो महाभारत मे अजु न के सारथी है, तथा गीता मे कमयोग, नानयोग और भक्तियोग के उपदेष्टा हैं। पुराणा म श्रीकृष्ण अपूव आभा (सौ दय) से मण्डित आन द से परिपूण हैं। वे कहीं भक्ता म लीन हैं तो कही नानिया म। पराणो म वे योगिया के साध्य रूप म वर्णित हैं।

महाभारत के परिशिष्ट-हरिवश पुराण म श्रीकृष्ण के अवतार से स्वगरोहण तक की कथा का विवेचन पुराणा म भी है। पुराण साहित्य म यद्यपि सभी अवतारा का उल्लेख है, पर तु कृष्णावतार को प्रधानता दी गई है और उनक सम्पूण चरित्र की विवेचना की गई है। यही नहीं अनेक भाषाआ म कृष्णचरित्र का वणन पुराणा की देन है।

यह पुराण महाभारत के खिलपव' नाम से जाना जाता है। हरिवश पुराण म यदुवश के उदभव से लेकर पराभव तक का सक्षिप्त वणन है। यदुवश वणन म वसुदेव की 14 स्त्रिया का उल्लख है जिसम रोहिणी की सतानें"[65] तथा देवकी के आठवें पुत्र श्रीकृष्ण के ज म का उल्लेख है।"[66] इसम उनको ब्रह्म का पूण अवतार माना गया है। वर्णित कथानक के अनुसार नारद न विष्णु भगवान से राक्षसा के सहार क लिए अवतार धारण करन क लिए प्राथना की।[6] श्रीकृष्ण गोलोक के सर्वोच्च स्थान के निवासी हैं जो सभी लोका म श्रेष्ठ है।"[68] गोवधन धारण करने की कथा म नवीनता यह है कि इसम इन्द्र को श्रीकृष्ण क ज्येष्ठ भ्राता के रूप म उल्लिखित किया गया है।'[69] हरिवश पुराण म द्वारिकावासी श्रीकृष्ण के राम, विहार, कलि क्रीडा और शृगार का अनुपम चित्रण है। जल क्रीडा करते हुए गापियों ने जिस रूप मे उन्ह चाहा वे उसी रूप में दृष्टिगत हुए एव गापिया को उन्होंन वशीभूत कर लिया।'[70]

इस पुराण म व्रजवासी कृष्ण की हल्लीस क्रीडा अथवा रास लीला का विस्तृत विवेचन है। शरदकाल की पूर्णिमा की मनोरम आभा विद्यमान है उसमें कीडारत गापिया का देखकर उनके मन मे कामेच्छा जागृत हो जाती है।"[71] शरदऋतु की रात्रि म उन्होंन गापिया की मण्डली म अपूव आन द का आस्वाद लिया।"[72] पारिजात प्रकरण म सत्यभामा के अधिक क्रोधित

होने पर श्रीकृष्ण उन्हें प्रसन्न करने के लिए पारिजात वृक्ष लाकर देने का आश्वासन देते हैं। [73] हरिवंश पुराण में उनको अवतार रूप में प्रस्तुत करने के बाद भी उनके चरित्र में अलौकिकता और सूक्ष्मता के स्थान पर पार्थिव एवं ऐन्द्रिय रूप ही दृष्टिगत होता है। कहीं कहीं अश्लील रति क्रीडाओं का वर्णन भी है।"[74] इस ग्रंथ के बीस अध्यायों में श्रीकृष्ण का उल्लेख है जिसमें उनके दुष्ट दलन रूप की प्रधानता है। उन्होंने शकट, पूतना यमलार्जुन धेनुक प्रलम्ब केशी आदि का वीरतापूर्वक वध किया है। इसमें वृन्दावन प्रवेश गोवर्धन धारण एवं हल्लीस क्रीडा का भी सुन्दर वर्णन है।' [75]

पद्मपुराण के सृष्टि खण्ड में श्रीकृष्ण के जन्म की कथा है।"[76] इसमें गोप गोपिकाओं की विस्तृत सूची है तथा उनके रूप स्वभाव वेश भूषादि की विस्तृत विवेचना है। राधा और चन्द्रावली की प्रतिद्वन्द्विता भी इस पुराण में उल्लिखित है [77] पाताल खण्ड के 69 से 83 अध्याय तक में उनकी तथा वृन्दावन आदि स्थानों की विशेषताओं का उल्लेख है। अध्याय 90 में स्वर्ग से सत्यभामा के लिए कल्पवृक्ष लाने[78] सत्यभामा–सम्वाद[79] तथा गीता के अठारह अध्यायों के माहात्म्य[80] का वर्णन है। इसी पर्व में मत्स्य कूर्म वाराह नृसिंह वामन, परशुराम और राम आदि अवतारों की कथाएं वर्णित हैं। [81] इसमें श्रीकृष्ण चरित्र से सम्बन्धित अन्य अनेक कथाएं भी हैं।"[82] श्रीकृष्ण सम्बन्धी विभिन्न घटनाओं और उनके भावात्मक चरित्र का जिस रूप में वर्णन किया गया है उसका बहुत कुछ प्रभाव परवर्ती साहित्य के कृष्ण भक्त कवियों पर पड़ना स्वाभाविक ही था।

'ब्रह्मवैवर्त पुराण' में श्रीकृष्ण लीलाओं का सविस्तार वर्णन है। यह पुराण सभी पुराणों का सार है। इसमें उनका पूर्ण ब्रह्म रूप में वर्णन है। चतुर्थ अध्याय के श्रीकृष्ण जन्म खण्ड में उनकी लीलाओं से सम्बन्धित प्रचुर सामग्री प्राप्त है। श्री राधा मन्दिर का पाँचवें अध्याय में उल्लेख है जिसमें ब्रह्मादि देवों ने उनकी स्तुति की है और उन्हें सगुण निर्गुण एवं साकार निराकार ब्रह्म माना है। [83] राधा कृष्ण के अभेद रूप और उनके साहचर्य का तर्क संगत उल्लेख है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि दोनों की अभिन्नता के कारण ही सृष्टि संरचना हुई है।'[84] श्रीकृष्ण जन्म और जन्मोत्सव का स्वाभाविक चित्रण है। उनके जन्मोपरान्त गर्ग ऋषि द्वारा आकर कृष्ण का नामकरण करते हैं और उन्हें पूर्ण ब्रह्म के गुणों से युक्त स्वीकार करने का उल्लेख है। कृष्ण शब्द की व्याख्या करते हुए

पुराणकार ने क' को ब्रह्मवाचक 'ऋ' को अन त वाचक, 'ष' को शिव वाचक, 'ण' को विष्णुवाचक और विसग का नर-नारायण वाचक माना है। श्रीराधा के साथ सयुक्त श्रीकृष्ण को अनेक नामो से सम्बोधित किया गया है।"[85] राघा कृष्ण के विवाह सस्कार का चित्रण इस पुराण की अपनी विशेषता है। विवाह के समय में होने वाली प्रदक्षिणा और वेद मन्त्र पाठ का भी वणन है। यहाँ राधा द्वारा कृष्ण के गले में जयमाल पहनाने एव उनकी रतियुद्ध का वणन मिलता है।'[86]

ब्रह्मववत पुराण के अध्याय–16 मे अनेक राक्षसा के सहार अध्याय–19 में कालियदमन अध्याय–21 मे इन्द्र-यज्ञ भजन एव गोवधन धारण, अध्याय–22 मे धेनुक वध तथा अध्याय–28 म रास क्रीडा का वणन है जो अन्य पुराणा म भी प्राप्त है। रासलीला प्रसग घोर अश्लील रूप म वर्णित है। इसमें श्रीकृष्ण के मथुरा गमन से लेकर उनके स्वर्गारोहण तक सभी घटनाओ और कथाओ का उल्लेख है। अध्याय (3 से 71 तक कम द्वारा देखे गये दुस्वप्न और कृष्ण का ब्रज से मथुरा के लिए प्रस्थान का मार्मिक चित्रण है। अध्याय 72 म कुब्जा वणन, 73व अध्याय मे कस वध तथा श्रीमदभगवदगीता के समान ससार की असारता तथा उनके ब्रह्मत्व एव शक्ति का निदशन है। श्रीकृष्ण के वियोग मे गोपियो की बडी दयनीय दशा हो जाती है। यह सूचना मिलते ही वे अपन सखा उद्धव को गोपियो को सान्त्वना देने के लिए गोकुल का प्रेषित करते हैं। अध्याय–99 मे कृष्ण बलराम उपनयन 102 म विद्याध्ययन हतु गुरु गेह गमन, 104 मे द्वारका गमन तथा 102 से 109 तक रुक्मिणी विवाह का उल्लेख है। सूर तथा हिन्दी के अनेक कृष्ण भक्त कवियो पर इस पुराण का विशेष प्रभाव पडा है।

'ब्रह्मपुराण' क आलोचको ने इसे प्राचीनतम पुराण स्वीकार किया है। इसम कृष्णावतार प्रयोजन के साथ सम्पूण कृष्ण के चरित्र का सक्षिप्त रूप से उल्लेख मिलता है। यथा–कस द्वारा दैत्या को बाल वध का आदेश तथा विभिन्न राक्षसो का सहार कृष्ण की बाल लीला, गोवधन धारण, चाणूर वध कस वध जरासन्ध युद्ध, रुक्मिणी हरण, पारिजात हरण कृष्ण अदिति सवाद द्वारका-त्याग यदुवश त्याग, आभीर अजुनयुद्ध परीक्षित राज्याभिषेक एव पाण्डव गमन आदि। इसमे पूणरूपेण कृष्ण के ब्रह्मत्व की स्थापना है।

वायुपुराण मे श्रीकृष्ण साक्षात परब्रह्म तथा राधा उनकी लीला विस्तारक सहचरी हैं। उनक पीताम्बर और मोर मुकुट धारक एव गोपालक रूप का चित्रण है। माकण्डेयपुराण' म भी उनके अवतार और बाल लीला

तथा मथुरा एव द्वारका के कार्यों का उल्लेख है। गरुडपुराण' म कृष्ण एव उनके लीलाओ का सक्षिप्त उल्लेख है। मत्स्यपुराण' के अध्याय 251 के श्लोक 43 45 46 मे यदुवश तथा वृष्णि वश का वणन है। इस पुराण में कृष्ण-ज म के विषय म यह उल्लिखित है कि महादेवाधिदेव श्रीकृष्ण का अवतार विहार करने के लिए हुआ था—

> *अथ देवो महादेवा पूण कृष्ण प्रजापति ।*
> विहाराय सदेवेशो मानुषेष्विह जायते ।।[87]

कृष्णावतार के सम्बन्ध म मत्स्यपुराण तथा गीता के प्रस्तुतीकरण म समानता है।[88] इसके अनुसार भगवान श्रीकृष्ण सम्पूण सृष्टि के आधार, निगु ण निराकार एव निर्विशेष है। [89]

विष्णुपुराण के चौथ और पाँचवें अश म श्रीकृष्ण के सम्पूण चरित्र की विशद विवचना है। अग्निपुराण' म भी कृष्णावतार, यदुवश एव देवकी क गभ से वासुदेव की उत्पत्ति का उल्लेख मिलता है। नारद पुराण म राधा कृष्ण के तात्विक रूप को प्रस्तुत किया गया है। इसम श्रीकृष्ण को अखिल सृष्टि की उत्पत्ति का कारण स्वीकार किया गया है। 'शिवपुराण म राधा कृष्ण का उल्लेख है जिसमे गोलोकवासिनी राधा के गुप्त स्नेह करने से भावी पत्नी (कृष्ण की) होने का उल्लेख है।

> कलावती सुता राधा साक्षात गोलोक वासिनी।
> गुप्त स्नेह निबद्धा सा कृष्णपत्नी भविष्यति ।।[90]

'शिवपुराण मे श्रीकृष्ण द्वारा शिव की तपस्या तथा उनसे अभीष्ट वर प्राप्त करने का भी उल्लेख है।[91] लिंगपुराण' म कृष्ण उनकी 16 हजार पत्नी एव प्रद्युम्न आदि अनेक पुत्रों का विवरण है। इसम भी श्रीकृष्ण को *विष्णु का अवतार माना गया है।[92] यहाँ भक्ति तत्व की प्रधानता है,* विशेषकर नवधा भक्ति और उनकी महिमा की।

वामन पुराण' म श्रीकृष्ण चरित्र का विस्तृत उल्लेख मिलता है। इसम भी उन्हें गोविन्द गुणातीत सनातन और परात्पर ब्रह्म माना गया है।[93]

'भागवतपुराण' म महाभारत से लेकर अन्य पुराणों मे श्रीकृष्ण सम्बन्धी जो कुछ भी वर्णित है, सभी का समन्वित रूप भागवत मे देखने को मिलता है। श्रीमदभागवत के अनुसार ईश्वर के सभी अवतारों मे केवल श्रीकृष्ण ही पूण परात्पर ब्रह्म है अन्य सभी अशावतार हैं।

एतेचाशकला पुस कृष्णस्तु भगवान स्वयम ।"[94] भागवत म कृष्ण के असुर सहारक, राजनीतिक कूटनीतिज्ञ, योगेश्वर परात्पर ब्रह्म,

वाल क्रीडारत रास लीलारत एव अन्य घटनाओं का विस्तृत विवेचन है। सभी तथ्यों के वर्णन मे श्रीकृष्ण की प्रधानता है। दशम स्कन्ध के पूर्वार्द्ध मे कंसादि अनेक असुरो का वध बाललीला के अन्तर्गत किया गया है। उत्तरार्द्ध म अनेको महान् राजनीतिज्ञ पराक्रमी योद्धा एव उनसे सम्बन्धित विभिन्न अलौकिक घटनाओ का उल्लेख है। उसम वर्णित कृष्ण चरित्र का उल्लेख करते हुए डा० गिरधारी लाल शास्त्री ने लिखा है—

"भागवत का कृष्ण सब कलाओ मे पूर्ण है। वह वेदान्त सुनाता हुआ भी असुरो का सहारक है। क्षात्र तेज धारण करता हुआ मोहन है। गाम्भीर्य का सागर होते हुए भी मुरली बजाता नाचता गाता हसता है। योगेश्वर होकर भी रसिकेश्वर है। न जाने कितने भक्त उसकी इन अनोखी बालछवि पर मुग्ध हैं। कृष्ण के भक्तों को उनका मोर मुकुट पीतम्बर-धारी रूप ही सर्वाधिक प्रिय है।"[95]

भागवत म भक्ति के सारगर्भित रूप का विवेचन करते हुए उसके तीन रूपो-विशुद्ध भक्ति, नवधाभक्ति और प्रेमाभक्ति का उल्लेख है। भक्ति-ज्ञान योग तप, दान स्वाध्याय एव धर्म सबसे विशिष्ट भक्ति को स्वीकार किया गया है। ज्ञान और भक्ति का सामजस्य स्थापित करते हुए यह स्पष्ट किया गया है कि दोनो म तात्विक अन्तर नही है। यहाँ उनके अवतार से स्वर्गारोहण तक की कथा का विशद विवेचन है। उनके ब्रह्मत्व और समस्त चरित्र का जितना विस्तृत विवेचन इस पुराण में हुआ है उतना अन्यत्र नहीं।

लौकिक सस्कृत साहित्य मे श्रीकृष्ण

लौकिक सस्कृत साहित्य वैदिक पौराणिक साहित्यिक प्रवृत्तियों से पूर्ण प्रभावित है। पुराणेतर कृष्ण सम्बन्धी अनेक ग्रन्थो पर दृष्टिपात करने से यह स्पष्ट हो जाता है कि ये ग्रन्थ पुराण एव महाभारत के कथानक पर आधारित हैं। ईसापूर्व रचित सस्कृत ग्रन्थो म श्रीकृष्ण के मानवीय पक्ष का विवेचन प्रारम्भिक व्याकरण काव्य चम्पू काव्य एव नाटकों म प्राप्त होता है। इन ग्रन्थो के अवलोकन से यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि श्रीकृष्ण परम तत्व जगत सृष्टा एव रक्षक के रूप म प्रस्तुत किये गये हैं। पाणिनि के अष्टाध्यायी म वासुदेव[96] का उल्लेख है।

पतञ्जलि ने अर्जुन वासुदेव दोनो का उल्लेख किया है। इसमे कंस वध का भी वर्णन है।[97] प्रसिद्ध नाटककार भास ने 'व्यायोग दूतवाक्य एव बालचरित्र म श्रीकृष्ण के चरित्र का उल्लेख किया है। अश्वघोष के बुद्ध चरित्र म श्रीकृष्ण की लीला माधुरी का उल्लेख है।[98]

महाकवि कालिदास ने 'मेघदूत' में 'गोपवेशस्य विष्णो' एवं 'कुमार सम्भव' में 'कृष्णेन देहोदहनाय शेष' के द्वारा श्रीकृष्ण की ओर सकेत किया है। भट्टनारायण कृत 'वेणीसहार' मे द्रोपदी अपमान के समय श्रीकृष्ण का दूत रूप मे वर्णन है। माघ ने 'शिशुपाल वध' मे श्रीकृष्ण का उल्लेख किया है। 'ध्वन्यालोक' और 'नलचम्पू' में भी राधा और श्रीकृष्ण प्रेम का चित्रण किया गया है। शिशुपाल की टीका एवं 'यशस्तिलक चम्पू' में कृष्ण गोपी प्रेम तथा श्रीकृष्ण के राधा वल्लभ स्वरूप का उल्लेख है। क्षेमेन्द्र ने 'दशावतार चरित्र' में श्रीकृष्ण के पराक्रमी, वत्सल, दुष्ट दमन आदि रूपों में विशद विवेचन किया है। परवर्ती साहित्य में कृष्ण के ब्रह्मत्व के साथ उनके माधुर्य रूप का विकास हुआ। लीला शुककृत 'श्रीकृष्ण कर्णामृत स्त्रोतम' में भक्ति भावना से परिपूर्ण श्रीकृष्ण के प्रति समर्पण का भाव निर्दशित है। 'गीतगोविन्द' में जयदेव ने राधा माधव की केलि क्रीडाओं का रम्य श्रृंगारिक रूप चित्रित किया है 'सदुक्तिकर्णामृत' मे भी कृष्ण की ललित लीलाओं का उल्लेख मिलता है।

बगाल के वैष्णव कवियो के 'चम्पू काव्यों' में श्रीकृष्ण की श्रृंगार लीला का चित्रण है एवं भक्ति को स्थान दिया गया है। 'राघव माधव यादवीय काव्य' की रचना मे राम, पाण्डव और कृष्ण तीनो के जीवन चरित्र वर्णित हैं। विभिन्न ग्रन्थो मे प्राप्त कृष्ण चरित्र सम्बन्धी विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि 16वी शताब्दी तक सम्पूर्ण भारत में कृष्ण भक्ति का प्रसार हो चुका था। इन काव्यों में श्रीकृष्ण के मानवीय एवं लोकोत्तर दोनों रूप प्राप्त होते हैं।

पालि साहित्य मे श्रीकृष्ण

पालि की जातक कथाओं में विष्णु के अनेक रूपों का उल्लेख है। कृष्ण द्वयपायन जातक के अनुसार द्वयपायन तपस्वी नाम में मात्र कृष्ण का उल्लेख है जिन्हें 'कण्हदीपायन' (कृष्ण द्वयपायन) कहा गया है।[99] लक्ष्मीजी के उल्लेख के साथ लक्ष्मीपति कृष्ण को विशिष्ट रूप में स्वीकार किया गया है।[100] सोननन्द जातक में वासुदेव का उल्लेख है जो सभी प्राणियो को विविध रूपों का दर्शन कराता है।[101] तेसकुण जातक में समस्त देवगणो के साथ ब्रह्मा का उल्लेख है जो दिव्यलोक को प्राप्त होते हैं।[102] घटजातक मे कृष्ण जीवन सम्बन्धी अनेक घटनाओं का वर्णन है जो भागवत् की कथा के समतुल्य है।

प्राकृत साहित्य मे श्रीकृष्ण

प्राकृत साहित्य म 'गाहा सतसई' (गाथा सप्तसई) म राधा कृष्ण, गापी और यशादा की मक्षिप्त कथाआ का उल्लेख है।'[103] विमल सूरि के हरिवश चरित' म कृष्ण कथा का समुचित विवचन है। शीलाचाय ने चयपन्नमहापुरिस चरिउ' म श्रीकृष्ण आर बलदेव की रोचक कथाएँ वर्णित है। सरस्वती कण्ठाभरण म भोजराज न सुन्दर छन्दो के माध्यम स राधा कृष्ण यशादा, रुक्मिणी से सम्बन्धित कथाओ को लौकिकता के आधार पर निरूपित किया है।'[104] हरिभद्र सूरि के 'नेमिणाह चरिउ' म श्रीकृष्ण को प्रभु' और देवत्व का रूप प्रदान किया गया है। मम्मट के काव्य प्रकाश म श्रीकृष्ण क लौकिक एव अलौकिक—दोनो रूप मिलते है।'[105] 'प्राकृत पैंगलम मे विष्णु शिव तथा कृष्ण की भक्ति से सम्बन्धित हैं जिसम श्रीकृष्ण पूण ब्रह्म रूप मे प्रस्तुत किय गये हैं।'[106] प्राकृत क अधिसख्या ग्रन्था मे लौकिक अथवा अलौकिक किसी न किसी रूप की कृष्ण सम्बन्धी कथाओ का उल्लख अवश्य है।

अपभ्रश साहित्य मे श्रीकृष्ण

अपभ्रश साहित्य म श्रीकृष्ण का विस्तृत वणन उपलब्ध है। स्वयभू कवि रचित अरिष्टनेमिचरित मे कृष्ण चरित्र का विस्तार स वणन है। आचाय गुणभद्र लिखित उत्तरपुराण श्रीकृष्ण क जीवन से सम्बन्धित महत्वपूण ग्रन्थ है, इसम प्राप्त कृष्ण सम्बन्धी घटनाएँ भागवत् और हरिवश पुराण पर आधारित है। कृष्ण के प्रति माता का वात्सल्य प्रेम उनकी नटखट वत्तिया एव शृगार रूप का सजीव चित्र प्रस्तुत है। इसी प्रकार पूतना वध, उलूख-बधन, गोवधन धारण कालिय दमन, कृष्ण गोपी विहार एव रास क्रीडा[107] के उल्लेख म स्वाभाविकता है। अपनी सजीवता और कवि कौशल क कारण तत्कालीन युग का बडा लोकप्रिय ग्रन्थ रहा है। शृगार रस म वणन कहा कही अश्लील हो गय हैं, क्याकि कवि कृष्ण के देवत्व रूप को छोडकर मानव मन की सहज अनुभूतिया को प्रस्तुत करने म सफल हुआ है। इस ग्रन्थ की वणन शली और विषयवस्तु को देखकर डा० शिवप्रसाद सिह ने स्वीकार किया है कि जैन कविया ने श्रीकृष्ण को ईश्वर रूप म स्वीकार नहीं किया है।'[108]

12वी शताब्दी म हेमचन्द द्वारा सकलित अपभ्रश के छन्दा म कृष्ण चरित्र का उल्लेख मिलता है। इनम कुछ छन्द स्तुतिपरक हैं और कुछ शृगारपरक। शृगार वणन मे कवि श्रीकृष्ण का पूण लौकिक रूप म प्रस्तुत

करता है। वे राधा के सौंदर्य सुषमा (विशेष रूप से पयोधर) को देखकर वशीभूत हो जाते हैं और कहते हैं कि मैं वही करूंगा जो राधा को अच्छा लगेगा—

हरि णच्चाविउ पगणहिं विम्हई पाणिव लोउ।
एम्वइ राह पओहरह ज भावइ त होउ॥

कवि सिंह ने 'पज्जुण चरिउ (प्रद्युम्न चरित्र) में प्रसंग रूप में कृष्ण को प्रस्तुत किया है जिसमें कृष्ण के अलौकिक रूप एवं उनकी वीरता का उल्लेख है। अपभ्रंश में रचित रचनाओं का अवलोकन एवं विवेचन करने से यह ज्ञात होता है कि इनकी प्रारम्भिक रचनाओं में कवियों द्वारा कृष्ण के लौकिक एवं श्रृंगारी रूप को ही लेकर रचनाएँ की गई हैं परंतु बाद में कृष्ण को विष्णु, लक्ष्मीपति आदि मानकर परमतत्व रूप प्रदान किया गया।

भारतीय ललित कलाओं में श्रीकृष्ण

भारतीय ललित कलाओं का विकास पर्याप्त प्राचीन है। यह हृदयगत अनुभूति की अभिव्यक्ति का कला सरल एवं रोचक उपाय है। भारतीय संस्कृति का कोई भी अंग कला क्षेत्र से अछूता नहीं रहा है। भगवान श्रीकृष्ण के समान व्यापक एवं असाधारण व्यक्तित्व वाला विश्व में कोई नहीं हुआ है। इसलिए कलाओं में उनका सम्बन्ध होना स्वाभाविक है। विदेशी आततायियों और हिन्दू संस्कृति के विरोधी तत्वों के द्वारा भारतीय कलाओं को नष्ट प्राय कर देने के बाद भी पुरातत्व विदों ने कृष्ण से सम्बंधित अनेक भग्नावशेषों की खोज निकाला है। मौर्यकाल के स्तम्भों एवं शिलालेखों पर दृष्टिपात करने से यह बात स्पष्ट हो जाता है कि इस समय वासुदेव कृष्ण के मन्दिर थे। मेगास्थनीज (300 ई० पू०) के विवरण के आधार पर उस समय शैव और वैष्णव—दो मत चल रहे थे। कृष्ण सर्वत्र पूज्य थे और उनके मंदिर भी थे।[109] ग्रीक लेखक कृष्ण को हरक्यूलियस के नाम से पुकारते थे। ऐसा उस समय के उल्लेख से ज्ञात होता है।[110]

गुप्त वंश के सम्राट चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने भी श्रीकृष्ण के जन्म स्थान पर एक विशाल एवं भव्य मंदिर का निर्माण कराया था।'[111] भिटारी का स्तम्भ लेख, जिसमें जितसित परितोषात्मार साश्रुनेत्र हरि पुखि कृष्णा देवकी भन्युयत अंकित है।[112] तात्पर्य यह है कि स्कंदगुप्त पुत्र वियोग से व्यथित माता पिता से उसी प्रकार मिले, जैसे कृष्ण शत्रुओं

को नष्ट करके देवकी से मिले थे। कण्ववंशीय राजा सवतात' के द्वारा निर्मित मंदिर का उल्लेख चित्तौडगढ के समीप 'नगरी' के शिलालेख में है जिसमें भगवान संकर्षण और वासुदेव की प्रतिमाएँ अंकित हैं। मथुरा के एक शिलालेख द्वारा यह पता चलता है कि 'वसु नामक व्यक्ति द्वारा मथुरा जन्मस्थली में भगवान वासुदेव के मंदिर का निर्माण कराया गया था। सारनाथ संग्रहालय में श्रीकृष्ण की गोवर्धन धारी प्रतिमा शौर्य और ओज से परिपूर्ण है जो काशी के एक टीले के पास मिली थी।"[113] मथुरा संग्रहालय में स्थित मूर्ति (संख्या 1344) के द्वारा कृष्ण के नवजात शिशु रूप का संकेत मिलता है परन्तु यह मूर्ति खण्डित है। 'आर्कियोलाजिकल सर्वे रिपोर्ट में "तुमेन /ग्वालियर) की विन्ध्यवासिनी देवी का उल्लेख करते हुए कृष्ण के आरम्भिक जीवन की अनेक घटनाएँ अंकित हैं।"[114]

राजस्थान में दूसरी से पाँचवीं शताब्दी तक निर्मित मंदिरों में वासुदेव द्वारा कृष्ण का गोकुल ले जाना, यशोदा द्वारा उनका लालन पालन, राक्षसों का संहार कालिय दमन, माखन चोरी आदि श्रीकृष्ण के जीवन से सम्बन्धित लीलाओं का अंकन है। माधवस्वरूप वत्स द्वारा रचित ग्रंथ में उल्लेख है कि देवगढ (झाँसी) के मन्दिर में वसुदेव कृष्ण को गोद में लिए हुए तथा बलराम कृष्ण दोनों को नन्द यशोदा भोज कराते हुए अंकित है। उसमें राक्षसों के संहार का दृश्य चित्रित है।"[115] पूर्वी बंगाल (पहाडपुर) में एक मंदिर का अवशेष प्राप्त हुआ है जिसमें कृष्ण जीवन सम्बन्धी अनेक घटनाओं के संकेत मिलते हैं।"[116]

आठवीं शताब्दी में एलोरा में बने दशावतार मन्दिर एवं दसवीं शताब्दी में खजुराहो के लक्ष्मण मन्दिर में श्रीकृष्ण जीवन से सम्बन्धित घटनाएं उत्कीर्ण हैं। गुजरात के आबूमनोद सोमनाथ और मांगरोल स्थानों में श्रीकृष्ण से सम्बन्धित शिलालेख मिले हैं जिसमें कृष्ण और उनके चरित्र की अनेक घटनाएँ उल्लिखित है। गिरनार (गुजरात) के एक शिला लेख में दामोदर कृष्ण की स्तुति अंकित है। कृष्ण एवं उनसे सम्बन्धित घटनाओं की प्रतिमाएं देश के विभिन्न संग्रहालयों में संग्रहीत हैं।

इस प्रकार निःसंदेह यह कहा जा सकता है कि हमें ललित कलाओं के माध्यम से श्रीकृष्ण के जीवन सम्बन्धी अनेक घटनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है जिसमें उनकी ब्रज लीला और मथुरा लीला की प्रधानता है। कृष्ण का पत्थर, पीतल लोहा आदि धातुओं से निर्मित विभिन्न मुद्राओं की मूर्तियाँ उपलब्ध हैं जिनसे उनकी अलौकिक एवं ऐतिहासिक महत्ता का सहज अवलोकन किया जा सकता है।

(ख) हिन्दी साहित्य मे श्रीकृष्ण

आदिकालीन साहित्य मे श्रीकृष्ण

हिन्दी साहित्य म श्रीकृष्ण का उल्लख चन्दबरदायी के द्वारा रचित पृथ्वीराजरासो' मे प्राप्त है। उनका समय स० 12? –स० 1249 का है। चन्दबरदायी प्रसिद्ध राजपूत सम्राट पृथ्वीराज चौहान के सामन्त एव राज कवि थे। 'पृथ्वीराज रासो हिन्दी साहित्य का पहला महाकाव्य है जो मुख्य रूप से पृथ्वीराज का प्रशसा ग्रथ है फिर भी इसम विष्णु क दशाव तारो का सक्षिप्त वणन है जिसम कृष्णावतार का वणन व्यापक रूप मे प्राप्त होता है। इसके दूसरे समय' 262 छन्दा म कृष्ण क अवतार एव उनकी मुख्य लीलाओ का वणन है। राधा और कृष्ण का शृगारिक वणन मनमोहक ढग म प्रस्तुत किया गया है। भगवान कृष्ण की मुरली कष्ट विनाशक रूप म वर्णित है।

चन्दबरदायी ने रासलीला का बहुत ही सरस एव मनोहारी वणन किया है। रासलीला के दृश्यो जिसमे दो दो गोपियो क बीच एक एक कृष्ण विद्यमान है का गीतमय सजीव एव सरस चित्रण है। कृष्ण के द्वारा एका एक ब्रज छोडकर मथुरा चले जाने पर गोपिया की दशा बडी दयनीय हो जाती है। उन्हे पाने का वे पूण प्रयास करती है, किन्तु न मिलने पर उला हना और खीज भरा रोष प्रकट करती है।

गोपिया की विरह कथा का वणन कवि ने मार्मिक ढग से प्रस्तुत किया है, जिसम कवि ने उपमान रूप म प्रकृति का विशद रूप म समायोजन करते हुए आकाश चन्द्रमा, तारे एव उल्टे हुए समुद्र का उल्लेख किया है–

'भय सुउडगन गात बर पूरा ससिय आकास।
सुवर बाल बढयोति दुप सिन्धु उलट्यो मास ॥'[117]

कस के रणस्थल म जाते हुए भगवान कृष्ण द्वारा द्वार पर ही कुव-लयापीड हाथी का मद मदन करने चाणूर और मुष्टिक के साथ उनका तथा बलराम का मल्ल-युद्ध होने, मथुरा म कस का सहार करन से पूव उसे देखकर ही उनके हृदय मे आमष का सचार होन यमुना जी म विश्राम घाट पर कस की अन्त्येष्टि क्रिया स्वय सम्पादित करने उग्रसेन का राज तिलक तथा वसुदेव और देवकी को बन्दीगृह स मुक्त करान के दृश्य का बडा सुन्दर वणन प्राप्त है। भगवान श्रीकृष्ण का वणन राधापति और राधा वल्लभ रूप म किया गया है–

राधापती तमार राधा भइ भुजगय बैन।
राधा वल्लभ बसी वरन पत मुत्रोअन जात ॥'[118]

मथिलि कोकिल विद्यापति का समय सन् 1360 ई० से 1448 ई० तक का है। इन्होंने अपनी पदावली म राधा कृष्ण के सयोग-शृगार का बडा ही सजीव चित्र प्रस्तुत किया है। उनके शृगार सम्बन्धी पदो को देखकर अनेक आलोचक उन्हे भक्त कवि न स्वीकार कर घोर शृगारी कवि मानते हैं पर तु वास्तव म यदि इनकी भावनाओ और रचनाओ को सही परिप्रेक्ष्य म रखकर उनका मूल्याकन किया जाय तो यह स्पष्ट हो जाता है कि पदावली म जहाँ पर शिव गौरी दुर्गा, गगा आदि से सम्बन्धित भक्ति के पद मिलते हैं, वही पर राधा कृष्ण क प्रेमाम्बु मे विभोर होकर माधुय भावना से ओत प्रोत सबसे अधिक पद है। इस प्रसग मे यहाँ पर यह कहना कि विद्यापति कोरे शृगारी कवि हैं और उनकी राधा कृष्ण सम्बन्धी रचनाओ म भौतिकता तथा वासना का प्राधान्य है धृष्टता होगी पर तु यह कटु सत्य भी होगा कि ऐसा विचार केवल वे लेखक ही रखते हैं जिनके पास स्वय विद्यापति की रचनाओ का समझने की क्षमता नही है। विद्यापति के राधा कृष्ण सम्बन्धी पदो के शृगारिक होने का कारण यह है कि भगवान श्रीकृष्ण स्वय ही एक धीरललित नायक हैं, जिनक बाल्य एव यौवन काल का ही वणन अधिकाश काव्या म किया गया है। विद्यापति पर द्वैतवाद का प्रभाव था जो उनके राधा कृष्ण की प्रेम लीला सम्बन्धी रचनाओ म स्पष्ट रूप स परिलक्षित होता है। इन पर शब्द शोधन एव व्यापार योजना के क्षेत्र म जयदेव का प्रभाव था।

विद्यापति के रसीले पदो म राधा कृष्ण क दिव्य प्रेम और ललित विलास का प्रवाह उमडता हुआ दिखाई पडता है। कृष्ण की ललित लीलाओ का जैसा मनोरम वणन इनकी कृति मे प्राप्त है वैसा अन्यत्र दुलभ है। इनकी रचनाओ म भगवान कृष्ण क प्रेम मयी मूर्ति के साक्षात दशन होते है। गोपिकाओ के मध्य व्रज मे हास विलास करते हुए राधा कृष्ण का उत्कृष्ट शृगार-वणन हिन्दी म सवप्रथम इन्ही की कृतियो म हुआ है। कृष्ण के अलौकिक चरित्र सम्बन्धी अनेक दिव्य दृश्य इनके पदो म दृष्टव्य है। विद्यापति की रचनाओ म मधुर और सानुप्रास पदावली क साथ साथ माधुय भाव अतुलनीय है।

कविवर नरपति के 'बीसलदेव रासो' (स० 1212) म श्री राधा-कृष्ण और रुक्मिणी का उल्लेख मिलता है। इस ग्रन्थ मे प्रत्यक्ष रूप स श्रीकृष्ण की लीलाओ का वणन नही किया गया है, परन्तु अप्रत्यक्ष रूप स कृष्ण के नाम का उल्लेख उपमान रूप मे प्रयोग म मिलता है, जैसे गोविन्द कान्ह आदि। इसी प्रकार रुक्मिणी और राधा का भी उल्लेख है। बीसलदव

और राजमती के विवाह के समय कृष्ण और रुक्मिणी के साथ उनकी उपमा की गई है—

> राजमती राही (या) जो सी ।
> इस कुँवरि नही त्रिभुवन माँहि ।
> \+ \+ \+
> हइ हयलवउ जाडियउ ।
> जाणिक रुक्मिणी मिलिया का ह ॥[119]

चौदहवी शता दी के प्रारम्भ म उमापति रचित पारिजातहरण नाटक म स्थान स्थान पर कृष्ण के प्रति भक्ति सम्ब धी छद प्रस्तुत किय गय हैं । इस नाटक म सत्यभामा के आग्रह पर भगवान श्रीकृष्ण द्वारा पारिजात वक्ष लान की कथा वर्णित है । स यभामा कृष्ण प्रिया है और हरि चरणा म उनकी अपार श्रद्धा है । कवि न भगवान कृष्ण को ब्रह्मा और शिव क लिए भी अगम्य बताकर उनको परमब्रह्म परमश्वर रूप म प्रतिष्ठित किया है । सधारु अग्रवाल (1354 ई०) न प्रद्युम्नचरित की रचना की, जो जन परम्परा पर आधारित काव्य है । इसम प्रद्युम्न क ज म हरण तथा उनक विजेता रूप म वापस लौट आन की कथा है । इसम सत्यभामा और रुक्मिणी के सपत्नीत्व एव नारद की कथाआ का उल्लेख है । कृष्ण की वीरता एव प्रेम विवाह का भी वणन है । विष्णुदास (1435 ई०) न श्रीकृष्ण एव उनक चरित्र से सम्ब धित रुक्मिणी मगल स्नेह लीला महा भारत की कथा आदि रचनाए लिखी हैं । इन रचनाआ म श्रीकृष्ण की जीवन सम्ब धी अनेक घटनाआ का उल्लेख मिलता है ।

भक्तिकालीन साहित्य मे श्रीकृष्ण

उत्तर भारत म गुप्त वशीय राजाओ के समय (400 से 600 ई० क बीच) मे वष्णव धम और भागवत धम का प्रसार चरमोत्कष पर था । यहीं से भागवत धम और वष्णव भावना दक्षिण भारत म पहुँची और बडे ही प्रबलतम रूप म विकसित हुई । दक्षिण भारत म रामानुज निम्बाक विष्णु स्वामी तथा मध्वाचाय नामक चार आचार्यों ने चार प्रमुख सम्प्रदायो की स्थापना की जो क्रमश रामानुज सम्प्रदाय निम्बाक या सनक सम्प्रदाय विष्णु स्वामी सम्प्रदाय और ब्रह्म अथवा माध्व सम्प्रदाय के नाम से जान जाते हैं । इन वैष्णव भक्ता का विशेष रूप मे कृष्ण भक्ति के प्रचार प्रसार म महत्वपूण योगदान है । उत्तर भारत म भी कृष्ण भक्ति का प्रसार इन्हा के द्वारा हुआ क्योकि गुप्त साम्राज्य के पतन के साथ ही उत्तर भारत म

बौद्ध और जैन सम्प्रदायो का प्रभाव बढ चुका था। हर्षवर्द्धन जैसे यशस्वी और प्रतापी सम्राट बौद्ध धर्म को अपनाकर उसके प्रसार का मार्ग प्रशस्त करने म लगे थ, यहाँ तक कि सातवी और आठवीं शती के बाद वैष्णव धर्म भावना उत्तर भारत में बहुत कुछ क्षीण हो चली। आठवी शताब्दी मे स्वामी शकराचार्य और कुमारिल भट्ट ने वैष्णव धर्म को पुन प्रतिष्ठित किया। परन्तु इसके बाद भी इस युग म कापालिको अघोर पथियो और तान्त्रिको का वचस्व बना रहा। धर्म में ज्ञान, कर्म और भक्ति का प्रभाव घटने लगा। स्वामी रामानुजाचार्य ने ग्यारहवीं शती म अपने 'श्री सम्प्रदाय' की स्थापना करके शास्त्रीय पद्धति से सगुण-वैष्णवी भक्ति का निरूपण एव विशिष्टाद्वैत सिद्धान्त का प्रचार किया। इन्हीं की शिष्य परम्परा मे स्वामी रामानन्द हुए जिन्होंने दक्षिण भारत से आकर उत्तर भारत में वैष्णव धर्म को जीवन का लक्ष्य बनाकर पूर्ण मनोवेग से उसका प्रचार करने का सकल्प लिया। दक्षिण भारत के चार प्रमुख आचार्यों और उनके सम्प्रदायो के प्रभाव स्वरूप उत्तर भारत में कृष्ण भक्ति से सम्बन्धित अनेक सम्प्रदाय विकसित हुए।

(अ) चैतन्य या गौडीय सम्प्रदाय के काव्य मे श्रीकृष्ण

इस मत के प्रवर्तक महाप्रभु चैतन्य देव थे तथा इसका प्रभाव समस्त बगाल एव उत्तरी भारत म फैल चुका था। इस सम्प्रदाय के मतावलम्बियो ने कर्मकाण्ड तथा वर्णाश्रम धर्म का विरोध किया। मोक्ष के लिए एकमात्र साधन भगवत्त भजन को माना। चैतन्य मत को 'अचिन्त्यभेदाभेद' भी कहा जाता है। इसके अनुसार श्रीकृष्ण परमतत्त्व हैं उनकी शक्तियाँ अनन्त है। शक्ति और शक्तिमान म न कोई भेद है न अभेद। दोनो का सम्बन्ध तर्क से अचिन्त्य है। इसम रागानुगा भक्ति की महत्ता स्वीकार की गई है और सख्य-वात्सल्य दास्य भक्ति आदि की अपेक्षा मधुर भावभक्ति को प्रधानता दी गई है। इस मत के अनुसार माधुर्य भाव की भक्ति तीन प्रकार की स्वीकार की गयी है। जैसे--

(1) साधारण रति भक्ति-कुब्जा का कृष्ण के प्रति।

(2) समजसा रति--रुक्मिणी और जाम्बवती

(3) समर्था रति--जिनके प्रतीक ब्रज बालाएँ एव राधा हैं।

चैतन्य मतावलम्बियो ने समर्था रति म गोपी भाव को अपना राधा भाव को ही अपनाया है। वे स्वय राधा रूप होकर कृष्ण प्रेम म महाभाव का अनुभव करते थे। इसी कारण राधा को इस सम्प्रदाय के लोगो न

अवतार मानकर कृष्ण की परम शक्ति के रूप म उपासना की है। इनकी यह मान्यता है कि यदि कृष्ण जगत मोहन हैं तो राधा अपने परम सौन्दय से इन्हे भी मोहित करती है, इसलिए राधा सवश्रेष्ठ है।[120]

चत य सम्प्रदाय के दाशनिक एव भक्ति सिद्धान्त मुख्यत सस्कृत म प्रकाशित हुए और मूलत गौण (बगाल मे) से सम्बधित हाने के कारण कवियो ने बगला मे रचनाएँ की परन्तु कुछ अनुयायी ब्रज मण्डल और हिन्दी प्रदेश म रहते थे जिन्होने ब्रज भाषा मे अपनी रचनाए करके हिन्दी साहित्य को समृद्ध बनाया। इस सम्प्रदाय के प्रभावी भक्त कवि रामाराय जी थे जिनका जन्म 15वी शताब्दी के अन्त म हुआ था। इनकी आदि वाणी मौलिक रचना और जयदेव के गीतगोविन्द का हिन्दी रूपान्तर नामक दो रचनाएँ हैं। आदिवाणी' म रामाराय जी ने राधा कृष्ण क शृगारी लीलाओ विषयक 101 पदो की रचना की है। कवि ने राधा माधव के शृगारपरक लीला का उन्मुक्त भाव स चित्रण किया है।

इसी सम्प्रदाय म दीक्षित भगवानदास जो रामाराय के शिष्य थे ने राधा कृष्ण और गोपी प्रेम से सम्बधित अनक पदा की रचना की। इनके पदो मे लोकगीतो की स्वाभाविकता एव मनमोहकता सवत्र दृश्यमान होती है।

रामाराय के शिष्यो म गरीबदास जी का नाम उल्लेखनीय है जिन्होने विभिन्न छन्दो मे तीन शतक–शृगार शतक आनन्द शतक और वृन्दावन शतक की रचना की। शृगार शतक म राधा कृष्ण की शृगारिक लीलाओ तथा वृन्दावन शतक म वृन्दावन की महत्ता का वणन है। इसी सम्प्रदाय के जुगलदास, राधिकानाथ किशोरीदास, केशवदास भगवत मुदित वष्णव दास, रस जानि मधुसूदन तथा तोघराम आदि भक्तो ने रसमयी वाणी म कृष्ण की मधुर लीलाओ का गान किया है।

16वी शताब्दी म माधवदास जगन्नाथ महात्म्य, नारायण लीला बाल लीला, ध्यान लीला रघुनाथ लीला मदालसा आख्यान, ग्वालिन झगरा परतीति परीक्षा आदि रचनाओ म कृष्ण लीलाओ का पर्याप्त वणन है। इनके अतिरिक्त रामाराय जी क भाई चन्द्रगोपाल भी इस मत के श्रेष्ठ आचाय हुए है, जिनकी राधा कृष्ण क प्रम और भक्ति विषयक चन्द्र चौरासी अष्टयाम सवा सुधा ऋतु विहार राधा विरह आदि प्रमुख रचनाए है। 'अष्टयाम सवा सुधा में विशष रूप स राधा कृष्ण के शृगार एव काम कलि का वणन तथा ऋतु विहार में विभिन्न ऋतुओ का उद्दीपन रूप म चित्र प्रस्तुत किया गया है। गदाधर भट्ट जो ने कृष्ण मे अधिक

राधा को महत्व दिया है । उन्होंने राधिका जी की गुण गरिमा का वर्णन जिस भावुकता से किया वह सहज ही मन को आकृष्ट करने वाला है ।

सूरजदास मदनमोहन ने राधा-कृष्ण के जन्म, कृष्ण के बालरूप मुरली रास विवाह होली, हिंडोला आदि का वर्णन किया एवं ब्रज भाषा में श्रीमदभागवत के दशम स्कंध का सरस अनुवाद भी किया है ।

(आ) वल्लभ सम्प्रदाय के साहित्य में श्रीकृष्ण

वल्लभ सम्प्रदाय के प्रवर्तक स्वामी वल्लभाचार्य ने शंकर के माया वाद का खण्डन करके ईश्वर के अवतारों के प्रति लोगों के हृदय में श्रद्धा एवं विश्वास उत्पन्न किया एवं सोलहवीं शताब्दी के मध्य में उत्तरी भारत, उसमें भी विशेषकर ब्रज क्षेत्र में कृष्ण भक्ति का व्यापक प्रचार किया । इन्होंने सम्पूर्ण भारत के धार्मिक तीर्थ स्थलों का खूब भ्रमण किया । तद्रूप रात गोवर्धन पर्वत पर संवत 1556 में श्रीनाथ जी का स्वरूप प्रकट हुआ और उन्होंने उनके स्वरूप की वहीं स्थापना की ।[121]

इन्होंने शुद्धाद्वैत दर्शन और भक्ति मार्ग पर अनेक ग्रन्थों की रचना करके अपने सिद्धान्तों को विद्वतापूर्ण ढंग से प्रतिपादित किया है । इस सम्प्रदाय के प्रवर्तकों में वल्लभाचार्य के पुत्र-सवश्री गोपीनाथ जी आचार्य एवं स्वामी विट्ठलनाथ का योगदान सराहनीय है । भक्तिकाल के इस सुविख्यात सम्प्रदाय में सूरदास, परमानन्ददास कुम्भनदास कृष्णदास, नन्द दास चतुर्भुज दास छीत स्वामी एवं गोविन्द स्वामी दीक्षित हुए जिन्हें अष्टछाप के नाम से जाना जाता है ।

इस मत को आत्मा परमात्मा में शुद्ध द्वैतता का प्रतिपादन करने के कारण शुद्धाद्वैतवाद भी कहा जाता है, क्योंकि इस मत की विचारधारा के अनुसार ब्रह्म माया रहित शुद्ध है–

माया सम्बन्धरहितं शुद्धामित्युच्यते बुधैः ।
कार्यकारण रूपहि शुद्ध ब्रह्म मायिकम ।।[122]

वल्लभाचार्य के अनुसार ब्रह्म एक अखण्डित, आदि-अनादि अद्वैत तत्व सच्चिदानन्द स्वरूप है, जो अविनाशी सर्वशक्तिमान और सर्व व्यापक है । ब्रह्म के अतिरिक्त चराचर जगत में कुछ है ही नहीं । वह अपनी इच्छा-नुसार विभिन्न शक्तियों में अवतार लेता है । इसी विरुद्धधर्माश्रयता के कारण कृष्णावतार में बालक होते हुए भी वह रसिक मुख्य है । शंकराचार्य ने ब्रह्म से इतर जीवजगत को असत्य एवं कल्पना मात्र माना है । वल्लभाचार्य ने ईश्वर जीव और जगत को अभिन्न माना, परन्तु उन्होंने जड़ जगत

और जीवसृष्टि को सच्चिदानन्द का अंश होने के कारण सत स्वरूप एवं सत्य माना है। उनके अनुसार ब्रह्म की इच्छा शक्ति उसकी माया शक्ति है क्योंकि वह अपने आनन्द के लिए अपनी लीला का विस्तार करता है। परब्रह्म रस स्वरूप है। यह ब्रह्म अपनी शक्तियों को अपने से ही प्रसारित करके अनेक आनन्द लीलाएँ करता है और उन्हीं रस रूप पुरुषोत्तम की लीलाओं में सम्मिलित होकर सान्निध्य प्राप्त करना वल्लभीय भक्तों का लक्ष्य है।

इस सम्प्रदाय के अनुयायियों ने श्रीकृष्ण को ही पूर्णानन्द पुरुषोत्तम स्वरूप मूल ब्रह्म को अपना इष्टदेव माना है। जब यह ब्रह्म 'स्वान्त सुखाय' बाह्य लीला करना चाहता है, तब वह अपनी शक्तियों को बहिर्विस्थत' करता है जो विविध रूप गुण और नामों से उनसे विलास करती हैं। ब्रह्म की शक्तियों में नियां पुष्टि गिरा आदि बारह शक्तियाँ हैं जो श्री स्वामिनी राधा के रूप में अन्य नामों से प्रकट होकर पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण के साथ ही प्रकट होती हैं। इन शक्तियों से क्रीडा हेतु उन्होंने स्वयं में से श्री वृन्दावन गोवर्धन यमुना कुंज निकुंज वृक्ष पशु पक्षी गोकुल आदि को उत्पन्न किया जो इनकी आधिदैविक ऐश्वर्य रूप होने से आनन्दमय चेतन रूप हैं किन्तु कृष्ण लीला हेतु जड रूप धारण किया है। वल्लभाचार्य भगवान श्रीकृष्ण में ऐसी विशेषता का अनुभव करते हैं जिसके कारण पुष्टि मार्गी पुरुषोत्तम ब्रह्म और रामानुज अथवा रामानन्दी सम्प्रदाय के मर्यादा पुरुषोत्तम ब्रह्म में अन्तर है। मथुरा द्वारिका तथा कुरुक्षेत्र में लोक रक्षण तथा धर्म संस्थापन की लीलाओं वाले तथा ब्रज में दुष्टों का संहार करने वाले कृष्ण का रूप लोक वेद प्रथित धर्म संस्थापक का है। बाल रूप में माता यशोदा एवं बाबा नन्द आदि को आनंदित करने वाले ग्वाल सखाओं के साथ गो चारण तथा गोकुल व वृन्दावन में गोपियों के साथ रासलीला करने वाले किशोर कृष्ण रूप रसात्मक है। यद्यपि वल्लभ-सम्प्रदाय में भी कृष्ण दोनों रूपों में विद्यमान हैं परन्तु पुष्टि मार्ग में रसेश कृष्ण को ही प्रधानता दी गई है। और इनको ही अपनी समस्त वस्तुएँ भावों सहित समर्पित कर देना ही ब्रह्म भाव की प्राप्ति अथवा पुष्टि है। इसमें कृष्ण की बाल लीलाओं को ही प्रधानता दी गई है और इसी कारण योगराज कृष्ण के स्थान पर बाल एवं ब्रजबिहारी किशोर कृष्ण का कोमल रूप ही भक्त कवियों का मुख्य आलम्बन रहा है।

इन कवियों ने गौडीय मत की रागानुगा भक्ति का पूर्णरूपेण आत्मसात करके भावमय कृष्ण को प्रतिष्ठित किया। इससे इन कवियों की

भावना शान्त दास्य वात्सल्य सख्य और मधुर–इन पाँच रूपों में अभिव्यक्त हुई हैं, जिसे पचभावोपासना कहा जाता है। इन सभी कवियों के इष्ट परब्रह्म श्रीकृष्ण ही हैं, कि तु भाव चित्त के कारण भिन्न भिन्न रूपों में प्रतिभाषित होते हैं।

सूरदास जी भगवान श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं के मनमोहक दृश्यों पर रीझने वाले है। बाल केलि रत भगवान कृष्ण पूर्ण ब्रह्म हैं। उनकी अनेक लीलाएँ लौकिक शृगार वर्णन सी प्रतीत होती है। उनकी भक्ति सख्य भाव' की है।

सूरदास ने कृष्ण के जन्म से लेकर मथुरा गमन तक के दृश्यों में जो स्वाभाविकता और सरसता युक्त पदों को संगीतात्मकता प्रदान की है वह हिन्दी साहित्य के अन्य कवियों में दुर्लभ है। सूर सागर में वात्सल्य, शृगार और भक्ति की त्रिवेणी प्रवाहित हुई है। सूरदास ने ससार की असारता और कृष्ण नाम की सार्थकता सिद्ध की है–

मुआ चलु वा वन का रस पीजे।
+ + +
को तेरो पुत्र पिता तू काको मिथ्या भ्रम जग केरा।
काल मजार ले जहँ तोको तू कहे मेरो मेरा।।
हरि नाना रस मुकुति क्षेत्र चलु तोको हौं दिखराऊँ।।[123]

सूर की रचनाओं[124] में दीन भक्त की आकुल पुकार और आत्म समर्पण की उत्कृष्ट भावना है। इनके साहित्य में विनय और दास्य भाव के पद कम हैं कि तु कृष्ण काव्य में इनका बहुत महत्व है। भक्ति जगत में यह तथ्य सर्वमान्य है कि भक्त वत्सल भगवान भक्तों की टेक पर बलि बलि जाते हैं। उनकी स्वय की घोषणा है–

हम भक्तन के भक्त हमारे।
+ + +
भक्त काज लाज हिय धरिके पाय पयोद धाऊँ।
जहँ जहँ पीर पड़े भक्तन पे तहँ तहँ जाय छुड़ाऊँ।।

वात्सल्य वर्णन में महाकवि सूर ने अन्य कवियों का पीछे छोड दिया है–

सिखवत चलन यशोदा मैया।
अरबराय कर पानि गहावति डगमगाय धरै पैया।।

सूर के काव्य में शृगार के सयोग वियोग दोनों पक्षों की मर्मस्पर्शी प्रस्तुति है। सूर का भ्रमर गीत प्रसग तो गोपियों की वचन वक्रता के

कारण बड़ा ही उत्कृष्ट बन पड़ा है। उद्धव निर्गुण ब्रह्म का उपदेश लेकर आये हैं किंतु गोपियाँ सगुण ब्रह्म की आराधिका हैं। यह वर्णन तर्क पर आधारित नही है। बार बार उद्धव के उपदेश दिये जाने पर गोपियाँ बड़े सहज भाव से कहती है—

> निर्गुन कौन देस को बासी ?
> मधुकर हँसि समुझाइ सौंह दै बूझति साँच न हाँसी ॥

नंददास जी की सबसे प्रमुख पुस्तक 'रास पंचाध्यायी' है जिसमें कवि ने श्रीकृष्ण की रास लीला का कलात्मक ढंग से साहित्यिक भाषा में चित्र प्रस्तुत किया है। उनके श्रीकृष्ण लीलाओं से सम्बन्धित कई ग्रन्थ गिनाये जाते है। नंददास जी अपूर्व क्षमता वाले कवि है। इन्होंने अष्टछाप के सैद्धांतिक एवं दार्शनिक पक्षों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला है। इनकी भाषा बड़ी ही मधुर है—

> नूपुर कंकन किंकिन करतल मंजुल मुरली।
> ताल मृदंग उमंग चंग यहि सुर जुरली ॥
> मृदुल मुरज टकार तार झंकार मिलि धुनि।
> मधुर जंग की सार भँवर गुंजार रली पुनि ॥'[125]

जहाँ कवि भाषा, अलंकार, छन्द विधान एवं अन्य काव्य गुणों के वर्णन मे पूर्ण पण्डित है, वहीं भाव जगत में वह कम नही है। नंददास जी कोमल भावनाओं के कवि हैं। काव्य में इन्होने दाम्पत्य रति[126] वात्सल्य रति[127] भगवत रति[128] आदि का सुन्दर चित्रण किया है। चूंकि यह पुष्टि मार्ग के अनुयायी हैं जहाँ सहज प्रेम मार्ग का ही महत्व है, उनका लक्ष्य है—हरि लीला मे अपने को तल्लीन कर भगवत कृपा प्राप्त करना। भक्ति का जो भी रूप सूर के काव्य मे उपलब्ध है नन्ददास किसी भी क्षेत्र में उनसे कम नहीं हैं। नन्ददास की भक्ति का लक्ष्य मोक्ष न होकर भगवत लीला में प्रवेश करके उसी आनन्द मे विभोर रहना है। इसमे प्रभु प्रेम और उसकी निकटता ही सब कुछ है। इसीलिए पुष्टिमार्गी भक्त को गोकुल वृंदावन वहाँ की धूलि यमुना निकुंज आदि से अटूट प्रेम है। 'जो गिरि रुचै तो बसो श्री गोवर्धन ग्राम रुचै तो बसो नन्द गाँव' कथन से स्पष्ट हो जाता है कि नन्ददास को इन स्थलों से कितना प्रेम था। वृंदावन धाम ऐसा दुर्लभ है कि बड़े बड़े ऋषि मुनियों के लिए अप्राप्य है। इसीलिए वह इस धाम की रज बनना चाहते हैं—

> अब ह्वै रहौं ब्रज भूमि को मारग मैं की धूरि।
> विचरत पग मो पर धरे सब जीवन मूरि ॥
> मुनिहूँ दुर्लभ जो ॥[129]

परमानन्द दास जी के पदो मे माधुर्य भाव का सरस प्रवाह है। ऐसा कहा जाता है कि इनकी तन्मयायुक्त रचना सुनकर आचार्य जी स्वय तन-मन की सुधि भूल गये थे।"[130] इन्होने कृष्ण की विविध लीला माधुरी का गुणगान किया है। कृष्ण की मीठी बोली, चलने पर पजनिया का स्वर, काजल, तिलक पीताम्बर आदि सब सहज ही चित्त को चुरा लेने वाले हैं--

'माई मीठ हरि के बोलना।
पाँय पैंजनियाँ रुन झुन बाजे आँगन आँगन डोलना॥
कज्जर तिलक, कण्ठ कठुलामनि पीताम्बर को चोलना।
परमानन्ददास को ठाकुर गोपी झुलावत यो ललना॥[131]

'इनके 835 पदो का 'परमानन्द सागर' है।"[132] जिसमे सूर की ही भाँति श्रीकृष्ण की बाल लीलाओ का सुन्दर चित्र प्रस्तुत किया गया है। डॉ० दीनदयाल गुप्त के अनुसार-- 'मातृहृदय की जिस प्रकार की सयोग वियोगात्मक अनुभूतियाँ शिशु के सयोग वियोग मे होती हैं और जितना रूप माधुरी का सुख किसी सुन्दर, चचल तथा क्रीडाशील बालक को देखकर दर्शक वृन्द लेता है उन सबका अनुभव सूर और परमानन्द के भक्त भावुक हृदय प्रबलता के साथ करते थे।"[133]

कृष्णदास गोस्वामी वल्लभाचार्य जी के शिष्य तथा श्रीनाथ जी के मन्दिर के व्यवस्थापक थे। इन्होने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला रास लीला तथा मान लीला आदि का वर्णन किया है। राधा कृष्ण सम्बन्धी इनकी रचनाए मुख्यत पवित्र शृंगारिक हैं। इनका प्रमुख ग्रंथ 'कृष्णदास-कीर्तन' अप्रकाशित है।

कुम्भनदास परमानन्दास जी के समकालीन थे। यह सासारिक मान सम्मान से विरक्त एक सच्चे सन्त एव भगवान श्रीकृष्ण के परम भक्त थे। कवि ने कृष्ण की बाल लीला और प्रेम लीला का बडा ही भावपूर्ण एव सुमधुर वर्णन किया है।

कवि ने कृष्ण के वियोग मे गोपियो की विरह-वेदना का इतना भावपूर्ण वर्णन किया है कि गोपियाँ कृष्ण के वियोग मे अपने जीवन को ही व्यर्थ मान बैठती हैं।

चतुर्भुजदास जी कुम्भनदास के पुत्र एव विट्ठलनाथ के शिष्य थे। इन्होने श्रीकृष्ण-जीवन की विभिन्न लीलाओं तथा भक्ति के विभिन्न अगो का सरस एव व्यवस्थित वर्णन किया है। चतुर्भुजदास ने 'द्वादश यश, भक्ति प्रताप' एव 'हितजू को मगल' नामक ग्रंथों की रचना की है। कृष्ण-स्वरूप के वर्णन में कवि की भावाभिव्यजना इतनी मुखरित हो उठी है कि सहज ही मन मुग्ध हो जाता है।

छीतस्वामी ने अपनी रचनाओं में खरी ब्रजभाषा का प्रयोग किया है। यह गोस्वामी विट्ठलनाथ के शिष्य थे। इन्होंने शृंगार वर्णन के अतिरिक्त ब्रज भूमि के प्रति अपना अनुराग व्यक्त किया है–

"अहो बिधना तोसों अचरा पसारि माँगौ।
जनम जनम दीजौ या ही ब्रज बसिबौ॥"[134]

गोविन्द स्वामी बड़े भावुक एवं भगवत् भक्त कवि थे। प्रकृति के प्रति इनका इतना अनुराग था कि गोवर्धन पर्वत पर इन्होंने कदम्ब वृक्षों का एक उपवन लगाया और वहीं पर स्थायी रूप से निवास करने लगे थे। यह कवि के साथ उच्चकोटि के गायक भी थे। यहाँ तक कि तत्कालीन संगीत सम्राट तानसेन उनके गीतों को सुनने के लिए लालायित रहते थे और उनके पास आया करते थे। इन्होंने मुरली माधुरी, वात्सल्य प्रेम, मान लीला आदि कृष्ण चरित्र सम्बन्धी दृश्यों को प्रस्तुत किया है। इनके द्वारा रचित एवं गाया जाने वाला धमार गीत बहुत प्रसिद्ध है। एक गोपिका के द्वारा राधिका जी से निम्न उक्ति कहलाना कवि की अनूठी प्रतिभा का द्योतक है–

रैन गई री प्यारी छाडौ हठै री।
सुन वृषभानु कुँवरि हरि तो बश निशि दिन तेरा हि नाम रटरी॥
मदनगुपाल निरख नयनन भर वगि चलौ अब काहे नटरी।
दास गोविन्द प्रभु की छवि निरख प्रीति करे तेरो कहा घटरी॥

(ड) राधा वल्लभ सम्प्रदाय के साहित्य में श्रीकृष्ण

राधा वल्लभ सम्प्रदाय की स्थापना 16वीं शती के कृष्ण भक्ति सम्प्रदाय के रसाचार्य गोसाईं हितहरिवंश जी ने की थी। इस सम्प्रदाय को रस मार्गी सम्प्रदाय भी कहा जाता है। इसका कोई दार्शनिक मतवाद नहीं है अपितु यह विशुद्ध रस मार्गी सिद्धान्त है। जिसमें प्रेम को ही परमार्थ रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। इस सम्प्रदाय के अनुयायियों को निखिल सृष्टि में अपनी एकमात्र आराध्या राधा के अतिरिक्त कुछ भी नहीं दृश्यमान होता। इसमें हित तत्व ही अन्तर्व्याप्त है एवं परम प्रेम की ही चराचर दृष्टि में व्यापकता है और यह हित (परम प्रेम) स्वयं में रहस्यात्मक भी है।

यहाँ कृष्ण की अपेक्षा राधा को अधिक महत्ता प्रदान की गई है। राधा कृष्ण के कुंज केलि का सुमधुर चित्रण किया गया है। राधा और कृष्ण के बीच वियोग का कोई अस्तित्व ही नहीं है। राधा के साथ कृष्ण की कुंज केलि ही परम रस माधुरी प्रदान करने वाली है जिसका रसास्वादन

मजरी भाव म सदैव युगल बिहारी की सेवा द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। हितहरिवश जी के निम्नलिखित श्लोक मे इसी भावना का आभास मिलता है–

> सान्द्रा नन्दोन्मद रसघन प्रेम पियूष मृते ।
> श्री राधया अथ मधुपते सुहायो कुंज तल्पे।
> कुर्वाणाहु मदु पदाम्भोज सम्वाहनानि ।
> शय्याते किं किमपि पतिता प्राप्ता तन्द्रा भवेयम ।।[135]

इस सम्प्रदाय म राधा कृष्ण सम्बन्धी नित्य लीला विहार के चार आयाम हैं–युगल रूप राधा, युगल रूप कृष्ण श्री वृन्दावन एव सहचरी गण। इसम म दा अर्थात राधा कृष्ण अद्वैत तत्व प्रेमाद्वैत होकर भी 'लीलाद्वैत' 'युगल रूप' धारण करते हैं। वे इस प्रेम के काय कारण दोनों हैं। प्रेम के कारण काय राधा कृष्ण जल और तरग की भाँति एक-दूसरे से अभिन्न हैं।

वृन्दावन श्यामा श्याम क नित्य विहर का सहायक तत्व है और सहचरी गण युगल प्रेम की प्रेरक शक्तियाँ हैं। यहाँ जडोन्मुख कामवत्ति का लोकोत्तर चरित्र म डालकर 'हित' का पवित्र आस्पद रूप प्रदान किया गया है। राधवल्लभ कृष्ण यहाँ प्रेम है, वह रस रूप ब्रह्म क अवतार हैं और इनके इस रसात्मक रूप का पूणत्व राधा के साथ मधुर केलि म ही प्रकट होता है।

अन्य कवियों म दामोदरदास, हरिराम व्यास ध्रुवदास आदि प्रमुख हैं। इन्होंने कृष्ण भक्ति में राधा को ही विशिष्टता प्रदान की है। इसम वदना को दो रूपों–स्थूल एव सूक्ष्म विरह म सूक्ष्म को ही स्थान दिया गया है जिसमें प्रिया प्रिय के मिलन होत पर भी तन मन की पृथकता के कारण परस्पर मिलन की प्रगाढ़ उत्कठा दढता स रहती है एव दोनो समीप रहकर भी विरह व्यथा स सतप्त रहते हैं। रूप गोस्वामी ने इस प्रेम वचित्य की सज्ञा दी है। हितहरिवश न निम्नलिखित पद म सुन्दर दृष्टान्त प्रस्तुत किया है–

> यहा कहौं इन नैनन की बात।
> ए अलिप्रिया बदन अम्बुज रस अटक अनत न जात।।
> जब जब रुकत पलक सपुट लट, अति आतुर अकुलात।
> लपत न्य निमष अन्तर ते अलप कलप सत सात।।
> श्रुति परकज दगजन कुच बिच मगपद ह्व न समात।।
> हितहरिवश नामि सर जल चल जोवत सुदर गात।।[136]

(ई) हरिदासी सम्प्रदाय या सखी सम्प्रदाय साहित्य मे श्रीकृष्ण

हिन्दी कृष्ण भक्ति सम्प्रदायो मे स्वामी हरिदासी का 'सखी सम्प्रदाय' एक प्रमुख रस सम्प्रदाय है। स्वामी हरिदास इस मत के सस्थापक हैं। इनके विषय मे कुछ विद्वानो का मत है कि आरम्भिक अवस्था मे ये निम्बार्क मत के अनुयायी थे। कालान्तर मे इन्होने भगवत प्राप्ति के लिए सखी सम्प्रदाय नामक स्वतत्र साधना पद्धति की प्रतिष्ठा की।[137]

हरिदासी या सखी सम्प्रदाय मे भक्त या साधक कृष्ण लीलाओ का अवलोकन सखीभाव से करता है। कुज बिहारी राधा कृष्ण के लिए सुख पूर्वक स दर्शन का अधिकार मात्र उन्ही को है जो स्वप्न मे भी निकुज विहार से अपनी दृष्टि नही हटाते। इस मत मे परम्परागत सिद्धान्तो के लिए कोई स्थान नही है।

इसी सम्प्रदाय का प्रमुख तत्व-माधुर्य है। इन मतावलम्बी भक्त कवियो की रचनाओ का मधुर रस है जिसमे प्रेम की प्रगाढता भी है। राधा कृष्ण दोनो का प्रेम विलास उन दोनो की इच्छा का परिणाम है। इन भक्तो का सुख कृष्ण सुख है। कृष्ण निकुज विहारी लाडले लाल हैं जो राधा के साथ नित्य कुज केलि मे रत रहते हैं और सखियो को अलौकिक आनन्द की अनुभूति कराते हैं। वे रत्यानन्द मे निरन्तर लिप्त रहते है, किन्तु उनकी यह रति काम भावना से दूर है। इसलिए कृष्ण कामेश्वर है काम के वशीभूत नही। व ललितादि सखियाँ धन्य हैं जो पुष्प शया पर वास करते हुए अपलक दृष्टि से एक दूसरे के रूप सुधा का पान करने वाले राधा कृष्ण की केलि क्रीडाओ का निरन्तर आनन्द लेती रहती हैं। सखी भाव साधना के सम्बन्ध मे डा० तपेश्वरनाथ का मत हैं– यहाँ राधा कृष्ण गोपियाँ महिषियाँ, लक्ष्मी तथा हजारो सखियाँ उत्पन्न होकर सेवा करती हैं। भक्तगण पहले इसी सखीभाव को प्राप्त कर राधा का सान्निध्य प्राप्त करते हैं और राधा को प्रसन्न कर लेने पर कृष्ण स्वय प्रसन्न हो जाते है। अत गोपीभाव को प्राप्त कर ब्रजराज कृष्ण की उपासना भक्त का परम लक्ष्य है।'[138]

स्वामी हरिदास का कृष्ण के निकुज विहारी रूप का निरूपण करने में विशिष्ट स्थान है। ये रसिक कृष्ण के अनन्य भक्त तथा श्रेष्ठ सगीतज्ञ भी थे। इनके सगीत की महत्ता सुनकर अकबर को भी वेश बदलकर आना पडा था। इनके शिष्य विटठल विपुलदेव नरहरिदास रसिकदेव, ललित किशोरी चतुरदास भगवानदास आदि हुए हैं जिन्होने इनकी मान्यताओ

को लकर फुटकर पदा की रचना की है । हरिदास स्वामी जी की सभी रच नाए श्रीकृष्ण से सम्बद्ध है, जिसमे कुछ सिद्धान्त के पद और कुछ म काम-केलि वर्णित है । इसमे युगल रूप राधा-कृष्ण के नित्य विहार नख शिख, दान, मान आदि का रस व्यजित हो रहा है—

> आजु तन टूटत हरि हेरी, ललित त्रिभगी पर ।
> चरन चरन पर मुरली अधर पर चितवनि बक छबीली मुँह प" ।।
> चलहु न बेगि राधिका प्रिय प, जो भई चाहत हौ सर्वोपरि ।
> श्री हरिदास समय जब नीको हिलमिल केलि अटलरति धूमरि ।[139]

श्री विटठलनाथ विपुलदेव जी इस सम्प्रदाय के प्रसिद्ध भक्त कवि हैं । इन्होने राधा कृष्ण के नित्य विहार मान, दान प्रेमालाप मे नोक झोक आदि का सुन्दर वणन किया । इन्होन रास पचाध्यायी म सखीभाव की निदशना की है । किशोरी जी सकेत, बिहारी लीला और भ्रमरगीत में इसी भाव को प्रश्रय दिया है । अलबेली अली भी इसी सम्प्रदाय के हैं । इसमे ललिता का गुरु राधा को सवस्व और कृष्ण को उनका अन य सेवक माना गया है । प्रणामी सम्प्रदाय के प्रवतक प्राणनाथ एव उनके शिष्य मुकुन्ददास और महाराजा छत्रसाल ने कृष्ण भक्ति सम्बन्धित फुटकर पदा की रचना की है । शुक सम्प्रदाय क प्रमुख कवि चरणदास न भी कृष्ण को भक्ति एव लीलाआ का निरूपण किया है ।

भक्तिकालीन सम्प्रदाय मुक्तकाव्य मे श्रीकृष्ण

शकरदेव न वृन्दावन की यात्रा से प्रभावित होकर ब्रजभाषा म गीता की रचना की है जिसम कही कही पर 'असमिया' शब्दो का प्रयोग है जो उनके 'आसामी होन का प्रमाण है । इन्होंन कीतन गुणमाला, शिशुलीला, रुक्मिणी हरण आदि रचनाआ मे कृष्ण की बाल लीलाआ का मनमोहक वणन है । माधवदेव न ब्रजभाषा म 'भक्तिरत्नावली की रचना की है । इन्होन कृष्ण की महत्ता पर प्रकाश डाला है ।

नरहरि महापात्र ने रुक्मिणी मगल छप्पय नीति एव कवित्त सग्रह म भक्ति और गोपी विरह का सरस एव हृदयग्राही चित्रण किया है । नरोत्तमदास जी ने सुदामाचरित खण्डकाव्य मे कृष्ण और सुदामा का वणन किया है । लालचदास ने विष्णुपुराण एव भागवत के दशम स्कध का अनुवाद हरिचरित नाम स किया । इसम कृष्ण चरित्र की निदर्शना है । इनकी मत्यु क बाद आसान्द ने श्रीकृष्ण की कथा का भागवत क आधार पर महाभारत की कथा से सम्बद्ध किया । इसम कृष्ण की बाल

लीलाओं स लेकर मथुरा गमन तव की कथाओ का उल्लेख है । अकबर क दरबारी बीरबल ने कृष्ण की बाल लीला सम्बन्धी अनेक पदा की रचना की है । सगीतकार तानसेन न श्रीनाथ जी के मदिर म कीतन किया था, जिसका उल्लख दो सौ बावन वैष्णवन की वार्ता म है ।[140] इनके पदा मे कष्ण के रूप मुरली बाल क्रीडा एव भक्ति का सुरम्य वणन उपलब्ध है—

तैकहूँ देखारी बनमाली आली बशी बजाय मन लै गयो ।
धुन सुन कल न परत निसदिन उन बिन नैन तरसत चटक स कै गयो ।
जब नहीं देखत छिन न सुहावत भावत नहिं गेहू मेरे नैन म अटक गयो ।
तानसेन नमन की सूरत काटि नार डारी सावरी सूरत जिय बस गयो ॥[141]

रसखान ने प्रेम वाटिका', सुजान रसखान' एव रागरत्नाकर' म कष्ण की बालछवि का मनोहारी वणन किया है । राधा और कष्ण की प्रेम लीलाओ के अतिरिक्त भक्ति रस का सुदर परिपाक हुआ है जिसमे ब्रह्म कृष्ण के निरतर नैकटय की कामना की गई है ।

गास्वामी तुलसीदास ने श्रीकृष्ण गीतावली म राग रागिनिया म आबद्ध स्फुट पदों की रचना की है जिसमे परम्परा का निर्वाह किया गया है । कृष्ण की बाल लीला, मथुरा जाने पर गोपियो का उलाहना एव उद्धव गोपी सवाद का विस्तत वणन है । पदा म सूरदास जी के पदो जैसी कोमलता है । योग साधना का तिरस्कार एव सगुण भक्ति की स्थापना कृष्ण भक्त कवियो के समान ही है । गग कवि ने कृष्ण की बाल लीलाओ एव उनके सौन्दय वद्धि की पष्ठभूमि मे यमुना की महिमा का वणन किया है ।

अब्दुररहीम खानखाना न रासपचाध्यायी म कृष्ण की सुदरता का मात्र दो पदो म चित्रण किया है । बरव म कृष्ण के विरह मे व्यथित गोपिया की कारुणिक दशा का स्वाभाविक चित्र बारहमासा पद्धति के आधार पर प्रस्तुत किया है । केशवदास कायस्थ न श्रीकृष्ण लीला काव्य नाम से भागवत के दशम स्कध का अनुवाद प्रस्तुत किया है । इसम राधा की मान लीला एव राधा गोपी सवाद हृदयस्पर्शी है । लक्ष्मीदास जी के दशम् स्कध में कुछ पद शुद्ध ब्रजभाषा म रचित है कुछ म गुजराती शब्दो का मिश्रण है । इसम कृष्ण के अदभुत सौन्दय का निरूपण है, जिसमे कवि ने अनन्य भक्ति का परिचय दिया है । तुकाराम ने अपनी गाथाओ म गौलण नाम से कृष्ण की लीलाओ का वणन किया है । इसमे गोपी प्रम की महत्ता विशेष चर्चित है ।

आचाय केशवदास ने रसिक प्रिया एव कवि प्रिया म काव्य शास्त्रीय चर्चा के साथ राधा और कृष्ण के सौन्दय का हृदयग्राही वणन

कया है। अधोलिखित छन्द में कवि ने भावात्मक स्वरूप एवं उनकी रसात्मकता का आरोपण करते हुए उनके वीर एवं असुर संहारक रूप की निदर्शना की है–

श्री वृषभानु कुमारि हेतु शृंगार रूप भय।
बास हास रस हरे, मात बन्धन करुणामय॥
केसी प्रति अति रौद्र वीर मारो वत्सासुर।
'भय' दावानल पान, पियो वीभत्स बकी उर॥
अति अदभुत बच' विरंचि मति सान्त सतवे सोयचित।
कहि केसव सेवहु रसिक जन नवरस में ब्रज राजनित॥[142]

ताज ने अपने स्फुट पद्यों में कृष्ण की भक्ति का सुन्दर निरूपण किया है। कृष्ण की लावण्यमयी छवि पर स्वयं न्यौछावर करती हुई हिन्दू मान्यता और धर्मानुसार जीवन यापन के लिए कटिबद्ध है–

एरी दिल जानी भाडें दिल की कहानी
तवदस्त हूँ बिकानी वदनामी भी सहूँगी मैं।
देवपूजा ठानी औ निवाज हूँ भुलानी,
ताजे कलमा कुरान ताड गुन न गहूँगी मैं॥
सावला सलोना सिर ताज सिर कुल्ले दिये,
तेरे नेहदाग में निदाग हो रहूँगी म।
नन्द के कुमार कुरवान वाडी सूरत प,
ताड नाल प्यारे हिन्दुवानी ह्वे रहूँगी मैं॥[143]

मीरा श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त हैं। इनके काव्य में माधुर्य भावना की जो अनुभूति, टीस और भक्ति की तन्मयता विद्यमान है, वह अन्य कृष्ण भक्तों में दुर्लभ है। मीरा का बचपन से ही कृष्ण के प्रति अगाध प्रेम था। दवी आपदाओं और पारिवारिक यातनाओं ने उन्हें पाषाण सदृश बना दिया था। उन्होंने कृष्ण (गिरिधर) को सर्वस्व माना है और उनके लिए कुल मर्यादा का कोई महत्व नहीं रहा है–

मेरे तो गिरिधर गोपाल दूसरा न कोई।
जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति सोई॥
+ + +
भगति देखि राजी हुई जगत देखि रोई।
दासी मीरा लाल गिरधर, तारो अब मोही॥[144]

उनकी दृष्टि में सगुण निर्गुण में कोई भेद नहीं है। गिरधर गोपाल सगुण होकर भी निर्गुण हैं। यत्र-तत्र गोपीभाव के आधार पर कृष्ण का नागर रूप भी चित्रित है।

इन कवियो क अतिरिक्त भक्तिकाल म अनक भक्त कवि हुए है जि होंने कृष्ण और उनकी लीलाओ को लेकर हृदयस्थ भावा को अभिव्यक्ति दी है। इनम से कुछ कविया का नाम उल्लेखनीय है। गोपीनाथ द्विज न भागवत के दशम स्क घ (पूर्वार्द्ध) का पद्यानुवाद किया है जिसमे कृष्ण की बाल लीला एव कृष्ण क किशोर जीवन की घटनाओ का चित्र प्रस्तुत किया गया है। कृष्ण की लीला माधुरी का आकषण ही ऐसा है जा चराचर को मोह लेन वाला है।

उत्तर मध्यकाल या रीतिकालीन साहित्य मे श्रीकृष्ण

श्रीकृष्ण के लाकरजनकारी रूप का विकास चरम सीमा तक पहुँच गया। भक्तिकाल म श्रीकृष्ण भक्ति को लेकर अनक सम्प्रदाय चल पडे। जिनम भक्त कवियो की वणन शली बडी आकपक सिद्ध हुई। भक्तिकाल मे भल ही दाम्पत्य प्रेम व शृगारिक रास क्रीडाओ का चित्राकन हुआ हो कि तु उसके मूल म भक्त कविया की अलौकिक भावना विद्यमान है। रीति या शृगार काल म कृष्ण चरित्र वणन मे भक्तिभाव क स्थान पर रतिभाव को प्रधानता दी गई। भक्ति शृगार सम्ब धी रचना करन वाले प्रमुख कवि नागरीदास अलबेली अली चाचाहित व दावनदास भगवत रसिक हठी जी सहचरीशरण आदि हैं।

स्वच्छ द शृगार का वणन उ मुक्त भाव मे रसखान ने किया है। इस भावधारा के दूसरे कवि घनान द हैं। इसके अलावा आलम बोधा ठाकुर आदि का भी नाम लिया जाता है। रीति के कवियों ने राज्याश्रित होने के कारण कृष्ण को लौकिक नायक के रूप मे चित्रित किया है। इनकी कृष्ण सम्ब धी रचनाओ म अ त करण की अनुभूति नहीं है। उनमे मात्र परिपाटी निर्वाह है।

इन कवियो क साहित्य मे परकीया प्रम नायिका भद आदि का वणन है। इस धारा के प्रतिनिधि कवि केशव बिहारी मतिराम सेनापति पद्माकर ग्वाल आदि हैं। इनका साहित्य किसका है– राधिका क हाई सुमिरन को बहानो के आधार पर रचित ज्ञात होता है। रीतिकालीन कृष्ण चरित्र सम्ब धी रचना करने वाल कवियो का यह विचार देशकाली वातावरण का सकेत करता है। बिहारी ने सतसई म शृगार के साथ कृष्ण भक्ति सम्ब धी अनेक दोहे और सोरठे लिखे हैं, जिसमे यत्र तत्र भक्त हृदय की झांकी प्रति बिम्बित हाती है।

मतिराम न रसराज', ललित ललाम और सतसई म कृष्ण

चरित्र सम्ब धी अनेक घटनाओ का उल्लेख किया है। यत्र तत्र भ्रमर गीत प्रसग का हृदय स्पर्शी चित्राकन है। सेनापति ने 'कवि रत्नाकर' म राधा कृष्ण स सम्ब धित कुछ छद लिखे हैं। रामसनही सम्प्रदाय क प्रवतक रघुनाथ राम सनेही 'बाबा' न 'विश्राम सागर' मे कृष्णायन' शीषक के अ तगत ब्रज, मथुरा एव द्वारका स सम्बन्धित कृष्ण लीलाओ की निदशना की है। चिन्तामणि त्रिपाठी की अप्रकाशित कति 'कृष्ण चरित्र' मे 758 छ द है, जिनम 723 छ द प्राप्त है। इसम कृष्ण की लीलाओ का मनोहारी वणन है।

अकबर के समकालीन सूफी कवि आलम ने श्याम सनेही' मे रुक्मिणी विवाह की कथा का वणन किया है। कवि आलम ने 'रामाचरित' म कृष्ण-सुदामा की कथा का रोचक वणन किया है। स्फुट पदो म कृष्ण का गोपी-वल्लम और उनका नायक रूप प्राप्त होता है। मण्डन के ग्र थ रत्नावली और रसविलास' म रस और नायिका भेद के उदाहरणो में कृष्ण की चर्चा है। सबलसिंह चौहान न महाभारत म पाण्डवो क शुभेच्छु और कुशल राजनीतिज्ञ रूप के साथ ब्रह्म रूप म कृष्ण का चित्रण किया है। सबल श्याम न 'हरिचरित्र' म कृष्ण क ज म से दूसरा-वास तक की विविध लीलाओ का उल्लेख किया है। पजाब के श्रेष्ठ कवि एव सिक्खो के दशवें गुरु गुरुगोविन्द सिंह ने कृष्णावतार' की रचना भागवत के दशम स्कन्ध के आधार पर ही की है। कृष्ण को दुष्टों का सहारक विष्णु का अवतार माना है। इसम कृष्ण की बाल-लीला, रास एव गोपी विरह का सुन्दर चित्रण है। भागवत के दशम स्कन्ध पर स्पष्ट उल्लेख है–

> दशम कथा भागौत की भाषा करी बनाइ।
> अवर बासना नाहि प्रभु धरम युद्ध को चाइ ॥ [145]

अमतराय ने चित्त विलास म राधा कृष्ण का नायक नायिका रूप म प्रस्तुत किया है। मगल कवि न महाभारत के शल्यपव का अनुवाद किया। हरिराय की छन्द रत्नावली के किंचित् छन्दो म कृष्ण भक्ति का महत्व निद शित है। सुखलाल राय ने दान मान रास, वशी एव सुदामा चरित्र क अ तगत कृष्णचरित्र अंकित किया है।

रीति के आचाय कवि देव ने 'भाव विलास', अष्टयाम एव भवानी विलास' में राधा-कृष्ण के सयोग एव वियोग एव अन्य लीलाओ का उल्लेख किया है। कवि भूपति द्वारा रचित भि रवन्धु विनोद' म श्रीकृष्ण स सम्बन्धित पाँच रचनाओं का उल्लेख है,[146] जिनम 'भागवत भाषा' या 'भागवत दशम स्कन्ध महत्वपूर्ण रचना है। श्री घनी की मदलिन पदावली म राधा-कृष्ण लीलाओं का सुन्दर वणन है। श्री हरिचरणदास माधुय एव भावपूर्ण रचन

करन म कुशल है। उन्होंने केशव और विहारी सतसई की सफल टीकाएं लिखी है। उनकी मौलिक रचनाओं– मोहन लीला और भागवत प्रकाश' म कृष्ण भक्ति और उनकी लीला से सम्बन्धित अनेक पद हैं। सुरति मिश्र की 'सुरति मिश्र ग्रन्थावली' के अन्तर्गत कृष्ण कथा का सुन्दर चित्रण है। महाराजा उद्योतसिंह उर्फ निमल प्रकाश ने 'भागवत बानी' मे ब्रजलीला, मथुरा गमन द्वारका निवास आदि का वणन है। नजीर अकबराबादी जिनका पूरा नाम वली मुहम्मद था ने कृष्ण जन्म एवं उनके अनेक संस्कारों कृष्ण जन्म के दधिकाधो छठी और ज्योनार आदि का विस्तृत वणन है। उन्हें भगवान कृष्ण पर इतनी निष्ठा थी कि व जन्माष्टमी म बड़े उत्साह स भाग लते थे। भिखारीदास दास ने काव्य निणय' शृगार निणय', 'विष्णु पुराण भाषा आदि ग्रन्थो मे राधा कृष्ण की चर्चा की है। इनकी निम्नलिखित पंक्ति लोक विश्रुत है–

आगे के कवि रीझिहैं तो कविताई।
न तु राधिका कन्हाई सुमिरन को बहानो है॥

गिरिधारी की रचना मे भागवत दशम स्कन्ध की कथा' के सजन म कृष्ण जन्म स गोपी उद्धव सवाद तक का सरस वणन है। सुदामा चरित्र' म कृष्ण सुदामा का उल्लेख है। चन्ददास के 'कृष्ण विनोद श्री भागवत पुराण, शृगार सागर पदावली आदि ग्रन्थों के अवलोकन करने से यह बात स्पष्ट हो जाता है कि ये कृष्ण जीवन की विभिन्न घटनाओं से बहुत ही प्रभावित थे। कृष्ण विनोद जो 90 अध्यायो म विभक्त है मैं कृष्ण के सम्पूर्ण जीवन का उल्लेख है। 'श्री भागवत पुराण श्रीमदभागवत की कथा पर आधारित है। इनका काव्य एक ओर रीति आचार्यों की परम्परा का निवाह करने वाला है दूसरी ओर भक्त हृदय की भावपूर्ण माधुर्य से ओत प्रोत है। लक्ष्मीनाथ परमहंस की कृष्ण कथा से सम्बन्धित दो कृतियाँ श्रीकृष्ण गीतावली और कृष्ण रत्नावली प्राप्त है।

पद्माकर राम भक्त कवि थ, परन्तु इन्होंने राधा कृष्ण के शृगारिक रूप होली रास लीला आदि कथाओं का मनोहारी वणन किया है जो उनकी कृष्ण सम्बन्धी रचनाओं– जगद् विनोद तथा पद्माभरण मे उपलब्ध है। बोधा ने इश्कनामा विरहवारीश' और कवित्त म कृष्ण के माधुर्य रूप का विर्णन किया है। सोमनाथ ने साधारण बोलचाल की भाषा म नन्ददास के रास पचाध्यायी स प्रभावित होकर रास पचाध्यायी नामक ग्रन्थ की रचना कर कृष्ण के विभिन्न लीलाओं का गान किया है। गुमान मिश्र

रचित 'कृष्ण चन्द्रिका' में कृष्ण जन्म एवं अनेक असुरों के संहार की कथा, पौराणिक आधार पर वर्णित है।

गुजरात निवासी दयाराम पुष्टिमार्गी भक्त थे। यह ब्रजभाषा के अच्छे कवि थे। इन्होंने 'सूरसारावली' और 'कालिय दमन लीला' का गुजराती में रूपान्तर किया है। कवि ठाकुर के 'ठाकुर ठसक' में कृष्ण के अप्रतिम सौंदर्य एवं विभिन्न लीलाओं का सफल चित्रण है। ठाकुर श्रीकृष्ण को ऐश्वर्य में भगवान और प्रेम सम्बन्धों में मानव रूप में स्वीकार करते हैं। रत्नहरि के कृष्ण भक्ति से सम्बन्धित 'एकादश भागवत स्कंध', 'दशम स्कन्ध कवितावली' और 'रास पंचाध्यायी' प्रमुख ग्रंथ हैं। किशोरीदास जो कृष्ण चरित्र से प्रभावित होकर जीवनपर्यंत वृन्दावन में ही रहे, ने स्फुट पदों में राधा कृष्ण की नित्यलीला का वर्णन किया। ग्वाल कवि मथुरा वृन्दावन के निवासी थे। इन्होंने राधा-माधव मिलन, राधाष्टक, श्रीकृष्ण जू को नख शिख, वंशीलाल गोपी पच्चीसी, शृंगार शतक आदि ग्रंथों की रचना राधा कृष्ण प्रसंगों को लेकर की है। शिवदास ने 'कृष्णायन' में कृष्ण कथा का सविस्तार वर्णन किया है। यह ग्रंथ सात काण्डों में विभक्त है और भागवत के दशम् स्कंध पर आधारित है। गोपाल कवि की रचना 'सुदामा शतक' में कृष्ण-सुदामा के मिलन की रोचक कथा है। कुंवरि रत्न की 'प्रेम रत्न' में कुरुक्षेत्र में कृष्ण और ब्रजवासियों के मिलन की कथा है। इसका भी आधार श्रीमद्-भागवत का दशम स्कन्ध ही है। महाराजा रघुराज सिंह द्वारा रचित 'रुक्मिणी परिचय', 'रहस पंचाध्यायी', 'भ्रमरगीत पदावली' और 'भागवत भाषा' ग्रंथों में कृष्ण से सम्बन्धित भक्ति और शृंगार की सुंदर निदर्शना है। भवानीदास जिन्हें उमादास भी कहा जाता है, ने महाभारत के पाँच पर्वों का अनुवाद किया है और कृष्ण चरित्र को लेकर 'सुदामा चरित्र' और 'बारामाह' नामक ग्रंथों की रचना की है।

राधा प्रम पूणता प्राप्त कर दाम्पत्य सूत्र म बधन की प्रतीक्षा में थी कि इसी बीच एक विनाशकारी घटना घटी जिसमें कृष्ण को मथुरा ले जाने के लिए अक्रूर आ पहुँचे। सारा व्रज प्रदेश वियोग की आशका से विरहाग्नि म जलने लगा। राधा जो कृष्ण की अनन्य प्रिया हैं अत उनकी दशा और भी दयनीय हो गयी है।[8] कृष्ण मथुरा चले गये हैं किन्तु राधा का वियोग उन्हें निरन्तर अशान्त बनाये रखता है। उनके लिए जो सन्देश कृष्ण ने उद्धव के द्वारा भेजा है उसमे प्रेम का विपुल और गम्भीर रूप विद्यमान है।

> जो राधा वृषभानु भूप तनया स्वर्गीय दिव्यागना
> शोभा है व्रज प्रान्त की अवनि की स्त्री जाति की वश की।

होगी हा ! वह भग्नभूत अति ही मेरे वियोगाब्धि में।
जो हो सभव तात पोत बन के तो त्राण देना उसे ।।[8]

राधा और कृष्ण का यह प्रेम उदात्त होकर लोक सेवा, परोपकार और सर्वभूत हित में परिणत हो जाता है। व्यक्तिगत सुख भोग को दोनों हेय मानकर निष्काम कर्म में लीन हो गये हैं। एक ओर कृष्ण लोक हित रत होकर दुखी एवं पीडित प्राणियों की रक्षा, दुष्ट, कुकर्मियों को उनके दुष्कर्मों का फल देने आदि कार्यों में लगे रहते हैं, दूसरी ओर राधा रुग्ण जनों की सेवा, दीन अबलाओं और विधवाओं के दुखों का निवारण[9] कर कलहमुक्त घर में शांति स्थापित करती थीं। मानवेतर प्राणियों के प्रति भी उनका विशेष प्रेम था। वह चींटियों को आटा देती, पक्षियों को दाना पानी देती यहाँ तक कि कीटादि का भी विशेष ध्यान रखती थी।[10] राधा और कृष्ण एक दूसरे से दूर अवश्य हैं किन्तु दोनों के कार्य कलापों में इतनी समता है कि दूरी दृष्टिगत नहीं होती। वास्तव में आदर्श प्रेमी का व्यापार यही है कि वह प्रिय के अनुरूप उसके आचरण और कर्तव्यों को जीवन में स्वीकार करके वैसा ही जीवन व्यतीत करे। हरिऔध जी ने राधा कृष्ण के प्रेम का नवीन रूप प्रस्तुत करते हुए आदर्शों की स्थापना की है। दोनों का यह प्रेम युगानुकूल और अनुकरणीय है।

श्रीकृष्ण परम सुंदर अगणित कलाओं से युक्त और बाल्यावस्था में ही अनेक दुष्टों का संहार करने वाले हैं। इसलिए केवल राधा के ही नहीं, ब्रज धरा के लिए वे अत्यधिक लोक प्रिय हो गये हैं। उद्धव के आने पर अपनी व्यथा को कहने के लिए उनके पास पंक्तिबद्ध होकर ब्रजवासी खड़े रहते हैं। जहाँ एक गोप ने अपनी बात समाप्त नहीं कर पायी, दूसरे ने अपने व्यथित हृदय की व्यथा और कृष्ण के सद्गुणों की कथा का गान करना आरम्भ कर दिया।[11] इस प्रकार केवल राधा ही नहीं जितने भी गोप गोपी हैं, उन सबको कृष्ण अत्यन्त प्रिय हैं।

(आ) देश प्रेम एवं राष्ट्र प्रेम अभिव्यक्ति–ब्रज एवं मथुरा के समीप कालियनाग, तृणावर्त अघासुर, बकासुर के सदृश अनेक दुष्टात्मा समाज को आतंकित किये हुए थे। कवि ने कृष्ण चरित्र में वीर रस का समावेश करके स्वदेश और स्वजाति-प्रेम का आदर्श प्रस्तुत किया है। कालियनाग के द्वारा फैलाये गये विषाक्त वातावरण से आकुल व्याकुल जनता को त्राण देने के लिए कृष्ण यमुना में कूद पड़े और यत्नपूर्वक उसे वहाँ से अलग कर दिया। हरिऔध जी ने ऐसे स्थलों पर कृष्ण को अलौकिक रूप में नहीं

मानव को अपने कर्तव्यों के प्रति सचेष्ट करने के लिए मानव रूप मे प्रस्तुत किया है। उन्हें जन्मभूमि एव स्वजाति के प्रति अटूट प्रेम है। उसकी रक्षा के लिए उनकी नाड़ियों मे शेष अन्तिम रक्त की बूँद तक सर्वभूतहित करने के लिए दृढ सकल्प सन्निहित है।[12] दावानल प्रसग में कवि ने श्रीकृष्ण के द्वारा राष्ट्र प्रेम और राष्ट्रीय आन्दोलन का उच्च स्वर आलाप किया है–

अत सखा से यह श्याम ने कहा।
स्वजाति उद्धार का महान धर्म है।
चलो करें पावक में प्रवेश औ
सधेनु लेवें निज जाति को बचा॥[13]
एव–
बढ़ा करो वीर स्वजाति का भला।
अपार दोनों विधि लाभ है हमे।
किया स्वकर्तव्य उबार जो लिया।
सुकीर्ति पायी यदि भस्म हो गये॥[14]

सभी ग्वाल बाला को सम्बोधित करते हुए कृष्ण स्वजाति (स्वदेश) की रक्षा को ही महान् धर्म का उपदेश देते हैं। पाप कर्मियो द्वारा जो भी अनिष्ट हो रहे हैं, उनसे समाज की सुरक्षा करना किसी भी दशा म श्रेयस्कर है। स्वजाति, स्वधर्म, स्वराष्ट्र की रक्षा हेतु प्राणो का न्योछावर करने के लिए सम्पूर्ण ब्रजप्रदेश का आह्वान करते हैं।

यद्यपि हरिऔध जी गाँधी जी की अहिंसा के पक्षधर हैं किन्तु उनकी दृष्टि म क्षमा और अहिंसा उन्हीं के लिए है जो राष्ट्र की प्रगति मे किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न करें–

अवश्य हिंसा अति निंद्य कर्म है।
तथापि कर्तव्य प्रधान है यही।
न सद्म हो पूरित सर्प आदि से।
वसुन्धरा में पनपें न पातकी॥[15]
एव–
समाज उत्पीड़क धर्म विप्लवी।
स्वजाति का शत्रु दुरन्त पातकी।
मनुष्य द्रोही भव प्राणि पुंज का।
न है क्षमा योग्य वरच वध्य है॥[16]

मानवता, समाज, देश एव राष्ट्र के प्रति समर्पित कृष्ण-व्यक्तित्व सहज ही व्यक्ति को अपनी ओर आकृष्ट कर लेने वाला है। उनके

सदव्यवहार एव साहसी कार्यों से छोटी अवस्था मे ही व्रज भूमि के सच्चे नेता बन जाते हैं। राधा म जनहित की भावना इस प्रकार से भर जाती है कि उसके समक्ष प्रिय के सयाग का उनकी दृष्टि मे कोई महत्त्व नही रहता–

प्यार जीवें जगहित करें गेह चाहे न आवें।[17]

इस प्रकार प्रियप्रवास के नायक कृष्ण और नायिका राधा दोनो विषम परिस्थितियो म दृढता से धैर्य धारण किए हुए मानवीय सेवा म सलग्न हैं। यही मानवता का उच्च आदश है, यही देश और राष्ट्र प्रेम भी है।

(इ) विश्वप्रम-अभिव्यक्ति–हरिऔध जी के युग म जहाँ एक ओर देश और राष्ट्र के समक्ष अनेक चुनौतियाँ थीं, वहां विश्व बन्धुत्व के आन्दोलन म भी उन्ह आन्दोलित किया। प्रियप्रवास के कृष्ण परिवार जाति और प्राण प्रिय व्रजभूमि क हित का त्याग करके जगत् हित व्रत क व्रती बन जाते हैं–

जो होता है निरत तप मे मुक्ति की कामना से।
आत्मार्थी है न कह सकते हैं उसे आत्मत्यागी।
जी से प्यारा जगतहित औ लोक सेवा जिसे है।
प्यारी सच्चा अवनितल म आत्मत्यागी वही है।[18]

कवि जगत हित के समक्ष मोक्ष प्राप्त करने की कामना से की गयी तपस्या को भी तुच्छ और स्वार्थसिद्धि की सज्ञा देता है। प्रियप्रवास क कृष्ण पथ्वीतल क इतन बडे हितैषी हो गये हैं। कि उनक लिए विश्व का प्रेम प्राणा से बढकर हो गया है–

वे जी से है अवनिजन के प्राणियो के हितैषी।
प्राणो से है अधिक उनको विश्व का प्रेम प्यारा ॥[19]

व्रज की गोपियाँ एव राधा सभी यह समझ गय है कि श्रीकृष्ण को विश्वप्रम से बढकर ससार मे कुछ भी नहीं है। राधा, जो कृष्ण की अन्यतम प्रियतमा हैं उन्ह तो विश्व के समस्त पदार्थों म कृष्ण का रूप सौन्दय एव आचरण दृष्टिगोचर होता है। वे कृष्ण प्रेम को साधक सिद्ध करती हुई यह स्वीकार करती हैं कि मेरे अन्तराल म भी विश्व प्रेम जाग उठा है–

मेरे जी मे हृदय विजयी विश्व का प्रम जागा।
मैंने देखा परमप्रभु को स्वीय प्राणेश ही म ॥[20]

कवि की दृष्टि इतनी पैनी होती है उसकी दृष्टि से समाज या विश्व का कोई तत्त्व या तथ्य छूट नहीं सकता। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का

स्वर तत्कालीन समाज मे मुखरित हुआ था उसे कवि ने प्रियप्रवास के माध्यम से शब्दध्वनि करता हुआ जन जन की भावना तक पहुँचाने का प्रयास किया है। लोक विश्रुत, पुराणों एवं भक्तिकाल के ब्रह्म श्रीकृष्ण के चरित्र के माध्यम से एकरूपता समता और हृदय की उदात्तता से युक्त विश्व प्रेम का ऐसा चित्र प्रस्तुत किया है जिसे पढकर मानव को सच्चे आत्मस्वरूप का दर्शन होता है और व्यक्ति मानवजीवन का धर्म स्वीकार करता है। ग्रन्थ का अन्तिम छन्द राधा कृष्ण दोनो के उदात्त रूप को उजागर करता है एवं कवि ऐसे महापुरुषों के बार बार जन्म लेने की अभिलाषा विश्व कल्याण के लिए ही करता है–

> सच्चे स्नेही अवनिजन के देश के श्याम जसे।
> राधा जसी सदय हृदया विश्वप्रेमा अनुरक्ता।
> हे विश्वात्मा! भारत भुव के अंक में और आवें।
> ऐसी व्यापी विरह घटना किन्तु कोई न होवे ॥[2]

सौन्दर्य-अभिव्यक्ति

विश्व मानवता के अतीत की ओर दृष्टिपात करने से यह तथ्य प्रकाश मे आता है कि अनादिकाल से विभिन्न संस्कृति, सभ्यता और विचार धाराएं विविध रूपों मे सरिता प्रवाह सदृश प्रवाहित होती रही, किन्तु सौन्दर्य प्रिय मानव की इस दृष्टि में कोई परिवर्तन न हुआ। सृष्टि के आदि से मानव का सौन्दर्य प्रेमी होना इस बात की पुष्टि करता है कि सौन्दर्य प्रियता मानव का स्वाभाविक प्रवृत्ति है। सौन्दर्य वह तत्व है जो सरलता एवं प्रसन्नता प्रदान करने के साथ मन पर गम्भीर प्रभाव भी डालता है। सौन्दर्य तत्व के समान काव्य भी मानव हृदय मे सरसता का संचार करते हैं और उसे गम्भीरता से प्रभावित करते हैं। काव्य में सत्य शिव के साथ सुन्दरतम की अनिवार्यता पर बल दिया गया है। इसलिए काव्य में सौन्दर्य निरूपण मानव और प्रकृति के माध्यम से होता रहा है। प्रियप्रवास मे दोनों रूपों मे सौन्दर्य का चित्रण किया गया है।

(अ) मानवीय सौन्दर्य अभिव्यक्ति–इसके अन्तर्गत श्रीकृष्ण और राधा के अप्रतिम रूप सौन्दर्य का वर्णन यथास्थान कवि ने पूर्ण भावना एवं मनोयोग से किया है। श्रीकृष्ण गायें चराकर लौट रहे हैं उस समय उनकी आभा दर्शनीय है। उनकी कान्ति श्यामल नवल नीरद के समान सुकुमार एवं सरस है–

> अतसि पुष्प अलंकृत कारिणी।
> शरद नील सरोरुह रंजिनी।

नवल सुदर श्याम शरीर की।
सजल नीरद सी कल काति थी।।[22]

कृष्ण के अग प्रत्यग अत्यन्त आकर्षक[23] थे। अनेक वस्त्र आभूषणों से सुसज्जित[24] सहज ही मन को आकृष्ट कर लेने वाली मुस्कान एव उनका मदु भाषण[25] मधु वर्षिणी मुरली के मधुर स्वर[26] से युक्त श्रीकृष्ण ने किशोरावस्था मे ही सम्पूर्ण ब्रज को मोह लिया था। गोपियाँ कृष्ण को समक्ष पाकर अपलक दृष्टि से देखा करती थीं–

पलक लोचन की पड़ती न थी।
हिल नही सकता तन लोम था।
छबिरता बनिता सब यों बनी।
उबल निर्मित पुत्तलिका यथा।।[27]

भागवत के समान ही प्रियप्रवास मे श्रीकृष्ण के अनन्य सौन्दर्य का वर्णन है। कवि ने उनके कटि प्रदेश पर लहराते हुए पीताम्बर सुदर कधे मकराकृति कुण्डल श्वेतरत्न चन्द्रिका सा सुशोभित मोरमुकुट लम्बी भुजाएँ उन्नत वक्ष का मनमोहक और आकर्षक चित्र प्रस्तुत किया है–

विलसता कटि मे पट पीत था।
रुचिर वस्त्र विभूषित गात था।
+ + +
सबल जानु विलम्बित बाहु थी।
अति सुपुष्ट समुन्नत वक्ष था।।[28]

राधा पवन को दूती रूप मे प्रेषित करते समय उसको विविध प्रकार से समझाती हुई, मार्ग के विघ्न बाधाओं से मुक्त होकर, मथुरा की ओर बढने के लिए कहती है। साथ ही उसी से अपने प्रिय कृष्ण के सौन्दर्य उनकी आभा और सुकुमारता का परिचय कराती हैं। वह पवन दूती से कहती है कि मथुरा जाकर तू बादल सी कान्ति वाले प्रिय शरीर को देखोगी जिनके अद्भुत ज्योति वाले नेत्र एव सौम्य मुखमुद्रा मदु वचनो से सभी को सिंचित करते हुए तथा पीताम्बर धारण किए हुए सहज ही अपनी आभा से लोगों को आकृष्ट कर रहे होंगे। यही नहीं कवि ने लोहा को स्वर्ण बनाने वाले पारस पत्थर से कृष्ण की उपमा दी है–

तू देखेगी जलद तन को जा वहीं तदगता हो।
होंगे लोने नयन उनके ज्योति उत्कीर्णकारी।
+ + +
देते होंगे प्रथित गुण वे देख सदृष्टि द्वारा।
लोहा को छू कलित कर से स्वर्ण होंगे बनाते।।[29]

इस प्रकार कवि ने ईश्वर रूप कृष्ण को न प्रस्तुत करते हुए भी उनके प्रिय सौदय का निरूपण किया है। उनके अग प्रत्यगों की रचना एव उनकी समरूपता को चित्रित करने मे कवि पूण सफल है। रूप सौदय और उस पर धारण किय गये वस्त्र आभूषण तो कामदेव को लज्जित करन वाले है। ब्रज प्रदेश की युवक-युवतियाँ बालक वद्ध सभी श्रीकृष्ण के अपूव सौदय पर मोहित हो उनकी विरुदावली सबके सब सदैव गाते रहते हैं—

> रमणियाँ सब ल गहबालिका।
> पुरुष लेकर बालक मडली।
> कथन थे करते कल कठ से।
> ब्रज विभूषण की विरुदावली ॥[30]

साथ ही कृष्ण का पराक्रमी-शौय रूप, जिसमे उन्होने ब्रज म आने वाली प्रलयकारी अनेक भीषणताओ का डटकर सामना किया है और ब्रज जन के प्राणो की रक्षा की है। उनका प्राणो की परवाह न करके सदैव लोकहित में रत रहना उनके सौदय मे चार चाँद लगा देता है। श्रीकृष्ण अदभुत और अलौकिक शक्ति से युक्त हैं। कालीयनाग प्रसग' मे इसका मूर्तिमान स्वरूप दष्टिगोचर होता है। जब व वेणुनाद से मुग्ध करके स्वय बाहर दिखाई पडते हैं तो उस समय उनका वह सौदय अपूव ही लगता है। जहाँ सवत्र निराशा, विषाद का वातावरण फैला हुआ था, वहीं कृष्ण के दष्टिगत होते ही सभी आनन्द स विभोर हो गये—

> फणीश शीशोपरि राजती रही।
> सुमूर्ति शोभा मय श्री मुकुन्द की।
> विकीणकारी कल ज्योति चक्षु थे।
> अतीव उत्फुल्ल मुखारविन्द था ॥
> विचित्र थी शीश किरीट की प्रभा।
> कसी हुई थी कटि मे सु काछनी।
> दुकूल से शोभित कान्त काय था।
> विलम्बिता थी वन-माल कण्ठ म ॥[31]

श्रीकृष्ण को राधा अन्य गोप गोपिकाओ, नन्द यशोदा, यहाँ तक कि मानवेतर प्राणी के अत्यधिक प्रिय हैं। उनका सहज स्वभाव, सम्पूण ब्रज के हित में रत रहना एव अनुलनीय सौदय ब्रजवासियों के लिए जीवनदायी है। हरिऔध जी ने राधा क सौन्दय वणन म अपनी कलात्मकता का परिचय दिया है। उन्होंने उस अनेक विशेषणो स विभूषित किया है—

रूपोद्यान प्रफुल्ल प्राय कलिका राकेन्दु बिम्बना।
तन्वगी कल हासिनी सुरसिका क्रीडा कला पुत्तली।[32]
+ + +
सदभावातिरता अनन्य हृदया सत्प्रेम सपोषिका।
राधा थीं सुमना प्रसन्नवदना स्त्रीजाति रत्नोपमा।।[33]

कवि ने राधा के सौन्दय का वणन करते हुए, उन्हे स्त्री जाति के रत्न के रूप मे स्वीकार किया है। उनकी मुख मण्डल दीप्ति प्रफुल्लित होने वाली कली की आभा दे रही है, उनकी क्रीडा मदुभाषण मग नेत्र स्वर्णिम गात आह्लादक मुस्कान कुंचित अलकें एव भाव विभावो से पूरित चेष्टाए सभी को आनन्दित करने वाली हैं।

यह राधा का आरम्भिक प्रेम है किन्तु जब उद्धव राधा के पास कृष्ण का सन्देश लेकर आते हैं, उस समय राधा जिस वाटिका म विचरण करती हैं, वह वाटिका तपोभूमि सदृश आभावान हो जाती है। वियोग से व्यथित राधा एकान्त मे ही रहा करती है और तपस्वी सा जीवन बिताया करती है। उनके मखमण्डल में वियोग विधुरा होने के बाद भी इतनी आभा है कि वह अलिव द से आवत्त हैं। मुखमण्डल पर म्लानता अवश्य है फिर भी देविया जैसी दिव्यता विद्यमान है। उनके मुख मण्डल पर प्रफुल्लता और आकुलता का समन्वित रूप उनके रूप माधुय मे अलौकिक सौन्दय का आभास दिलाता है–

प्रशान्त म्लाना वषभानु कन्यका।
सुमूर्ति देवी सम दिव्यतामयी।
विलोक हो भावित भक्ति भाव स।
विचित्र ऊधो उर की दशा हुई।।
अतीव थी कोमल कान्ति नेत्र की।
परन्तु थी शान्ति विषाद अंकिता।
विचित्र मुद्रा मुख पद्म की मिली।
प्रफुल्लता आकुलता समन्विता ।।[34]

ग्रथ के अन्तिम भाग मे राधा का प्रेम कृष्ण के प्रति उदात्त होकर उनके सौन्दय को और भी बढ़ा देता है जब उनका लक्ष्य मात्र अनाथा वद्धों और विधवाओं की सेवा करना ही रह जाता है।

राधा और कृष्ण दोना के बाल एव यौवन के रूप सौन्दय और उनकी कत्तव्य परायता उनके साहस धय आदि गुणों से समन्वित चरित्र को प्रस्तुत कर कवि ने अपनी सौन्दय प्रियता एव सहृदयता दोनो का परिचय दिया है। इस प्रकार कवि मानवीय सौन्दय वणन म पूण सफल है।

(आ) प्राकृतिक सौन्दय अभिव्यक्ति–प्रकृति के प्रागण म ही मानव का जन्म हुआ है, उसी मे उसका लालन पालन हुआ है और वह उसी मे फला फूला है। प्रकृति के अनेक रूपो से मानव को आश्चय होता है। वह कभी कभी शत्रुवत् व्यवहार करती हुई प्रतीत होती है और कभी कभी विविधताओ और विचित्रताओ से सहज ही मन को आकृष्ट कर लेती है। मानवता के विकास के साथ मनुष्य ने प्रकृति को सहायिका रूप मे स्वीकार किया। भारत देश का प्राकृतिक एव भौतिक स्वरूप विचित्रताओ से भरा है। उत्ताल तरगो से युक्त लहराता हुआ सागर तथा उत्तर म सहस्रो मील लम्बी पवत शृखलाएँ एव उन पर कल कल निनादित झरने, म थर और तीव्र वेग से प्रवाहित हैं।

नदियो द्वारा सिंचित हरीतिमा स उन्मत्त लहराती हुई सस्य श्यामला धरती सहज ही *मन मे अगणित भावनाओ का सचार करती है। यही कारण* है कि आदिकाल से लेकर अब तक के कवियो न मुक्त कण्ठ से प्रकृति के सुकुमार दश्यो का चित्र प्रस्तुत किया है। अ य कवियो की भाँति हरिऔध जी भी प्रकृति के नाना रूपों एव विविधताओ से प्रभावित हुए हैं, जिसकी अभिव्यक्ति प्रियप्रवास म हुई है। कवि न तो प्राचीन स्तुतिपरक परिपाटी को छोडकर ग्र थ का श्रीगणश ही प्रकृति चित्रण से किया है।"[35] इसी से उसके अ तराल को प्राकृतिक उपादानो ने कितना आकृष्ट किया है, स्पष्ट हो जाता है। सम्पूण ग्र थ प्रकृति की विविधताओ से ओत प्रोत है। कवि ने प्रात, शरद, वस त, वर्षा, सरोवर, कमल आदि जो सहज ही मन को लुभा लेने वाले हैं, उनका आकषक चित्र प्रस्तुत किया है। प्रकृति के प्रति प्रेम, कवि क व्यक्तित्व की सबसे बडी विशेषता है। प्रकृति के विविध रूपा का विस्तत विवेचन अगल खण्ड मे किया गया है। प्रकृति के अदभुत एव अपूव सौन्दय का सहज निरूपण कवि क अ तजगत भाव भूमि का सहज ही परिचय करा दता है। जन्म से लकर अ त तक क सम्पूण जीवन की सहचरी प्रकृति क साथ ऐसा भाव स्वाभाविक ही है।

भाव और रस अभिव्यक्ति

भाव मानव हृदय क अनुभवजन्य अभिन्न अग हैं, यह मनुष्य के अन्तराल की स्वाभाविक वत्ति हैं जिनक रूप अन त हैं। भाव इन्द्रियजन्य, प्रभावात्मक और गुणात्मक होत हैं। इनका अनुभव विभाव अनुभाव सचारी-भाव द्वारा होता है। काव्य म वर्णित मानसिक विकृतियो, सवेदनाओ, दृष्टा के दृश्यों, आश्चयचकित करने वाले दृश्यों एव सौन्दय के उपकरणो को देख

कर विभिन्न प्रकार के भाव उद्दीप्त होते हैं। यही विविध भाव अनेक रसों की सृष्टि करते हैं।

संस्कृत आचार्यों ने काव्य सन्दर्भ में विभिन्न सम्प्रदायों का प्रतिपादन किया है। सभी आचार्य अपने-अपने सम्प्रदायों की विशिष्टता स्वीकार करते हैं। आचार्य भरतमुनि और आचार्य विश्वनाथ ने रस की महत्ता को स्वीकार करते हुए उसको काव्य की आत्मा कहा है। 'वाक्यम् रसात्मकं काव्यं' के आधार पर काव्य में रसात्मकता अनिवार्य है। रसों का अनुभव हृदय में प्राप्त स्थायी भावों के उद्दीप्त होने से होता है। वे इस प्रकार हैं–रति (शृंगार) हास (हास्य) शोक (करुण), क्रोध (रौद्र), उत्साह (वीर) भय (भयानक) जुगुप्सा (वीभत्स) विस्मय (अद्भुत) निर्वेद (शान्त), वत्सल (वात्सल्य)।

इन सभी भावों एवं उनसे उद्दीप्त रसों में प्रियप्रवास में रतिभाव (शृंगार रस) की अधिक व्यंजना हुई है। शृंगार रस के संयोग और विप्रलम्भ–दोनों रूपों में विप्रलम्भ शृंगार का रूप प्राप्त है। वियोग शृंगार के–पूर्वराग मान प्रवास और करुण चार भेदों में प्रियप्रवास में प्रवास की प्रधानता है। प्रिय का किसी कारणवश, शापवश अथवा सम्भ्रम देशान्तर गमन (प्रवास) आश्रय के हृदय में वियोग शृंगार की उत्पत्ति करता है। चूँकि प्रियप्रवास का आरम्भ ही सर्केता से होता है और कृष्ण के प्रवास की दशा में प्रियप्रवास महाकाव्य प्रारम्भ से ही आश्रय के तज्जन्य विचारों से आपूरित है। इसलिए निश्चित ही अधिकांश स्थलों पर प्रवास के दर्शन होते हैं। अन्यत्र वर्ण्य विषय के सम्यक् निर्वाह हेतु परिस्थितियों के अनुसार अन्य रसों का भी प्रियप्रवास में समुचित सन्निवेश है।

(अ) संयोग शृंगार–प्रियप्रवास में अक्रूर के आगमन का समाचार मिलने से पूर्व संयोग शृंगार का सुन्दर चित्र दृष्टिगोचर होता है। सायंकालीन अनुरंजनकारिणी लालिमा कृष्ण की रूप माधुरी रसवर्षिणी वंशी, उनकी मनमोहक मुस्कान एवं उनके बंकिम नेत्र–सभी कुछ मन मोह लेने वाले हैं। कृष्ण के रूप लावण्य और क्रिया कलापों पर समस्त व्रज मण्डल अपना सर्वस्व न्योछावर कर रहा है। व्रज बालायें मूर्तिवत अनिमेषदृष्ट्या कृष्ण की रूप माधुरी का निहारती रहती हैं–

मुदित गोकुल की जन मण्डली।
जब ब्रजाधिप सम्मुख जा पड़ी।
निरखने मुख की छवि यों लगी।
तृषित चातक ज्यों घन की घटा॥

पलक लोचन की पडती न थी।
हिल नहीं सकता तन लोम था।
छविरता वनिता सब यो बनी।
उपल निर्मित पुत्तलिका यथा।।''[36]

श्रीकृष्ण के अपरूप रूप के दर्शन में इतना आनन्द है, जो मुग्धकारी एवं वर्णनातीत है। जो बाला उन्हें देखती है, कुतूहल और विस्मय में पडकर तृण तोडने लगती है। मुरली की ध्वनि के साथ अन्य वाद्य-यन्त्र निनादित होकर सम्पूर्ण ब्रज को विमुग्ध कर रहे हैं।[37] इस प्रकार प्रियप्रवास के प्रारम्भ में संयोग शृंगार की छटा सर्वत्र दर्शनीय है।

(आ) वियोग या विप्रलम्भ शृंगार–जैसा कि ऊपर स्पष्ट किया जा चुका है श्रीकृष्ण के प्रवास के कारण सम्पूर्ण 'प्रियप्रवास' वियोग वेदना से आपूरित है। राधा, यशोदा नन्द, गोप गोपियों, गायों आदि के लिए प्रिय कृष्ण की अनुपस्थिति अत्यधिक कष्टकारी है। इस ग्रन्थ के चार, छ चौदह पन्द्रह सोलह एवं सत्रहवें सर्गों में गोप गोपिकाओं एवं राधा की विरह-व्यथा का तथा नौ, चौदह एवं सोलहवें सर्ग में कृष्ण की वेदनानुभूति वर्णित है। राधा ने अभी प्रिय प्रवास का समाचार ही सुना है कि उनकी दशा अत्यन्त दयनीय हो गयी है–

'विकसिता कलिका हिमपात से।
तुरत ज्यों बनती अति म्लान है।
सुन प्रसंग मुकुन्द प्रवास की।
मलिन त्यों वृषभानुसुता हुई।।''[38]

राधा के लिए प्रकृति अनिष्टकारी प्रतीत होने लगी है। प्राची की उषा-लालिमा में युवती के रक्त वर्ण का आभास होने लगा है अथवा ऐसा लगता है मानो दिशाओं में आग की ज्वाला फूट रही है–

'क्षितिज निकट कैसी लालिमा दीखती है।
वह रुधिर रहा है कौन सी कामिनी का।
विहग विकल से हो बोलने क्यों लगे हैं।
सखि सकल दिशा में आग सी क्यों लगी है।।'[39]

हरिऔध जी ने परम्परागत वियोग की दशाओं–अभिलाषा, चिन्ता, गुणकथन, उद्वेग प्रलाप व्याधि, जड़ता, मरण को प्रस्तुत नहीं किया है किन्तु पवन दूती प्रसंग में अप्रत्यक्ष रूप में वियोग विधुरा राधा के कथन और कथनों में ये दशाएँ दृष्टिगोचर होती हैं। राधा की यह अभिलाषा है कि यदि पवन अपने क्रिया कलापों द्वारा उनको मेरा स्मरण करा दे तो

निश्चित ही उनकी दृष्टि इधर घूमेगी। वह पवन से प्रार्थना करने लगती हैं। '40 राधा का शरीर वियोग की व्यथा से व्याधियुक्त होकर पीला पड गया है। पवनदूतो के माध्यम से राधा स्वव्याधिग्रस्ता दशा का ज्ञान प्रिय को कराना चाहती हैं–

कोई पत्ता नवल तरु का पीत जो हो रहा हो।
तो प्यार के दृग युगल के सामने ला उसे ही।
धीरे-धीरे सभल रखना औ उन्हें यो बताना।
पीला होना प्रबल दुख से प्रोषिता सा हमारा।। 41

इन प्रसगो म राधा की विरह वेदना अत्यधिक बढी हुई और प्रिय कृष्ण से मिलन की उत्कट अभिलाषा दृष्टिगोचर होती है, जिसमे स्त्र्युचित स्वाभाविकता, वाकपटुता और मिलन की युक्ति से भिन्न राधा के दर्शन होते हैं। पवन द्वारा भेजे गये सन्देश म उसका विरहिणी रूप लुप्त सा हो जाता है, वह एक चतुर रमणी प्रतीत होती है, क्योकि उनम व्यथित हृदय के गाम्भीर्य का अभाव है। इसीलिए वियोग की सभी दशायें भी यहाँ व्यक्त नही हो सकीं।

'विरहिणी राधा का उज्ज्वल एव उदात्त रूप उद्धव सवाद मे उभरता है। यह प्रियप्रवास' मे पूर्ववर्ती काव्यो से कही अधिक उदार कारुणिक लोकहितरत और विश्व मगल की भावना से ओत प्रोत है। यहाँ वह न तो जयदेव एव विद्यापति की राधा की तरह कुसुमाकर के बाणो स बिद्ध होकर विलास कामना स अपूर्ण रह जाने पर व्यथित एव बेचैन दिखाई देती है न सूरदास नददास आदि कृष्ण भक्त कवियो की राधावत अहर्निश अश्रु नही बहाती हुई हा कृष्ण! हा कृष्ण! की रट लगाती रहती हैं और न रात दिन साकेत की उर्मिला की तरह करवटें बदलती हुई अपनी विरह वेदना को व्यक्त करती है, अपितु यहाँ राधा विश्व प्रेम, विश्व मत्री एव करुणा की उदार मूर्ति के रूप म दिखाई देती है।"42 उद्धव द्वारा प्रियतम कृष्ण का सन्देश पाकर राधा पर ऐसा प्रभाव पडता है कि उसे निखिल विश्व म प्रियतम की व्याप्ति का आभास होने लगता है–

'मैंने की हैं कथन जितनी शास्त्र विज्ञात बातें।
वे बातें हैं प्रकट करती ब्रह्म है विश्व रूपी।
व्यापी है विश्व प्रियतम म विश्व म प्राण प्यारा।
यो ही मैंने जगत पति को श्याम मे है विलोका।।' 43

राधा को प्रकृति के विविध रूपो–तारा कुजा, भ्रमर, कमल उषा की लालिमा, वर्षा आदि म श्रीकृष्ण की रूप माधुरी दृष्टिगोचर होने

लगती है ।[44] राधा का वियोग इतना उदात्त हो जाता है कि वह लोक-सेवा करके ही अपने को सफल प्रेमी स्वीकार करती है । वह प्रीतम श्रीकृष्ण के जीवन की अभिलाषा करती हुई उन्हें भी जगत हित मे प्रवत्त रहने की इच्छा प्रकट करती है ।[45] प्रियप्रवास की राधा ने मानव कल्याण म ही लीन नहीं है, अपितु उन्होंने कीट पतग, पशु पक्षी सभी के दु खो को दूर करना ही अपना लक्ष्य बना लिया है । इसलिए वह ब्रजधरा की आराध्या और नारी जगत की आदर्श बन गयी हैं ।

कवि गोप गोपी-विरह वणन म परम्परावादी हो गया है । यहाँ गोप गोपियाँ प्रकृति के मनोहारी रूपो को देख कृष्ण की केलि-क्रीडाओ का स्मरण कर बिलखती हैं । उन्हें अपने प्रियतम कृष्ण पर ऐसा दृढ प्रेम है कि असम्भाव्य घटनाओ के घटित होने के बाद भी वे किसी दशा म कृष्ण को छोडने के लिए तयार नहीं हैं । कृष्ण की वह रूप माधुरी प्राणिमात्र के अन्तस्तल म समायी हुई है । नत्रो म भी वही मूर्ति रमी है तब उस भला कोई कैसे ओझल कर सकता है—

जो प्यारा है अखिल ब्रज के प्राणियो का बडा ही ।
रोमो की भी अवलि जिसके रग ही मे रगी है ।
कोई देही बन अवनि में भूला कसे उसे दे ।
जो प्राणों म हृदयतल मे लोचनो म रमा है ।।[46]

गोपियाँ कृष्ण को सवव्यापी मानते हुए कहती हैं कि उनके अभाव म ब्रजभूमि मृतप्राय होती जा रही है । वे कहती हैं कि हे उद्धव आप कोई उपाय करके इन्हें जीवन दान देने की कृपा करें ।[47] इस प्रकार गोपियो की विरह व्यथा अत्यन्त मार्मिक और कारुणिक हो जाती है । एक गोपी अपने वियोग की व्यथा को पुष्प और उस पर मडराने हुए भौंरे से कहती है और जब भौंरा उसकी बातो की उपेक्षा करता हुआ अपनी मस्ती म गुन गुनाता रहता है तो वह उसकी भर्त्सना करती हुई, उस ढीठ, चपल और स्वार्थी कहती है—

अयि अलि तुझम भी सौम्यता हूँ न पाती ।
मम दुख सुनता है चित्त देके नहीं तू ।।
अति चपल बडा ही ढीठ औ कौतुकी है ।
थिर तनक न होता है किसी पुष्प म भी ।।[48]

विरह की दशा म वियोगी की दशा असामान्य हो जाती है । प्रकृति के उपादान कभी दुखद और कभी सहानुभूति प्रदान करते हुए प्रतीत होने हैं । गोपी को कोकिला का स्वर अचानक सुनाई पडता है किन्तु उस निज-

वत कोकिला भी दुःख विषाद से पीड़ित दिखाई पड़ती है। इस प्रकार हरिऔध जी वियोग वर्णन में नवीन मूल्यों का स्वीकार करते हुए कहीं कहीं परम्परावादी हो गये हैं। ग्रंथ में आद्यन्त वियोगपूरित व्यथाओं से 'प्रियप्रवास' की सार्थकता में किसी प्रकार का सन्देह नहीं रह जाता। उन्होंने राधा एवं गोपियों की विरहपूर्ण व्यथा के अनूठे चित्र अंकित किये हैं। उनकी विरहिणियाँ अत्यन्त आकुल व्याकुल और बेचैन हैं।[49]

(इ) वात्सल्य–'वात्सल्य भाव मनुष्य की स्वाभाविक एवं मूल प्रवृत्ति है। चूँकि इसका सम्बन्ध आत्म स्वरूप अपनी सन्तान से है, इसलिए सहज ही मानवमन इसमें विभोर हो जाता है। प्राचीनकाल से साहित्य में इसके प्रयुक्त होने पर भी इसे 'रस' की पंक्ति में नहीं रखा गया, यह आश्चर्य की बात है। हिन्दी के वर्तमान आलोचक डा० नगेन्द्र जी इसकी रसवत्ता स्वीकार करते हुए कहते हैं–' वात्सल्य का पक्ष निश्चय ही अधिक प्रबल है। वात्सल्य भाव मातवृत्ति या मनोमय अनुभव है और मातवृत्ति निश्चय ही जीवन की अत्यन्त मौलिक वृत्ति है। अतः वात्सल्य के रसत्व का निषेध सम्भव नहीं है, न उसका शृंगार आदि में अन्तर्भाव उचित है और न केवल भाव कोटि तक ही उसका विकास मानना ठीक होगा।"[50]

वत्सल भाव को रस रूप में प्रतिष्ठित करने का श्रेय वात्सल्य सम्राट सूर को है। हरिऔध जी सूर के समान वात्सल्य रस के चित्रण में पूर्ण सफल हैं। उन्होंने वात्सल्य को शृंगार की भाँति संयोग वियोग दोनों रूपों में प्रस्तुत किया है। प्रियप्रवास के तृतीय सर्ग में संयोग वात्सल्य का रूप प्राप्त है। कृष्ण का मथुरा गमन निश्चित हो जाने पर वियोग की आशंका ने नन्द यशोदा दोनों को व्यथित कर दिया है–

जब कभी बढ़ती उर की व्यथा।
निकट जा करके तब द्वार के।
वह रहे नभ नीरव देखते।
निशि घटी अवधारणा के लिए।।

× × ×

हरि न जाग उठें इस सोच से।
सिसिकतीं कभी वह थीं नहीं।
इसलिए उनका दुख वेग से।
हृदय था शतधा अब हो रहा।।[51]

इस संयोग में भी माता पिता को सुखानुभूति नहीं हो पाती। सूर की यशोदा बालकृष्ण के अनेक क्रिया-कलापों पर हजारों खुशियाँ न्यौछावर

करती थी, पर तु हरिऔध की यशोदा को यह सौभाग्य न प्राप्त हो सका, वे तो सयोग म भी वियोग की तरह रात के तारे गिन रही हैं।

कृष्ण के मथुरा प्रस्थान करने पर यशोदा की विक्षिप्तवत् दशा हो जाती है। वह माग में बालका की सुख सुविधा का ध्यान रखने के लिए नन्द को सचेत करती हुई कहती हैं–

लख कर मुख सूखा सूखता है कलेजा।
उर विचलित होता है विलोक दुखों को।
शिर पर सुत के जो आपदा नाथ आयी।
यह अवनि फटेगी औ समा जाऊँगी मैं ॥[52]

अक्रूर कृष्ण और बलराम के साथ नद को भी ले जाते हैं। नन्द बाबा जब मथुरा से एकाकी लौटते है तो उनकी दशा वन के लिए राम को भेज कर लौटे सुमत जी की सी होती है। अकेला पति को आया हुआ देख कर यशोदा का हृदय अत्य त व्याकुल हो उठता है और वे विलाप करने लगती हैं। उनके इस विलाप म जो कसक, टीस और करुणा भरी हुई है, उससे पाषाण भी द्रवित हो उठते हैं–

प्रिय पति वह मरा प्राण प्यारा कहाँ है।
दुख जलधि निमग्नता का सहारा कहाँ है।
अब तक जिसको मैं देख के जी सकी हूँ।
वह हृदय हमारा नत्र तारा कहाँ है ॥[53]

(ई) वात्सल्य वियोग म माता का विलाप करुणा का दृश्य प्रस्तुत कर देता है। माता रोती विलखती हुई पुन कृष्ण को वृद्धा के सहारे, प्राणा के प्यारे गृह शोभा और नत्र के तारे कहती है। अब प्रिय पुत्र के वियोग में उन्हें जीवन की आशा भी जाती रही। उनको मात्र यही खेद मारे डाल रहा है कि मरन के पहले एक बार पुन का दशन कर पातीं–

कसे होवे अलग तुमसे आज भी मैं बची हूँ।
जा मैं ही हूँ समझ न सकी तो तुम्हे क्या बताऊँ।
हाँ जीऊँगी अब न पर है वेदना एक होती।
तेरा प्यारे वदन मरती बार मैंने न देखा ॥[54]

सन्देश लेकर उद्धव के जाने पर कृष्ण का न आना निश्चय मानकर माता यशोदा का हृदय विदीर्ण हो जाता है। कृष्ण के चले जाने के बाद पुन वापस न लौटने के कारण माता शारीरिक, मानसिक दोनो रूपा म अत्यधिक शिथिल हो गयी हैं। उनके नेत्रा की ज्योति जाती रही है। व काना स पुत्र की मधुर वाणी के अतिरिक्त कुछ सुन नहीं सकतीं। कृष्ण की

क्रीडाएँ, गोपियों के प्रति प्रेम समय समय पर किये गये अनेक अलौकिक साहसी कार्यों आदि का वर्णन करती हुई यशोदा वियोग वात्सल्य की सरिता प्रवाहित करती है परम ज्ञानी उद्धव भी उसी में डुबकियाँ लगाने लगते हैं। इस प्रकार कवि द्वारा प्रस्तुत वात्सल्य मार्मिक और हृदयस्पर्शी है। हरिऔध जी के *प्रियप्रवास में भावुकतावश वियोग वात्सल्य में करुण रस का सा* आभास होने लगता है।

(उ) वीर रस—जब किसी पात्र में दीनों की रक्षा या धर्म की रक्षा के लिए 'उत्साह' उत्पन्न होकर क्रियाशील हो जाता है, तब वीर रस की निष्पत्ति होती है। प्रियप्रवास में दानवीर, धर्मवीर, युद्धवीर और दयावीर—चारों रूपों के दर्शन होते हैं।

(क) दानवीर—यमुना में कालियानाग का विष इस प्रकार फैल गया कि उसका जल ग्रहण करने पर भी कोई प्राणी जीवित नहीं बचता था। इससे सम्पूर्ण ब्रजप्रदेश भयाकुल रहता था। ब्रज की यह दुर्दशा देख दृढ़व्रती श्रीकृष्ण संकल्प बद्ध हो कहने लगे कि जब तक मेरे श्वास चलते रहेंगे धमनियों में रक्त का एक बूँद शेष रहेगा, तब तक मैं सर्वभूत हित में लगा रहूँगा—

> प्रवाह होते तक शेष श्वास के।
> स-रक्त होते तक एक भी शिरा।
> स-शक्त होते तक एक लोम के।
> किया करूँगा हित सर्वभूत का।।[55]

(ख) *दयावीर—श्रीकृष्ण ब्रजवासियों की दुर्दशा न देख सके।* अपने उत्साह से उनके दुखों के निवारण के लिए कदम्ब पर चढ़कर हाथ में मुरली लिए हुए यमुना में कूद पड़े। यमुना का जल उनके कूदने से प्रकम्पित हो उठा और आकाश तक वह ध्वनि गूँज उठी—

> कँपा सु शाखा बहु पुष्प का गिरा।
> पुन पड़े कूद प्रसिद्ध कुण्ड में।
> हुआ समुद्भिन्न प्रवाह वारि का।
> प्रकम्पकारी रव व्योम में उठा।।[56]

(ग) धर्मवीर—आगत विपत्ति से बचाने के लिए श्रीकृष्ण परम उत्साही हो स्वजाति की रक्षा और विपत्ति में उनकी सहायता को ही सर्वप्रधान धर्म घोषित करते हुए कहने लगे कि त्याग के बिना न हम किसी कार्य में सफलता पा सकते हैं और न ही त्याग के बिना मानवयोनि की सार्थकता ही सिद्ध होती है—

विपत्ति से रक्षक सर्वभूत का।
सहाय होना असहाय जीव का।
उबारना संकट से स्वजाति का।
मनुष्य का सर्वप्रधान धर्म है।
बिना न त्यागे ममता स्वप्राण की।
बिना न जाये ज्वलदाग्नि में पड़े।
न हो सका विश्व महान कार्य है।
न सिद्ध होता भव जन्म-हेतु है।।[57]

(घ) युद्धवीर–श्रीकृष्ण ने यह घोषणा करते हुए– पातकी, दुष्ट और समाज उत्पीड़क के लिए क्षमा नहीं है'–व्योमासुर को ललकारते हुए सावधान किया। व्योम ने कृष्ण पर प्रहार किया। श्रीकृष्ण ने उसी की यष्टि छीनकर उस पर प्रहार करके उसकी लीला समाप्त कर दी–

अपूर्व आस्फालन साथ श्याम ने।
अतीव लाठी वह यष्टि छीन ली।
पुनः उसी के प्रबल प्रहार से।
निपात उत्पात निकेत को किया।।[58]

(ङ) रौद्र रस–रौद्र रस का संचार शत्रु अथवा विपक्षी के कार्य, अपकार अथवा गुरुजनों की निन्दा होने के कारण उत्पन्न क्रोध से होता है। इसका स्थायी भाव क्रोध है। श्रीकृष्ण की दर्पयुक्त बातें सुनकर पराक्रमी व्योम अत्यधिक क्रोधित हो उठा और उसने उन पर प्रहार कर दिया–

स दर्प बातें सुन श्याम मूर्ति की।
हुआ महा क्रोधित व्योम विक्रमी।
उठा स्वकीया गुरु दीर्घ यष्टि को।
तुरन्त मारा उसने व्रजेन्द्र को।।[59]

कवि ने श्रीकृष्ण द्वारा दुष्टों का संहार किये जाने के प्रसंगों मे अनेक स्थलों पर सफलतापूर्वक रौद्र रस का सफल चित्र प्रस्तुत किया है।

(ए) भयानक-रस–भयानक रस का उद्रेक किसी भयप्रद वस्तु या घटना के वर्णन एवं उनसे भयभीत व्यक्ति की वाणी, चेष्टा आदि के उल्लेख द्वारा होता है। प्रियप्रवास में कालिय-दमन प्रसंग दावानल-प्रसंग एवं अन्य दुष्टों की अपकारिता क्रूरता के परिणामस्वरूप अनेक स्थलों पर भयावह दृश्य देखा जा सकता है। सर्वप्रथम रात्रि के भीषण वातावरण का वर्णन करते हुए कवि ने तृतीय सर्ग में ही इसकी सुन्दर अभिव्यंजना की है–

इस भयंकर घोर निशीथ में।
विकलता अति कातरतामयी।
विपुल थी परिवर्द्धित हो रही।
निपट नीरव नंद निकेत में॥[60]

प्रलम्ब नामक सर्प, जो बड़ा उपद्रवी था, अपने विषाक्त फुंकार से ब्रजवासियों को आतंकित कर अनेक पशुओं का नाश कर रहा था। उसे देखकर भयातुर हो प्राणी इधर उधर भाग रहे थे—

उन्हें वहीं से दिख पड़ा वहीं।
भयावना सर्प दुरंत काल सा।
दिखा बड़ी निष्ठुरता विभीषिका।
मृगादि का जो करता विनाश था।
उसे लख पा भय भाग थे रहे।
असंख्य प्राणी वन में इतस्ततः।
गिरे हुए थे महि में न चेत हो।
समीप के गोप सधेनु मण्डली॥[61]

(ए) अद्भुत रस—किसी व्यक्ति या वस्तु के असाधारणत्व के कारण मन में विस्मय (आश्चर्य) भाव जागृत होने से अद्भुत रस का संचार होता है। गोवर्धन धारण प्रसंग में कवि ने लौकिक ढंग से श्रीकृष्ण के जिस साहस, शौर्य पराक्रम और गुणवत्ता का परिचय दिया है, वह निश्चित रूप से विस्मयकारी है। जितनी पर्वत की गुफाओं में ब्रजवासियों का उन्होंने पहुँचाया था उन सभी लोगों के सहायतार्थ गुहाओं में पहुँचे रहते थे। उनके यत्न और सुप्रबन्ध से प्रसन्न एवं सुरक्षित गोप जन परस्पर वार्ता करते हुए कहने लगे मानो कृष्ण ने पर्वत को उँगली पर धारण कर लिया है—

लख अपार प्रसार गिरीन्द्र में।
ब्रज-धराधिप के प्रिय पुत्र का।
सकल लोग लगे कहने उसे।
रख लिया उँगली पर श्याम ने॥[62]

(ओ) वीभत्स रस—वीभत्स रस का संचार जुगुप्सा उत्पन्न करने वाली वस्तुओं के दर्शन श्रवण वर्णन आदि से होता है। यद्यपि हरिऔध जी ने घृणास्पद भावों और दृश्यों का निषेध किया है फिर भी कहीं कहीं ऐसे दृश्य देखे जा सकते हैं—

जला किसी का पग पूँछ आदि था।
पड़ा किसी का जलता शरीर था।

जले अनेकों जलते असख्य थे।
दिगन्त था आर्त्त निनाद से भरा ॥[63]

इसमे जले हुए घर, पूछ शरीर और जलते हुए अश घणा या जुगुप्सा भाव को उद्दीप्त करते हैं। इसलिए यहाँ वीभत्स रस है।

(ओ) शान्त रस–शान्त रस का सचार ससार की असारता, नश्वरता या ईश्वर के स्वरूप का ज्ञान प्राप्त होने से चित्त को शान्ति मिलने पर होता है, जिसके मूल म विरक्ति भावना काय करती है। इसका स्थायी भाव निर्वेद है। 'प्रियप्रवास' म शान्त रस सचरित करने वाले कई छन्द हैं किन्तु परम्परागत वणन स उसका रूप भिन्न है। उ होने भक्ति की चरम परिणति लोक कल्याण और लोक सेवा में मानी है। उनकी दृष्टि समाज से विमुख होने की नहीं है–

विश्वात्मा जो परम प्रभु है रूप तो हैं उसी के।
सारे प्राणी सारे गिरि लता वेलियाँ वक्ष नाना।
रक्षा पूजा उचित उनका यत्न सम्मान सेवा।
भावोपेता परम प्रभु की भक्ति सर्वोत्तमा है ॥[64]

कवि का विचार है कि सम्पूर्ण विश्व का कण कण ब्रह्म का रूप है, इसलिए सारे प्राणी, पवत सरिता, वक्ष–उनकी रक्षा और सेवा ही परम भक्ति है और उसी म शान्त रस का उद्रेक होता है। परमप्रभु की लीलामयी जगत के रूप म सम्पूर्ण सत्ता का स्वीकार करते हुए कवि प्रेमपूर्ण मधुर, पवित्र उच्च अनोखी, आनन्ददायक और आकषक मानता है। प्रभु के इस स्वरूप का ज्ञान प्राप्त कर हृदय म सहज ही शान्त रस धारा प्रवाहित हो उठती है–

प्यारी सत्ता जगत गत की नित्य लीला मयी है।
स्नेहोपेता परम मधुरा पूतता म पगी है।
ऊँची न्यारी सरल सरसा ज्ञान गर्भा मनोज्ञा।
पूज्या माना हृदयतल की रजिनी उज्ज्वला है ॥[65]

(अ) हास्य रस–किसी व्यक्ति या वस्तु की विकृत आकृति विचित्र वेश भूषा, चेष्टाएं आदि स जो विनोद का भाव उत्पन्न होता है, वह 'हास' कहलाता है जिसके परिपुष्ट होने पर हास्य रस का सचार होता है [illegible] में ऐसे दृश्य न के बराबर हैं, इसीलिए कम भग [illegible] किया जा रहा है। श्रीकृष्ण गोप ग्वालों को मनोरजन करने के लिए [illegible] विविध

देवी देवताओं की कथाएँ सुनाया करते थे और सभी लोग आनन्द विभोर होते थे–

> वह विविध कथाएँ देवता दानवों की।
> अनुदित कहते थे मिष्टता मंजुता से।
> वह हँस हँस बातें थे अनूठी सुनाते।
> सुखकर तरु छाया में समासीन हो के ॥[66]

(अ) करुण रस–प्रिय व्यक्ति या इष्ट के नाश होने और अप्रिय या अनिष्ट वस्तु के प्राप्त होने से हृदय को क्षोभ या क्लेश होता है जिससे शोक भाव का उदय होता है और इसी भाव से करुण रस की अभिव्यंजना होती है। 'प्रियप्रवास' में वात्सल्य और विप्रलम्भ श्रृंगार का ऐसा रूप प्रस्तुत किया गया है जिससे कि पाठक को करुण रस का भ्रम हो जाता है। करुण रस इष्ट के नाश या अनिष्ट के कारण उद्दीप्त होता है पर तु प्रिय प्रवास में ऐसा कोई स्थल नहीं है। यही नहीं करुण का स्थायी भाव शोक है, इसमें सबको शोक के स्थान पर स्नेह की अजस्र धारा प्रवाहित है। तृतीय सर्ग में वियोग की आशंका से सप्तम सर्ग में यशोदा के विलाप में एवं अन्य गोप गोपियों की भाव धारा की अभिव्यक्ति में स्नेह ही प्रधान है क्योंकि कहीं पर अनिष्ट के नाश और पुनः प्राप्त करने के प्रति निराशा नहीं देखी जाती।

डा० द्वारका प्रसाद सक्सेना उक्त मत से सहमत न होकर अंगीरस रूप में करुण रस को स्वीकार करते हैं–'प्रियप्रवास में विरह का इतना व्यापक और मार्मिक वर्णन किया है जिसे देखकर ज्ञात होता है कि यहाँ पर प्रवास जन्य विप्रलम्भ श्रृंगार अपनी सीमा का अतिक्रमण करके करुण विप्रलम्भ श्रृंगार से भी आगे करुण रस का रूप धारण कर गया है।'[67] हरिऔध जी स्वयं भवभूति की भाँति करुण रस से ही अन्य रसों की उत्पत्ति 'एकोरसः करुण एव निमित्त भेदात भिन्नः पृथक्पृथगिवाश्रयते विवर्तान्' के आकार पर स्वीकार करते हैं।[68] मेरी दृष्टि में प्रियप्रवास में करुण विप्रलम्भ तो है किन्तु शुद्ध विप्रलम्भ का रूप इसमें ढूँढना व्यर्थ है क्योंकि मथुरा से द्वारका गमन तक समाचार मिलने पर भी राधा यशोदा और गोपियों को मिलन की आशा बनी रहती है। इस प्रकार 'प्रियप्रवास' की रसधारा में सहृदयों को अभिभूत करने की पूर्ण क्षमता है। अतः रस दृष्टि से यह महाकाव्य पूर्ण सफल है। इसमें महाकवि हरिऔध की भावुकता एवं रसपेशलता का परिचय सहज ही प्राप्त हो जाता है।

खण्ड–ख

प्रियप्रवास मे सास्कृतिक अभिव्यक्ति

सस्कृति के अभिप्राय से अवगत होने के पूर्व 'सस्कृति' की व्युत्पत्ति एव प्रयोगार्थ से अवगत होना आवश्यक है। सम् उपसर्ग पूर्वक 'कृ' धातु से स्त्रियाँ क्तिन प्रत्यय से बना है।[69] सस्कृति–शुद्धि सफाई सस्कार सुधार किसी व्यक्ति जाति, राष्ट्र आदि की वे बातें जो उनका मन रुचि आचार विचार, कला कौशल तथा सभ्यता के क्षेत्र म बौद्धिक विकास का सूचक होता है (कल्चर)।[70] सस्कृति का मुख्यत प्रयोग सस्कार आचार विचार के अर्थ में किया जाता है। रवीन्द्रनाथ मुखर्जी ने इसे विशेषत साहित्यकारो के सन्दर्भ मे व्याख्यायित किया है।[71]

सस्कृति प्रकृति सिद्ध है जो आदिकाल से मानव विकास की निर्देशिका के समान स्थिति एव परिस्थिति का बोध कराती रही है। चूंकि सस्कृति एक व्यापक और गतिमान क्रिया है, इसलिए उसे सहज रूप मे परिभाषा की सीमा में बाँधना सम्भव नहीं है। इसके अन्तर्गत वे सभी तत्त्व समाहित हैं, जो मानव के विकास के शाश्वत सिद्धान्त हैं और उसे पुष्पित पल्लवित करने म सहायक होते हैं। जीवन का कोई भी अग इससे अछूता नहीं है। इसम साहित्य सगीत, कला दर्शन, धर्म, विज्ञान आदि सभी का समावेश है। डॉ० हरिवश लाल शर्मा का कथन है–'सस्कृति वह भावात्मक सूक्ष्म तत्त्व है जो हृदय की प्रेरणा से बाह्य आचारों म प्रस्फुटित होकर भी सूक्ष्मता के निकट ही अधिक रहता है।[72] सस्कृति के उदय एव विकास का कोई निश्चित समय नहीं है, वह अविभाज्य और सार्वकालिक है। उसकी आध्यात्मिकता समन्वय की भावना आदि विशिष्टताएँ हैं। यह सस्कृति गगा की धारा सदृश है, जिसमें अन्यान्य नदीनद रूप बौद्ध, जैन, द्रविड आभीर यूनानी मुस्लिम, अग्रजी आदि सस्कृतियाँ सम्मिलित हैं, फिर भी उसके पावन प्रवाह म कोई व्यवधान या अवरोध उत्पन्न नही हुआ है।

प्रियप्रवास की रचना उस समय हुई जब सस्कृति की रक्षा एव उसके प्रचार प्रसार के लिए अनेक सस्थाए कार्य कर रही थीं। उसमे ब्रह्म समाज आर्य समाज, रामकृष्ण मिशन, थियोसिफीकल सोसाइटी प्रार्थना समाज आदि प्रमुख सस्थाऐं हैं जिनका उद्देश्य लोकोपकार देश सेवा, विश्व प्रेम ममता एकता आदि को बढ़ावा देकर भारतीय सस्कृति की अक्षुण्ण परम्परा को बनाए रखना था। हरिऔध ने उन सभी सिद्धान्तों और विचारों को प्रियप्रवास में स्थान दिया जो पूर्णरूपेण युगोचित थे। उनका

उद्देश्य राष्ट्रीय जागरण, देशोन्नति एव प्राचीन रूढिया को त्यागकर नवीन सामाजिक स दर्भों की स्थापना करना था। सस्कृति की यह नवचेतना मात्र हरिऔध क प्रियप्रवास मे ही नही अपितु मथिलीशरण गुप्त रामनरेश त्रिपाठी रूपनारायण पाण्डेय गोपालशरण सिंह मनन आदि। द्विवेदी युगीन कविया मे भी इसकी झलक पूणत देखी जाती है।

प्रियप्रवास प्राचीन वदिक सस्कृति एव नवीन तथा वैज्ञानिक दृष्टि का सम वय प्रस्तुत करता है। प्रियप्रवास को सस्कृति के बाह्य एव आभ्यातरिक पक्षो को लेकर विवेचित किया जा सकता है। उसके बाह्य रूप मे ही कवि नवीन मा यताओ का पोषक है, पर तु आभ्यातरिक रूपो के उद घाटन म वह परम्परावादी है। प्रियप्रवास म सस्कृति के विभिन्न पक्षो का महाकवि हरिऔध जी ने यथावसर समुचित रूप से प्रयोग किया है जिसका स्पष्टीकरण विस्तृत विवेचन से स्पष्ट हो जायेगा।

परिवार

परिवार भारतीय सस्कृति का मूल है। यह व्यक्ति की प्रथम पाठ शाला है और यही स्वस्थ समाज का नियामक भी है। परिवार और विशेष रूप से सयुक्त परिवार की भारतीय समाज क लिए महान उपयोगिता है। वह व्यक्ति के सु दर और उन्नत विचारो का निर्माण करता है। वह जीवन के सम्पूण रहस्यो को खोलकर आदश जीवन का माग प्रशस्त करता है। प्रियप्रवास मे ऐसे परिवार की कवि ने प्रतिष्ठा की है जिसमे यशोदा आदश माँ हैं जो पुत्र के लालन पालन में ही अपना पूरा समय व्यतीत करती हैं। प्रात होते ही मेवा पकवान और कजरी गाय का दूध पिलाती हैं। यशोदा वियोग की दशा मे पश्चात्ताप करती हुई कहती हैं—

मीठे मेवे मदुल नवनी और पक्वान्न नाना।
उत्कण्ठा के सहित सुत को कौन होगी खिलाती।
प्रात ! पीता सु-पय कजरी गाय का चाव से था।।
हा ! पाता है न अब उसको प्राण प्यारा हमारा।।
सकोची है अति सरल है धीर है लाल मेरा।
होती लज्जा अमित उसको माँगने म सदा थी।
जैसे ले के स रुचि सुत को अक म मैं खिलाती।
हा ! वसे ही अब नित खिला कौन माता सकेगी।।[37]

माँ के हृदय का बडा ही स्वाभाविक चित्र कवि न अकित किया है। यह सत्य है कि बच्चा माँ स अलग कितने ही सुखो का भोग कर रहा हो

परन्तु माता का ममत्व ऐसा होता है कि किसी भी प्रकार सतोष नही होता। यशोदा के इसी रूप का दृश्य प्रियप्रवास मे प्राप्त होता है। बच्चे बचपन मे बडे सकोची होते हैं। घर से बाहर भखे रहने पर भी बच्चे माँगकर नहो खा पाते हैं। श्रीकृष्ण की सकोची प्रकृति का स्मरण कर माँ यशोदा और भी अधिक कष्ट म हो जाती है। प्रियप्रवास में माता यशोदा को बहुत थोडे समय तक पुत्र सयोग प्राप्त हो सका है। तृतीय सग म वियोग की आशका से माता का हृदय बेहाल हो जाता है। पुत्र का वियोग न हो इसलिए देवी देवताओ की मनौती मनाती है। जगदम्बा माँ से पुत्र रक्षा के लिए प्रार्थना करती हैं—

सकल भाँति हम अब अम्बिके।
चरण पकज ही अवलम्ब है।
शरण जो न यहाँ जन को मिली।
जननि तो जगती तल शून्य ॥[74]

पुत्र के प्रति मात प्रेम की जो भावधारा इसम प्रवाहित है वह अगाध समुद्र की तरह गम्भीर है। माँ का पुत्र ही सवस्व होता है वही उसका जीवन और शक्ति भी वही होता है, यही नहीं उसके समक्ष न होने स रह रह करके चेतना भी खो बठती है।[75] आदश माता के साथ यशोदा आदर्श पत्नी भी हैं।

पिता नन्द का भी पुत्र कृष्ण के प्रति अगाध प्रेम है। उनके हृदय में पुत्र प्रेम और वात्सल्य के साथ कत्तव्य निष्ठा भी है। कस का यह सदेश पाकर कि उसने यज्ञ के लिए उन्हें दोनो पुत्रो के साथ आमन्त्रित किया है, नन्द उसकी दुरभिसन्धि से भयभीत हैं परन्तु कत्तव्यपरायण होने के नाते प्राणप्रिय पुत्रों को अक्रूर के साथ भेजने के लिए सहमत हो जाते है।[76] उनकी दशा भी विचित्र हो रही है रात्रि म उन्हे निद्रा नहीं आ रही है आहें भरते हुए उनके नेत्र सजल हैं और व्याकुल होकर कभी छत की ओर देखते हैं कभी इधर उधर टहलते हैं—

शयित हो अति चचल नेत्र से।
छत कभी वह थे अवलोकते।
टहलते फिरते स-विषाद थे।
वह कभी निज निजन कक्ष में ॥[77]

नन्द जी का आदश पिता के अतिरिक्त पति रूप भी दशनीय है। मथुरा स अकेले लौटने से उनकी स्थिति तो बस ही दयनीय है, यशोदा को देख करके और भी शोक-सन्तप्त हो जाते हैं। यशोदा की वियोगाग्नि

उनके द्वारा सह्य नहीं है, इसलिए झूठा आश्वसन देकर उन्हें शान्ति प्रदान करना चाहते हैं। यह जानते हुए भी कि अब मथुरा से ब्रज के लिए कृष्ण का आना असम्भव है जिसकी उन्ह अत्यधिक पीड़ा है, पर तु प्रिय पत्नी की व्यथा को देख अपने दुख का हृदय म छिपाये हुए न द जी श्रीकृष्ण का दो ही दिना म लौटने की बात यशोदा से कहकर उन्ह ढाढस बँधाते हैं–

> सारी बातें व्यथित उर की भूल त नद बोले।
> हाँ आवेगा प्रिय सुत प्रिय गेह दो ही दिनों में।
> ऐसी बातें कथन कितनी और भी नद ने की।
> जैसे तैसे हरि जननि का धीरता से प्रबोधा ॥[78]

श्रीकृष्ण पुत्र रूप म भारतीय परिवार का प्रतिनिधित्व करते है। व मथुरा चले गये हैं, वहाँ उन्ह राज काज स ब्रज आने का अवसर नहीं प्राप्त हो रहा है जब कभी आने की बात सोचते हैं नई नई समस्यायें आकर उन्ह उलझा देती है[79] पर तु उन्ह ब्रजधरा गोप गोपिका माता पिता सभी की स्मृतियाँ निरन्तर व्यथित करती रहती हैं–

> शोभा सम्भ्रम शालिनी ब्रज धरा प्रेमास्पदा गोपिका।
> माता प्रीतिमयी प्रतीति प्रतिमा वात्सल्य धाता पिता।
> मेरे गोप कुमार प्रेम मणि के पाथोधि स गोप वे।
> भूले हैं न सदैव याद उनकी देती व्यथा है हमे ॥[80]

इस प्रकार माता पिता एव पुत्र के परस्पर प्रेम सम्बन्धो और कर्तव्यो का कवि ने अनूठा समन्वय प्रस्तुत किया है। परिवार के किसी भी सदस्य के कर्तव्य के निर्वाह करने मे हरिऔध जी सर्वदा सजग रहे हैं। उन्होने अपने ग्रन्थ म आदर्श परिवार की वर्तमान समाज के लिए अनुकरणीय झाँकी प्रस्तुत की है।

समाज

व्यक्ति के समूह का नाम समाज है। यह एक अमूर्त धारणा है जो एक समूह के सदस्यो के बीच पाये जाने वाले पारस्परिक सम्बन्धो का बोध कराती है। इसके अन्तर्गत परिवार के अतिरिक्त समाज के अन्य लोगो से सामाजिक आर्थिक धार्मिक एव राजनीतिक सम्बन्ध उनके रहन सहन खान पान रीति परम्पराएँ व्रत उपवास आदि सब कुछ समाहित है। हरिऔध जी ने समाज के उन सभी सम्बन्धो और मान्यताओं का उल्लेख किया है। यशोदा और नद के अतिरिक्त सम्पूर्ण ब्रज प्रदेश श्रीकृष्ण के रूप सौन्दर्य पर मुग्ध है। उनके प्रति इतना प्रेम, दुलार, ममत्व और बन्धुत्व भरा हुआ

है कि सायंकाल गोचारण से वंशी बजाते हुए लौटते समय सारा ब्रज समाज गृह कार्यों को भूलकर उनके दर्शन और मुरली की मधुवर्षिणी ध्वनि को सुनने के लिए दौड पडता है—

सुन पड़ा स्वर ज्यों कल वेणु का।
सकल ग्राम समुत्सुक हो उठा।
हृदय यंत्र निनादित हो उठा।
तुरत ही अनियंत्रित भाव से।
बहु युवा युवती गृह बालिका।
विपुल बालक वृद्ध वयस्क भी।
विवश से निकले निज गेह से।
स्वदृग का दुख मोचन के लिए।।[81]

श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी सी अवस्था[82] में अटूट प्रेम, अगाध स्नेह और अथक परिश्रम से सम्पूर्ण ब्रज के निवासियों को परिवार का अभिन्न अंग बना लिया था। कृष्ण और ब्रज के लोगों में इतनी एकरूपता हो गई थी, जैसे—वे उनकी आत्मा हों और अन्य सभी लोग शरीर। इसीलिए तो मथुरा गमन का समाचार पाकर सारा ब्रज शोकाकुल होकर उनके कुशल क्षेम के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए नेत्रों से अश्रुधारा बहाने लगता है।[83] यही नहीं ब्रज के अनुताप को देखकर रात्रि भी ओस के बहाने संतप्त होकर आँसू बहा रही है—

विकलता उनकी अवलोक के।
रजनि भी करती अनुताप थी।
निपट नीरव ही मिष ओस के।
नयन से गिरता बहु वारि था।।[84]

ब्रज प्रदेश और वहाँ के निवासियों के प्रति श्रीकृष्ण का प्रेम उस समय और भी स्पष्ट हो जाता है जब वे आपत्ति के समय उनकी रक्षा के लिए प्रत्येक बार तत्पर हो जाते हैं। कालियनाग को वश में करने, दावाग्नि के समय अपूर्व साहस, प्रलयकारी वर्षा के समय युक्तियों द्वारा ब्रज अवनि की रक्षा एवं अन्य दुष्टों का संहार वे अपूर्व धैर्य शौर्य और शक्ति से करते हैं। श्रीकृष्ण उदारता की प्रतिमूर्ति हैं, क्योंकि वे सुहृद बन्धुओं के साथ खेलते हुए जीत कर भी उनका मान रखने के लिए हार जाया करते थे, यही नहीं किसी को भूखा देखकर स्वयं वृक्षों पर चढ़कर मीठे फल खिलाते और माता के द्वारा भेजे गये व्यंजनों को सभी के साथ खाते थे। रोगी, दुखी या किसी प्रकार की आपत्ति में देखकर वे अपने हाथों से सेवा किया करते थे—

रोगी दुखी विपद आपद मे पडा की ।
सवा सदव करते निज हस्त से थ ।
ऐसा निकेत व्रज मे न मुझे दिखाया ।
कोई ऐसा दुखित हो पर वे न होवें ।।[85]

इस प्रकार वे सच्चे समाज सेवी, दीन हितकारी, लाक रजक थे। इसलिए सम्पूण व्रज धरा उन्हे और व्रज के सभी लोगा को व निता त प्रिय थे। वहाँ के वद्धजन उ ह अपना प्राणधन स्वीकार करत थ। अक्रूर के समक्ष व अपना सवस्व दे देने के लिए तैयार है, कि तु उ ह कृष्ण का वियोग किसी भी दशा म सह्य नही है।[86] एक वृद्धा तो कस के रूठने पर अपना निवास छोडकर जगलो मे भी निवास करन को उद्यत है, यही नहीं उसके द्वारा दिये गये करोडो दण्ड सहने घर सारी सम्पदा दे देने एव अपने प्राणा को भी न्याछावर करने को तैयार है, पर तु उसे प्रिय कृष्ण का वियाग किसी भी दशा मे सह्य नही है–

जा चाहेगा नपति मुझसे दड दू गी करोडो ।
लोटा थाली सहित तन क वस्त्र भी बेंच दू गी ।
जो मागेगा हृदय वह तो फाड दू गी उसे भी ।
बटा ! तेरा गमन मथुरा मैं न आँखो लखू गी ।।[87]

समाज के विभिन्न वर्गों पर दष्टिपात करन से यह तथ्य स्पष्ट होता है कि श्रीकृष्ण अपने लोकप्रिय कार्यों, सच्चरित्र एव लोकोपकारिता के कारण सम्पूण व्रज का एकता के सुदृढ बधन म आबद्ध कर देते है। इ ही उपायो और साहसी कार्यों द्वारा एक सफल समाज की सरचना सम्भव है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि हरिऔध जी ने समाज की विसगतियो को श्रीकृष्ण क चरित्र के माध्यम से सम वय स्थापित करके ऐसे समाज के स्थापना की कल्पना करते हैं जो अनेक विभेदा के ऊपर उठकर एक अपना आदश रूप प्रस्तुत करता है।

हमारा भारतीय समाज धम के प्रति दढ आस्थावान है। व्रत पूजा तीर्थाटन एव तीर्थों के महत्त्व का वणन धम का एक अग है। मा यता है कि विभिन्न व्रतो क करने से वाछित फला की प्राप्ति होती है। पुराणा एव अ य धमशास्त्रा म व्रतों का महत्ता का विस्तारपूर्वक वणन है। पूजा के स दभ म भी कुछ ऐसी ही मा यता अतीत काल से चली आ रही है। ऐसा कहा जाता है कि शकर, दुर्गा भगवती आदि की पूजा करने से कुमारियाँ मन वाँछित पति प्राप्त करती है। रामचरितमानस मे सीता जी ने गौरी की

पूजा की और उन्होंने सीता को वांछित पति पाने का आशीर्वाद दिया। इसी प्रकार कुमारी राधा श्रीकृष्ण को पति रूप म प्राप्त करने हेतु विधि विधान म भगवती का पूजती और अनेक व्रत रखती हैं-

> सविधि भगवती को आज मैं पूजती हूँ।
> बहु व्रत रखती हू देवता हूँ मनाती।
> मम पति हरि होवें चाहती मैं यही हूँ।
> पर विफल हमारे पुण्य भी हो चले हैं ॥[18]

राधा ही नहीं, ब्रजधरा की जितनी भी बालाएँ थीं, व सभी श्रीकृष्ण को पति रूप मे पाने की अभिलाषा रखती थी। इसीलिए व विविध देवा की पूजा और सैकडो व्रत वर्षों तक करती रही-

> पूजायें त्यो विविध व्रत औ सैकडा ही क्रियायें।
> सालों की है परम श्रम से भक्ति द्वारा उन्होंने ॥[19]

ऐसा देखा गया है कि स्त्रियाँ अधिक आस्थावान होती हैं। श्रीकृष्ण के चले जाने के बाद यशोदा का दशा बडी विचित्र हो जाती है। पुत्र की प्राप्ति के लिए उन्हें कितनी यातनाएँ सहन करनी पडी थी अनेक यत्नो और व्रता को करने के परिणामस्वरूप यह पुत्ररत्न प्राप्त हुआ था, आज उसके वियोग म तडपती हुई, पति से बार बार प्रश्न करती हुई, श्रीकृष्ण के सबध म पूछती हैं-

> सहकर कितने ही कष्ट औ सकटा का।
> बहु यजन कराके पूज के निर्जरों को।
> यक सुअन मिला है जो मुझे यत्न द्वारा।
> प्रियतम वह मेरा कृष्ण प्यारा कहाँ है ॥[20]

मानव जीवन म उत्सवा और पर्वों का बडा महत्व है क्योंकि व्यक्ति स्वभाव से ही उत्सव प्रिय होता है। प्रत्येक देश काल समाज म उत्सव किसी न किसी रूप म अवश्य मनाये जाते हैं। भारतीय समाज मे व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त अनेक उत्सव प्रचलित हैं। प्रियप्रवास म कृष्ण जन्मोत्सव की धूम मची हुई है। सारा ब्रज ग्राम श्रीकृष्ण के जन्म के समय अत्यधिक प्रफुल्लित है। प्रत्येक घर वन्दनवारा से सुसज्जित है विभिन्न मूल्यवान वस्तुओ स युक्त ब्रजपुरी अलकापुरी की शोभा पा रही है-

> जब हुआ ब्रज जीवन जन्म था।
> ब्रज प्रफुल्लित था कितना हुआ।
>
> \+ + +

विपणि हो वरवस्तु विभूषिता।
मणिमयी अलका सम थी लसी।
वर वितान विमंडित ग्राम की।
सु छवि थी अमरावति रजनी।।

+ + +

प्रचुरता धन रत्न प्रदान की।
अति मनोरम औ रमणीय थी।।[91]

भारत मे अनेक पर्व और उत्सव मानये जाते है, पर तु पुत्र जन्मोत्सव उनसे सर्वोपरि है। कवि ने कृष्ण के जन्म के समय का जो चित्र प्रस्तुत किया है वह स्वाभाविक एव सजीव है और भारत की सांस्कृतिक परम्परा का सवाहक है।

भोजन, पात्र, वस्त्राभूषण एव भवन—भारतीय सस्कृति और साहित्य मे प्रचलित खान पान वस्त्राभूषणो और भवनो का अतीतकाल से चित्रण होता रहा है। किसी भी युग के वस्त्र आभूषण भवन एव खान पान के वस्त्र आभूषण भवन एव खान पान के पात्र उस युग की संस्कृति का स्पष्ट चित्र प्रस्तुत करते है। इसलिए सस्कृति के पक्ष मे इनका बहुत बडा महत्व है।

खान पान के स दर्भ मे हरिऔध जी ने उस समय का दृश्य प्रस्तुत किया है जब श्रीकृष्ण अक्रूर के साथ जाने के लिए उद्यत हैं। नद साथ जा रहे हैं इसलिए बार-बार यशोदा उन्हे स्मरण कराती हुई कहती हैं—

मधुर फल खिलाना दृश्य नाना दिखाना।[92]
विमल जल मगाना देख प्यासा पिलाना।
कुछ क्षुधित हुए ही व्यजनो को खिलाना।।[93]


प्रियप्रवास मे सम्यक दृष्टि से विवेचन करने से महाकाव्य के सभी लक्षण प्राप्त होते हैं। कही कही कुछ अभाव स्वाभाविक प्रवाह के कारण आ गया है। मगलाचरण की परम्परावादी मान्यता को न स्वीकार कर कवि न वस्तु निर्देशात्मक रूप मे प्रस्तुत करते हुए सध्याकाल का चित्र कृष्ण के गायो के साथ आने की पष्ठभूमि जिसे विश्वनाथ प्रसाद मिश्र प्रभति विद्वान बिल्कुल स्वीकार नही करते– प्रियप्रवास मे कोई मगलाचरण नही। कुछ लोग अपने प्रतिभा बल स उसमे वस्तु निर्देशात्मक मगल प्रतिपादित करना चाहते है। ऐसे लोगा को पहले मगलाचरण की परिभाषा जान लेनी चाहिए। वे बुद्धि की अनावश्यक व्यायाम करने से बच जाते। किसी देवता या ईश्वर की प्राथना आदि के रूप मे जब तक पदावली नही रखी जाती तब तक केवल शब्दो को लेकर न्यर्थ ही विवाद करना शोभा की बात नही।[32] ग्रन्थ मे छन्दो का परिवतन साहित्य दपण क निर्दिष्ट लक्षण के आधार पर नही हुआ है और प्रत्येक सग के अन्त मे भावी कथावस्तु की सूचना भी समुचित ढग से नही प्राप्त होती है। कथावस्तु की सक्षिप्तता क आधार पर आचाय रामचन्द्र शुक्ल न प्रियप्रवास का प्रबन्ध काव्य के लिए भी उपयुक्त नही माना है।[33] की सज्ञा देते है। आलोच्य ग्रन्थ का कथानक वास्तव म सक्षिप्त नही है। कवि न नवीन मान्यताओ की स्थापना करते हुए श्रीकृष्ण जीवन के घटनाक्रमो को सस्मरणात्मक रूप म प्रस्तुत किया

है। श्रीकृष्ण द्वारा गोचारण मथुरा गमन से लेकर द्वारका प्रयाण तक का वर्णन प्रियप्रवास म उपलब्ध है। ऐसी घटनाएं जो श्रीकृष्ण के लौकिक रूप को पुष्ट करने म बाधक थीं, उनका त्याग कवि न सादृश्य कर दिया है। श्रीकृष्ण, राधा, यशोदा और नन्द को जो उदात्त रूप कवि न प्रस्तुत किया है वह अन्यत्र दुलभ है। इस प्रकार कथावस्तु की सक्षिप्तता का आरोप प्रियप्रवास के पक्ष म उपयुक्त नही जान पडता। इसके महाकाव्यत्व पर किसी प्रकार सदेह या शका के लिए स्थान भी नहीं रह जाता।

आधुनिक हिन्दी साहित्य के अनेक आलोचको ने युगानुकूलता को दृष्टि म रखते हुए अपने मन्तव्य महाकाव्य के सम्बन्ध मे दिये हैं। बाबू श्यामसुन्दर दास का कथन है—"महाकाव्य म एक महत उद्देश्य होना आवश्यक है। संस्कृत साहित्य के शास्त्रों म महाकाव्य के आकार प्रकार और वर्णन विषय के सम्बन्ध म बडी जटिल और दुरूह व्याख्यायें की गयी हैं, जिसका आधार लेकर लिखने से बहुत से महाकाव्यों के शरीर अवश्य घटित हो गये हैं।"[34] माता प्रसाद गुप्त का विचार है—"मानवता को अशक्ति से शक्ति, अशक्ति से शान्ति और नीचे से ऊँचे ले जाना ही वस्तुत महाकाव्य के अन्य लक्षणों की अपेक्षा सर्वाधिक महत्वपूर्ण लक्षण माना जा सकता है।"[35]

वास्तव म महाकाव्य का स्वरूप युग जीवन की परम्पराओं और परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तित होता रहता है। इसलिए महाकाव्य पर सार्वभौम और सार्वकालिक व्याख्या करना असम्भव है। गुप्तजी का विचार है—"महाकाव्य की रचना मानवता के मंगलमय आख्यान और लोक मानस की चेतना के आकलन का सांस्कृतिक प्रयास होती है।"[36]

हिन्दी साहित्य के आधुनिक आलोचकों की परिभाषाएं बहुत उपयुक्त हैं। इन्होंने युगानुरूपता और मानवता के हित की महत्ता प्रदान की है। अब तक हिन्दी महाकाव्य के लिए ऐसे लक्षण नहीं निर्धारित किए जा सके हैं जिनके आधार पर किसी महाकाव्य का समुचित मूल्यांकन कर उसके गुणों अवगुणों को प्रकाश म लाया जा सके। चूंकि प्रियप्रवास को खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य होने का गौरव प्राप्त है इसलिए महाकाव्य के लक्षणों का निर्धारण यदि इसी के आधार पर किया जाय तो बहुत कुछ समाधान सम्भव हो सकता है। रचनाकार के इस ग्रन्थ को महाकाव्य की रचना के उद्देश्य से यह आकार प्रदान किया है। प्राचीन और पाश्चात्य विद्वानों द्वारा दिये गए लक्षणों का इसम निर्वाह है, यही नहीं युगानुरूपता भी इसम सर्वत्र विद्यमान है। इसलिए यह महाकाव्य तो है साथ ही सफल

साहित्य के लिए आदर्श ग्रंथ भी है। सर्वगुण सम्पन्न और खड़ी बोली का प्रतिनिधि महाकाव्य स्वीकार करते हुए प० रमाशंकर शुक्ल ने लिखा है-"खड़ी बोली में ऐसा सुन्दर प्रशस्त, काव्य गुण सम्पन्न और उत्कृष्ट काव्य आज तक दूसरा निकला ही नहीं। हम इस खड़ी बोली के कृष्ण काव्य का सर्वोत्तम प्रतिनिधि कह सकते हैं। वर्णात्मक काव्य होकर यह चित्रोपम, सजीव रोचक तथा रसपूर्ण है।"[38]

खण्ड—ख

प्रियप्रवास की भाषा शैली

भाषा भावों की अभिव्यक्ति का समुचित और श्रेष्ठ माध्यम होता है। कविता में सुन्दर अनुभूति के लिए जितनी भावात्मक सरसता की आवश्यकता होती है उतनी ही अनुभूतियों की अभिव्यक्ति के लिए प्रवाहमयी भाषा की आवश्यकता होती है। भाव और भाषा काव्य रूपी सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों के संयोग से ही काव्य का अस्तित्व सम्भव है। इस प्रकार भाव रहित भाषा का कोई मूल्य नहीं और भाषा रहित भाव का कोई रूप ही नहीं निर्धारित हो सकता है। प्रियप्रवास महाकाव्य भाव भाषा की दृष्टि से अपूर्व है। इसके भाव पक्ष के विभिन्न पक्षों पर अध्ययन के उपरान्त कला पक्ष की विवेचना आवश्यक है।

प्रियप्रवास की रचना के समय सभी क्षेत्रों में परिवर्तन का आन्दोलन चल रहा था। जनता राजनीतिक स्वतन्त्रता, सामाजिक और धार्मिक रूढ़ियों से मुक्ति चाहती थी। साहित्यकार भाषा और भाव जगत में स्वच्छन्द विचरण करना चाहता था। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 'सरस्वती' के सम्पादन काल में भाव, भाषा, विषय सभी क्षेत्रों में नवीन प्रतिमानों की स्थापना की। ब्रजभाषा के स्थान पर गद्य पद्य दोनों में खड़ी बोली के प्रयोग पर बल दिया। वैसे तो खड़ी बोली में छुट पुट रचनाएं होती थीं, किन्तु प्रियप्रवास जैसे महाकाव्य रचना की सम्भावना ही न थी, जिसे महाकवि हरिऔध ने अपने अथक प्रयासों और आलोचनाओं को सहते हुए श्रेष्ठ रूप प्रदान किया। कवि ने संस्कृत वर्णवृत्तों के द्वारा अपने ग्रंथ में नवीन मूल्यों की स्थापना की है। उनकी भाषा जीवन्त है, उसमें युग चित्रण की क्षमता है और समाज में स्वीकृत वर्णों पदों तथा मुहावरों का स्थान स्थान पर सुन्दर प्रयोग है। हरिऔध जी की भाषा नवीन तो अवश्य है परन्तु उसमें ऐसे भाव प्रवाहित हो रहे हैं जो सहज ही पाठक को आकृष्ट कर लेने में सक्षम हैं।

हरिऔध जी ने हिंदी को व्यापक और लोकप्रिय बनाने के लिए सस्कृत के वर्ण वृक्षा और तत्सम भाषा शब्दो का प्रयोग किया। उनका विचार था कि अन्य प्रान्तीय भाषाएँ यथा–बगला मराठी, तेलगू मलयालम आदि, जो सस्कृत से उदभूत हुई हैं, वे भी इस ग्रथ को स्वीकार करें और हिन्दी का व्यापक रूप से प्रसार हो सके। उनका कथन है–"सस्कृत वृत्तो के कारण और अधिकतर मेरी रुचि से इस ग्रथ की भाषा सस्कृतगर्भित है, क्योकि अन्य प्रान्त वाला मे यदि समादर होगा तो ऐसे ही ग्रथ का होगा। भारतवर्ष भर म सस्कृत भाषा आदत है। बगला, मराठी, गुजराती वरन् तमिल और पजाबी तक म सस्कृत शब्दो का बाहुल्य है। इन सस्कृत शब्दो को यदि ग्रहण करके हमारी हिन्दी भाषा इन प्रान्तो के सज्जनो के सम्मुख उपस्थित होगी तो वे साधारण हिंदी से उसका अधिक समादर करेंगे, क्योंकि उसके पठन पाठन मे उनको सुविधा होगी और वे उसको समझ सकेंगे। अन्यथा हिंदी को राष्ट्र भाषा होने म दुरूहता होगी, क्योंकि सम्मिलन के लिए भाषा और विचार का साम्य ही अधिक उपयोगी होता है। मैं यह नही कहता कि अन्य प्रान्त वालों से घनिष्ठता का विचार करके हम अपने प्रान्त वालो की अवस्था और अपनी भाषा के स्वरूप को भूल जावें।"[39]

हरिऔध जी का खडी बोली म प्रियप्रवास की रचना का उद्देश्य उनके कथन से स्पष्ट हो जाता है। वे परिनिष्ठित हिन्दी को लोकप्रिय और राष्ट्रभाषा के रूप म प्रतिष्ठित करना चाहते थे। चूँकि अन्य प्रान्तीय भाषायें सस्कृत के निकट थी, इसलिए उनसे तादात्म्य स्थापित करने म सस्कृतनिष्ठ भाषा ही सक्षम हो सकती थी। कवि ने प्रियप्रवास की रचना करके अपने उद्देश्य मे सफलता प्राप्त की है।

खडी बोली म प्रियप्रवास की रचना करके कवि को कटु आलोचनाएँ सहन करनी पडीं। सस्कृत पदावली और वर्णित छन्दो से युक्त रचनाओ म कडवाहट[40] का अनुभव होता था। आलोचको द्वारा की गयी आलोचना का उत्तर कवि ने प्रियप्रवास की भूमिका म दिया है और खडी बोली म काव्य रचना की उपयुक्तता पर विशेष बल दिया है।[41]

खडी बोली म विरचित प्रियप्रवास की उपयुक्तता का समर्थन करते हुए डॉ० केसरीनारायण शुक्ल का मत है–हरिऔध जी की आशा और विश्वास के अनुरूप ही प्रियप्रवास की रचना के बाद ही खडी बोली के विरोधियो का मुख सदा के लिए बन्द हो गया। उसे कर्ण कटु कर्कश और काव्य के लिए अनुपयुक्त कहने का साहस न हुआ। इस ग्रथ के प्रणयन से

खडी बोली की क्षमता प्रमाणित हो गयी और इसक विरोधिया का मुँह बद हो गया ।[42]

हरिऔध जी ने बाद की रचनाओ म संस्कृतगर्भित भाषा को कृत्रिम स्वीकार करते हुए बोल-चाल की भाषा को ही विशेष महत्व दिया है। भाषा क विविध रूपो पर प्रयोग के लिए बल दिये जाने के कारण ऐसा जान पडता है कि प्रियप्रवास की भाषा प्रयोग काल की भाषा थी। वास्तव म कवि प्रयोग कर रहा था कि हिन्दी के साहित्यिक भाषा का रूप कसा हो ? उन्हे हिन्दी मे शब्द भण्डार का अभाव खटक रहा था। इसलिए उन्होने संस्कृत ब्रज उर्दू आदि भाषाओ के शब्दो का प्रियप्रवास म स्थान दिया है। शब्द ही भाषा को स्वरूप प्रदान करते है। इसलिए इस विषय पर दृष्टिपात करना आवश्यक है कि शब्द कहाँ स लिए जाय और उनके कौन कौन से रूपो को प्रियप्रवास म स्थान दिया गया है।[43]

प्रियप्रवास की रचना संस्कृत गर्भित खडी बोली म हुई है। इस ग्रथ को लेकर हरिऔध जी अहिन्दी भाषी प्रान्तो और विद्वानो म सम्मान की दष्टि स देखे जाते है। उन्होने प्रस्तुत ग्रन्थ को बोलचाल की भाषा स दूर रहन का प्रयास किया था किन्तु ऐसा नही हो सका। इसम भाषा के दोनो— संस्कृतगर्भित रूप और बोलचाल का रूप उपलब्ध है—

अतसि—पुष्प अलकृतकारिणी।
शरद नील—सरोरुह रजिनी।
नवल—सुन्दर श्याम—शरीर की।
सजल नीरद सी कलकान्ति थी।[44]

तथा—

नाना भाव—विभाव—हाव कुशला आमोद आपूरिता।
लीला—लोल कटाक्ष—पात—निपुणा भ्रूभगिमा—पडिता।
वादित्रादि समोद वादन परा आभूषणाभूषिता।
राधा थी सुमुखी विशाल—नयना आनन्द—आन्दोलिता।।[45]

प्रियप्रवास की रचना संस्कृत गर्भित पदावली के प्रयोग का उद्देश्य लेकर की गयी थी। कवि को इसम सफलता मिली है। उपर्युक्त पद इसी प्रकार के हैं। इसमे बोलचाल की भाषा का प्रयोग कम हुआ है, परन्तु ऐसे छन्द भी कम नही हैं जिनम बोलचाल की भाषा का प्रयोग न हुआ हो, उदाहरण दष्टव्य हैं—

धारा वही जल वही यमुना वही है।
हैं कुज वैभव वही वन भू वही है।

है पुष्प पल्लव वही ब्रज भी वही है।
ए हैं वही न घनश्याम बिना जानते ।[46]

इस प्रकार हरिऔध जी द्वारा संस्कृत गर्भित भाषा प्रयोग की घोषणा के बाद भी अनेक स्थलो पर बोलचाल की भाषा का प्रयोग हो गया है। यह कवि की असफलता नही वरन स्वाभाविकता है। संस्कृत पदावली के प्रयोग म कवि कही कही कृत्रिम हो गया है। इस प्रकार की प्रवत्ति सूर, तुलसी और केशवदास[47] की रचनाओ म भी पायी जाती है। सूर की भाषा म भी कही कहीं संस्कृत का बाहुल्य दष्टिगत होता है। अवधी का महाकाव्य होने के बाद भी रामचरितमानस मे अनेक स्थलो पर संस्कृत पदावली का प्रयोग है। यह सत्य है कि प्रियप्रवास का समय, प्रयोग का समय था, इसलिए भाषा शैली विषय सम्बन्धी शिथिलताएँ भाषागत दोष नही मानी जा सकतीं।

शब्दो के समुचित विधान स भाषा (गद्य पद्य) रूप धारण करती हैं। शब्द कवि या लेखक के हृदयस्थ भावो को बिम्ब रूप देने के लिए सक्षम होते हैं। यदि काव्य म भावानुकूल शब्दो का प्रयोग नही हुआ तो वह काव्य लोक रजनकारी नही हो सकता। और साहित्यिक जगत म उसे आदर नही प्राप्त हो सकता। किसी भी काव्य रचना के लिए चित्रात्मक शब्दो की अपेक्षा होती है और यदि उसम लाक्षणिकता एव ध्वन्यात्मकता हो तो सहज ही स्पर्श करने लगता है। हरिऔध जी ने अनेक स्थलो पर शब्दो का प्रयोग इस रूप मे किया है कि एक सुन्दर चित्र अंकित हो जाता है—

प्रगटती बहु भीषण मूर्ति थी।
कर रहा भय ताण्डव नत्य था।
विकट-दन्त भयकर प्रेत भी।
विचरते तरु मूल समीप थे ।।[48]

कवि शब्दों के चयन मे इतना दक्ष है कि अनेक स्थलों पर विभिन्न रूपो के चित्र प्रस्तुत कर दिये है। इसी प्रकार ध्वन्यात्मकता,[49] लाक्षणिकता[50] एव व्यजकता[51] भी अनेक छन्दों म प्राप्त है।

(अ) ब्रजभाषा के शब्द—हरिऔध जी परम्परा से चली आ रही ब्रजभाषा के प्रभाव से वंचित न रह सके। यद्यपि उनका उद्देश्य संस्कृतनिष्ठ पदावली म रचना करने का था, किन्तु उनके प्रारम्भिक रचनाओ का ब्रज भाषा में होने के कारण उसका मोह पूर्णरूपेण नही छोड सके। प्रियप्रवास म अनेक स्थलो पर ब्रजभाषा के मधुर और लालित्यपूर्ण शब्दो का प्रयोग हुआ है। यह सत्य है कि ब्रजभाषा में शब्द बडे सरस और कोमल होते हैं,

किन्तु खडी बोली के साथ जुडकर इनकी यह विशेषता जाती रही। जैसे-ठोरो[52], लाबी[53], बेडी[54], कसर[55] धौल[56], जुगुत[57], ढिग[58] आदि। कुछ ऐसे शब्दो का प्रयोग हुआ है जो खडी बोली से भिन्न अथ म प्रयुक्त होने के कारण दोषपूण हैं—

1 सकल को उपढांकन आदि से।
उमगती पगती अति मोद मे।[59]
2 तब हृदयकरा से ढांपती थी दृगो को।[60]

ब्रज भाषा की क्रियाएँ अत्य त सरस होती हैं। खडी बोली म इनका सयोग नागर स्त्री का ग्राम्य स्त्री से मिलन जैसा अस्वाभाविक जान पडता है। क्रियाओ का प्रयोग भाषा सौन्दय मे वृद्धि के लिए हुआ है। कि तु वे शब्द अलग थलग दिखाई पडते है। क्रिया पदो के ब्रजभाषा का रूप खडी बोली गद्य मे अधिकाश देखने को मिलता है। जसे-विलोकन बरसना, *जोहना छलना आदि। कुछ विद्वान खडी बोली म ब्रज के क्रिया पदों के* प्रयोग को दोषपूण मानते हैं।[61] हरिऔध जा का विचार है-

"मेरा विचार है कि खडी बोली बोल चाल का रग रखते हुए जहाँ तक उपयुक्त एव मनोहर शब्द, ब्रजभाषा मे मिलें उनके लेने म सकोच न करना चाहिए। जब उदू भाषा सवथा ब्रजभाषा क शब्दो स अब तक रहित नही हुई तो हि दी भाषा अपना सम्ब ध कसे विच्छिन्न कर सकती है। इसके व्यतीत मे मैं यह कहूँगा कि उपयुक्त और आवश्यक शब्द किसी भाषा का ग्रहण करने के लिए सदा हि दी भाषा का द्वार उ मुक्त रहना चाहिए। [62] उनके विचार से ब्रज भाषा के क्रिया पदो का प्रयोग काव्य सौन्दय और कोमलता लाने के लिए हुआ है 'फबीला' शब्द का प्रयोग दष्टव्य है—

नीले फूले कमल दल सी गात की श्यामता है।
पीला प्यारा वसन कटि म प हते हैं फबीला।
छूटी काली अलक मुख की काति को है बढ़ाती।
सद्वस्त्रो मे नवल तन की फूटती सी प्रभा है।।[63]

इसी प्रकार विलसना[64], विलोकना[65] आदि क्रियाओ के प्रयोग द्वारा भाषा सौ दय पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पडा है। कही कहीं ब्रजभाषा के क्रिया पदो द्वारा ककशता और कृत्रिमता आ गयी है। जसे-पिन्हाना[66] दुरना[67], काढ़ना[68], कलपना[69] बोधना[70] आदि। एक क्रिया का एक ही छ द मे कई बार प्रयोग होने से भाषा की प्रवाहमयता समाप्त हो गई है—

कोई ऊधो यदि कहे काढ़ दे गोपिकाएँ।
प्यारा प्यारा निज हृदय तो वे उसे काढ देंगी।

हो पावेगा न यह उनसे देह मे प्राण होते।
उद्योगी हो हृदय तल से श्याम को काढ देवें ।।[71]

डा० द्वारका प्रसाद सक्सेना न ब्रजभाषा के त्रिया पदो के प्रयोग को बहुत उचित नहीं माना है। उनकी मान्यता है कि समृद्ध संस्कृत भाषा के पास क्या शब्द भण्डार का अभाव है ? इसके उत्तर मे हरिऔध जी ने कवि कर्म की दुरूहता[72] को स्पष्ट करते हुए कहा है कि एक एक छन्दों की रचना म अत्यधिक समय नष्ट होता है। शब्द छ द के बन्धन मे बधे होते हैं। वर्णों ओर मात्राओ की सफल व्यवस्था मे कवि अव्यवहृत शब्दो का प्रयोग करता है। इसलिए ब्रजभाषा के संज्ञा एव त्रिया पदा का प्रयोग दोष-पूर्ण नहीं है।'

(आ) उर्दू और फारसी के शब्द–कवि ने कविता को छ दो की कसौटी पर शुद्ध बनाने के लिए दूसरी भाषाओं के शब्दो के प्रयोग का पक्ष लिया है। इसलिए अन्य भाषाओ के शब्दो का प्रयोग स्वाभाविक है। हरिऔध जी के पूर्व सकडो वष मुसलमानो के शासन और उर्दू फारसी को प्रश्रय मिलन के कारण पूरे देश की सामान्य भाषा हो गई थी। अतएव कवि ने इसके श दो का प्रयोग अनुचित नहीं माना। प्रियप्रवास मे बुरा, जुदा, ताव हवा या वा, समा आदि शब्दो का प्रयोग है–

निपट नीरव गेह न था हुआ।
वरन हो वह भी बहु मौन ही।[73]

कवि ने अनक छन्दो मे कलेजा' शब्द का प्रयोग किया है–

विदार देता शिर था प्रहार से।
कपा कलेजा दृग फोड डालता।[74]

हरिऔध जी ने उर्दू फारसी के साथ पजाबी भाषा के वल[75] (समय) शब्द का प्रयोग किया है।

(इ) तत्सम और तदभव शब्द–प्रियप्रवास म अधिकतर तत्सम शब्दो का प्रयोग है। यथा–दिवस, पत्र पुष्प, भ्रमर, नेत्र, बाहु गृह उद्यान, लता वक्ष, रज, सूय, अश्व यष्टि आदि। प्रयोग की सुगमता और भाव की स्पष्टता के लिए कवि न अनेक तद्भव शब्दो का प्रियप्रवास मे स्थान दिया है। जैसे–दात भौंरा, मीठा आंसू गात, सोना मार आदि। कवि ने भाषा को सरस बनाने के लिए अनेक विकृत शब्दो का प्रयोग किया है। जैसे–छिप्रता (क्षिप्रता) तीखो (तीक्ष्ण) गेह (गृह), मरम (मर्म), सदेशा (सदेश) आदि।

(ई) संस्कृत शब्द–यह विश्वास कवि ने स्वयं स्वीकार किया है कि प्रियप्रवास में संस्कृत शब्दावली का प्राचुर्य है। यद्यपि यह सत्य है कि हिंदी भाषा संस्कृत से जन्मी है और उसी से शब्द भण्डार से यह समृद्धवान है, फिर भी कवि ने तत्सम शब्दों की अपेक्षा उसके रूप को ज्यों का त्यों प्रयुक्त कर दिया है। इस प्रकार के प्रयोग का औचित्य समझ में नहीं आता। प्रयुक्त शब्द–किंवा,[76] मुहुर्मुहुः,[77] बहुश,[78] इतस्ततः,[79] ईदृशी,[80] स्वल्प,[81] प्रायश[82] आदि। कहीं कहीं संस्कृत के शब्दों का ऐसा प्रयोग किया है, जहाँ हिंदी के छंद आभासित ही नहीं होते। यथा–

रूपोद्यान प्रफुल्ल प्राय कलिका राकेन्दु बिम्बानना।
तन्वंगी कल हासिनी सुरसिका क्रीडा कलापुत्तली॥[83]

हरिऔध जी संस्कृत भाषा के ज्ञान पुंज थे। उनके द्वारा संस्कृत शब्दों के प्रयोग से यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है, किंतु कवि द्वारा कहीं कहीं संस्कृत बहुल रचनाएँ की गई हैं जिससे काव्य की स्वाभाविकता जाती रही है और उसमें कृत्रिमता दृष्टिगत होने लगती है।

(उ) व्याकरण की दृष्टि से नवीनता–हिंदी भाषा का स्वाभाविक गुण है कि वह हलंत वर्णों को सस्वर कर लेती है जैसे–मर्म मरम धर्म धरम आदि। संस्कृत बहुल खड़ी बोली की रचनाओं में इस क्षेत्र में शुद्ध प्रयोग लगा है किंतु कवि प्रियप्रवास की रचना में प्राचीन परिपाटी का पोषक है। हिंदी के लिए इसकी सुविधा पर कवि ने बल दिया है।

'प्रियप्रवास में अनेक स्थलों पर शब्दों को तोड़ मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकार का प्रयोग करना कवि की विवशता थी। छन्दों की रचना में वर्णों का सन्तुलन बनाए रखने के लिए कवि को ऐसा करना पड़ा है। यथा–

ऊधो को यों सदुख जब थे गोप बातें सुनाते।
अमीरों का यक दल वहाँ उसी काल आया॥[84]

तथा–

सुरेश क्या है जब नेत्र में रमा।
महामना श्यामघना लुभावना॥[85]

दोनों छन्दों में क्रमश यक (एक) वां (वहाँ) एवं श्यामघना (श्यामघन) शब्दों का प्रयोग हुआ है जो कवि ने वर्णों की पूर्ति अथवा भाषा सौंदर्य को बनाए रखने के लिए किया है। विशेषणों के प्रयोग में संस्कृत और हिंदी दोनों रूपों को कवि ने स्वीकार किया है। सु-दलित[86] और कला लोलुप[87] शब्दों के प्रयोग में कवि ने संस्कृत के लिंग प्रणाली को

हीं स्वीकार किया है। छन्दों की रचना में हिन्दी संस्कृत के एक साथ योग करने से कवि एकवचन और बहुवचन की उपयुक्तता का ध्यान नहीं रख पाया है। देश दिशा अनुरंजित हो गईं[88] में देश के साथ दिशाएँ का प्रयोग होना चाहिए था किन्तु ऐसा नहीं हुआ है। व्याकरण सम्बन्धी त्रुटियाँ अनेक छन्दों में देखी जाती हैं।

प्रियप्रवास के कलेवर में तत्सम शब्दों का बाहुल्य है। इसमें संस्कृत रचना प्रणाली को अपनाया गया है। चूंकि पूरा ग्रन्थ वर्ण वृत्तों में ही रचा गया है, इसलिए विशेषण और संज्ञा पद भी अधिकाधिक संस्कृत के ही ग्रहण किये गये हैं। कवि ने शब्द विधान काव्य की गुरुता की दृष्टि में रखकर किया है। हरिऔध जी ने ब्रजभाषा के संज्ञा और क्रिया रूपों के प्रयोग की उपयुक्तता का समर्थन करते हुए यथास्थान उनका प्रयोग किया है। ग्रन्थ में भाषा सम्बन्धी अनेक विसंगतियों के होने के बाद भी भाषा के प्रयोग की दृष्टि से रखते हुए प्रियप्रवास एक सफल कृति है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने प्रियप्रवास की भाषा के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त किए हैं– उपाध्याय जी का संस्कृत पदविन्यास अनेक उपसर्गों से लदा तथा मंजुल, पेशल आदि के बीच बीच में जटिल अर्थात् चुना हुआ होता है।[89]

शब्दशक्ति

शब्द में वह शक्ति विद्यमान है जिसके उच्चारण से ही मन बुद्धि पर प्रभाव पड़ जाता है। यदि हम किसी मिठाई का नाम लेते हैं तो माधुर्य का अनुभव होने लगता है। जिस शक्ति के द्वारा शब्द का अर्थगत प्रभाव पड़ता है वही शब्दशक्ति है। शब्द और अर्थ एक दूसरे से वैसे ही अभिन्न हैं जैसे शरीर और प्राण। बिना एक की स्थिति के दूसरे का अस्तित्व सम्भव ही नहीं है। काव्य में प्रयुक्त शब्दों के अर्थ को जानने के लिए शब्द शक्तियों की आवश्यकता पड़ती है। शब्दों के अर्थों का अनुभव कराने वाली तीन–अभिधा लक्षणा व्यंजना–शक्तियाँ होती हैं जो क्रमशः वाच्यार्थ लक्ष्यार्थ और व्यंग्यार्थ रूप में अर्थ का बोध कराती हैं।

(अ) अभिधा–इस शक्ति के द्वारा शब्द के सांकेतिक या [illegible] का बोध होता है। अभिधा शक्ति का बोध सीधा होता है। [illegible] शब्द के मुख्यार्थ का बोध कराके शान्त हो जाती है। [illegible] अभिधा शब्द शक्ति के आधार पर की गई है इसलिए [illegible] पूर्ण अर्थ वाले शब्दों का अभाव है। अभिधा के [illegible] गुणवाचक, द्रव्यवाचक और क्रियावाचक–चार [illegible]।

आलोच्य ग्र थ में सवत्र अभिधा शक्ति का ही प्रयोग किया गया है, इसलिए उद्धरण की आवश्यकता नहीं प्रतीत होती। प्राचीन भारतीय आचार्यों के मतानुसार[91] उत्तम काव्य की रचना अभिधा शब्दशक्ति द्वारा ही सम्भव है।

(आ) लक्षणा–मुख्याथ म व्याघात होने पर जब रूढ़ि या प्रयोजन के द्वारा अ य अथ लक्षित होता है वहाँ लक्षणा शक्ति काय करती है। इसके मुख्य रूप से दो भेद होते है–रूढ़ि या रूढ़ि मूली प्रयोजन मूला। पुन प्रयोजनमूला लक्षणा के दो उपभेद–गौणी और शुद्धा किये जाते हैं।

(य) रूढ़ि या रूढ़िमूली लक्षणा–मुख्याथ को छोडकर रूढि के कारण शब्द अ य अथ ग्रहण कर लेते हैं वहाँ रूढि या रूढिमूली लक्षणा होती है। प्रियप्रवास मे अनेक स्थलो पर इनके उदाहरण पाये जाते हैं। यथा–

धाता द्वारा सजित जग म हो धरा मध्य आ के।
पा के खोये विभव कितने प्राणियो ने अनेको।
जैसा प्यारा विभव व्रज ने हाथ से आज खोया।
पाके ऐसा विभव वसुधा म न खोया किसी ने।।[92]

(र) प्रयोजनमूली लक्षणा (च) गौणी लक्षणा–जहाँ मुख्य अथ मे बाधा पडने पर समान रूप या गुण द्वारा अ य अथ ग्रहण किये जायें, वहाँ गौणी लक्षणा होती है। यथा–

दुख अनल शिखाएँ व्योम मे फूटती है।
यह किस दुखिया का कलेजा जलाती।
अहह अहह देखो टूटता है न तारा।
पतन दिल जले गात का हो रहा है।।[93]

(छ) शुद्धा लक्षणा–जब मुख्य अथ मे व्यवधान पडने पर समरूपता के अतिरिक्त अ य सम्ब धो द्वारा अथ ग्रहण किया जाता है वहाँ शुद्धा लक्षणा होती है। यथा–

सरोज है दिव्य सुग ध से भरा।
नलोक मे सौरभवान स्वण है।
सु पुष्प से सज्जित पारिजात है।
मयक है श्याम बिना कलक था।[94]

शुद्धा के दो भेद हैं–

(ट) उपादान लक्षणा–मुख्य अथ से हटकर जब वाक्याथ मे अ य अथ लक्षित हो तथा शब्द अपना निजी अथ भी बनाए रखे, वहाँ उपादान लक्षणा होती है। यथा–

व्यथित होकर क्यों बिलखूं नहीं।
अहह धीरज क्यों कर मैं धरूँ।
मदु कुरंगम शावक से कभी।
पतन हो न सका हिम शैल का ॥[95]

(ठ) लक्षण लक्षणा-आचार्यों ने लक्षण लक्षणा के दो भाग किये हैं। जहाँ विषयी एवं विषय में मक्नता लाने के लिए आरोप तथा आरोप के विषय दोनों का शब्द द्वारा कथन हो वहाँ सरोपा लक्षणा और जहाँ आरोप का विषय लुप्त रह एवं आरोप्य द्वारा कथन हो, वहाँ साध्यवासना लक्षणा होती है।

(त) सारोपा लक्षण लक्षणा

रम मय वचनों स नाथ जा नह मध्य।
प्रति दिवस बहाता स्वग मदाकिनी था।
मम सुकृत धरा का स्रोत जो था सुधा का।
वह नव घन प्यारी श्यामता का कहाँ है।[96]

(थ) साध्यवसाना-लक्षण-लक्षणा-इस शब्द शक्ति का प्रियप्रवास म कवि न बड़ा सुन्दर प्रयोग किया है-

वह भयकर थी यह यामिनी।
बिलपने ब्रज भूतल के लिए।
तिमिर मे जिसके उसका शशी।
बहु कला युत होकर खो चला ॥[97]

इसमे शशि का उल्लख तो है जो उपमान है किन्तु कृष्ण उपमेय हैं, जिसकी शशि से उपमा दी गयी है उनका वणन उल्लेख छन्द म नहीं है। अतएव यहाँ साध्यवसाना लक्षणा शब्द शक्ति का इसमें प्रयोग है।

प्रियप्रवास में यद्यपि अभिधा शब्द शक्ति की प्रधानता है, फिर भी लक्षणा क भेदो के रूप इसम विद्यमान हैं।

(द) व्यजना शब्दशक्ति-काव्य म गूढ़ एव गम्भीर होकर सरस एव आकर्षक अर्थ का ज्ञान, जिस शक्ति क द्वारा होता है उस व्यजना शक्ति कहते हैं। इसके द्वारा अभिधा और लक्षणा क बाद तीसरे अर्थ का बोध होता है जो शब्द क बल पर नहीं अर्थ के बल पर अर्थान्तर को व्यजित करते हैं। शब्द और अर्थ दोनो क व्यापार होने के कारण व्यजना क दो भेद शाब्दी व्यजना और आर्थीव्यजना होते हैं। शाब्दी व्यजना के अभिधा-मूलक और लक्षणामूलक दो भेद होते हैं। शाब्दी व्यजना का रूप दर्शनीय है-

क्षितिज निकट कसी लालिमा दीखती है।
वह रुधिर रहा है कौन सी कामिनी का।
विहग विकल हो हो बोलने क्या लगे है।
सखि सकल दिशा मे आग सी क्यो लगी है।[98]

प्रस्तुत छ द मे राधा की विरह ज य हृदय की तीव्र वेदना को प्राची दिशा म रुधिर बहने पक्षियो के विकल होकर बोलने और सभी दिशाओ मे आग लगने आदि उपादानो द्वारा चित्रित किया गया है इसलिए इसम शाब्दीमलक व्यजना है।

आर्थी व्यजना के द्वारा कवि काव्य म चमत्कार कौशल दिखाने की चेष्टा करता है। यह कौशल वाच्य देश काल चेष्टा आदि के द्वारा व्यग्य रूप मे प्रतीत होता है।

प्रात शोभा व्रज अवनि म आज प्यारी नहीं थी।
मीठा मीठा विहग रव भी कान को था न भाता।
फूले फूले कमल दल थे लोचनो मे लगते।
लाली सारे गगन तल की काल व्याली समा थी।।[99]

कृष्ण के वियोग मे आकर्षक पक्षियो का कलरव, पुष्पो का प्रस्फुटन आदि कछ भी शोभा नहीं देता यहाँ तक कि प्राची दिशा की लालिमा सर्पिणी सदश डस लना चाहती है। इस प्रकार यहाँ पर आर्थीव्यजना के भाव स्पष्ट होते हैं।

प्रियप्रवास की रचना खडी बोली के प्रयोग काल म हुई थी। इस लिए उसकी भाषा परिष्कृत और सशक्त नही हो पायी थी। ऐसे ग्र थ स्वाभाविक रूप से अभिधार्थ प्रधान ही होगे। इसमे लक्षणा और व्यजना का चित्र उक्ति वचित्र्य और अथ गाम्भीर्य के लिए कहीं कहीं पर दृश्यमान होता है। इसलिए इसम अभिधा के सहारे वाच्यार्थ को ही सरस और मधुर बनाने का सफल प्रयास किया गया है।

मुहावरे एव लोकोक्तिया

मुहावरे एव लोकोक्तियाँ भाषा को सशक्त और प्राणवान बनाती हैं। उनमे भाव निरूपण की अदभुत शक्ति होती है। वे उक्ति वैचित्र्य और अथ गाम्भीर्य से परिपूर्ण होते हैं। पाठक या श्रोता सहज ही इनके द्वारा आह्लादक और सुखद अनुभूतियाँ प्राप्त करता है। डा० हरवशलाल शर्मा का मत है– इन सीधी और सरल उक्तियो म मानव समाज का चिरकाल का अनुभव सचित है इनका आधार मनोवैज्ञानिक है, अतएव देश और

काल की सीमा से ये परे हैं और मानव के हृदय को समान रूप से स्पर्श करने की क्षमता रखते हैं।[100]

मुहावरो का प्रयोग वाक्पटु व्यक्ति बोलचाल मे भी प्रयुक्त करते हैं। यह कविगण के लिए भावो को हृदय से जोड़ने का अपरिहार्य साधन है। हरिऔध जी की रचना–'बोलचाल', चोखे चौपदे' और 'चुभते चौपदे' मे मुहावरे और लोकोक्तियो का पर्याप्त प्रयोग हुआ है, जो प्रियप्रवास की परवर्ती रचनाएँ हैं। प्रियप्रवास की रचना के समय कवि ने इनके प्रयोग पर विशेष ध्यान नहीं दिया है फिर भी इसमे मुहावरो का प्रयोग पर्याप्त मात्रा म हुआ है। यथा–

विवश है करती ! विधि वामता।
कुछ बुरे दिन हैं व्रजभूमि के।
हम सभी अति ही हतभाग्य हैं।
उपजती जा नित नव व्याधि है।[101]
हो जाती है निरख जिसको।
भग्न छाती शिला की।।[102]
दुख–पयोनिधि मज्जित का वही।
जगत म परमोक्षम पोत है।[103]
बन अपार विषाद उपेत वे।
विलख थी दृग वारि विमोचती।[104]
वह कह कहके ही रोक देतीं उन्हें वे।
तुम सब मिल के क्या कान ही फोड दोगी।[105]
करुण ध्वनि कहाँ की फैल सी क्यों गयी है।
सब तरु मन मारे आज क्यों यों खड़े हैं।[106]
सारी शोभा सकल व्रज की लूटता कौन क्यों है ?
हा ! हा ! मेरे हृदय पर या साप क्यों लोटता है।[107]

कवि ने बड़ी ही कुशलता से उपरिलिखित छन्दों म क्रमश बुरे दिन होना हतभाग्य होना, नई व्याधि उत्पन्न होना, छाती फटना, दुख सागर मे डूबने के लिए पोत होना, नेत्रो से अश्रु गिराना, कान फोड देना तथा मन मारकर बैठना साप लोटना का सफल प्रयोग किया है।

कवि ने मुहावरो का स्वाभाविक रूप म प्रसगवश प्रयोग किये हैं। कुछ छन्दों म कई मुहावरे एक साथ देखे जा सकते हैं। हरिऔध जी ने कुछ मुहावरो के प्रयोग में शब्दो का सस्कृतीकरण किया है। शब्दों के परिवर्तन से मुहावरो का वह प्रभाव नहीं रह जाता। सस्कृत गर्भित भाषा युक्त

मुहावरे प्रियप्रवास मे दष्टव्य हैं–निज श्रवण उठाती थीं समुत्कठिता हो।[108] हो जाती थी निरख जिसको मग्न छाती शिला की।[109] में उत्कठा से कण उठाना एव छाती मग्न होना (फटना) का सफल प्रयोग है।

लोकोक्तियो का प्रयोग मुहावरो की अपेक्षा प्रियप्रवास म कम हुआ है। लोकोक्ति का अथ है–जनसाधारण में प्रचलित उक्ति। प्रियप्रवास के सस्कृत गर्भित होने के कारण उनका प्रयोग अत्यल्प होना स्वाभाविक है। जो लोकोक्तियाँ प्रयुक्त हुई हैं उनका प्रयोग उसी रूप म न करके कवि ने श दानुवाद रूप म प्रस्तुत किया है–

थे या व्रजेद्र कहते कुलकामिनी को।
स्वामी बिना सब तपोमय है दिखाता।[110]
मैं होती हू विकल पर तू बोलता भी नही है।
कसी तेरी सरस रसना लु ठिता हो गयी है।[111]
खोते होते जब हैं भाग्य जो फूटता है।
कोई साथी अवनितल मे है किसी का न होता।[112]
क्या तू मेरे हृदय तल के रग म भी रगेगा।[113]

यहाँ कवि ने क्रमश स्वामी बिना जग सूना, जिह्वा लु ठित होना भाग्य फूटे का पथ्वी पर कोई साथी नहीं होता, रग म रगना आदि का बडा ही अच्छा प्रयोग किया।

इसके अतिरिक्त अ य अनेक स्थलो पर कवि ने लोकोक्तियों[114] का प्रयोग किया है। अधिकाश लोकोक्तियो को कवि ने सस्कृत के अनुवाद रूप मे प्रस्तुत किया है। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि प्रियप्रवास मे मुहावरा और लोकोक्तियों के प्रयोग से भाषा उक्ति वैचित्र्य पण एव हृदय स्पर्शी हो गयी है, कि तु जहाँ कहा उनके स्वाभाविक रूप को प्रस्तुत न करके उनका अनुवाद करके छ दा मे प्रयोग किया गया है वहाँ अस्वाभाविकता आ गयी है।

गुण

गुणो का सम्ब ध रस धम से है क्याकि विभिन्न रसा की अनुभूति करते समय व्यक्ति के चित्त की भावनाएँ विभिन्न प्रकार की हो जाती है। यथा–शृगार रस के वणन स हृदय मे माधुय भाव का सचार होता हैं जबकि वीर रस से ओज एव दीप्ति की निष्पत्ति होती है। यही माधुय और ओज आदि गुण कहे जाते हैं। ये गुण रसा में आबद्ध होकर भावनाओं को विभिन्न स्थितियो मे जागत करते हुए हृदय मे विभिन्न भावों का सचार करते हैं। जहाँ तक गुणा की सख्या का प्रश्न है, इस सम्ब ध में विद्वानों में

मतवय नही है। भरत मुनि ने दस, व्यास ने उन्नीस, दण्डी ने दस, वामन ने बीस और भाज ने चौबीस गुणों का उल्लेख किया है, जबकि भामह और मम्मटाचाय ने माधुय, ओज तथा प्रसाद नामक तीन गुणों को ही मा यता दी है तथा वतमान समय मे यही तीनों गुण सवमा य हो गये हैं। प० राम दहिन मिश्र ने लिखा है कि यद्यपि आचार्यों न मुख्य रूप से तीन ही गुण मान हैं, पर तु आधुनिक रचनाओ पर दष्टिपात करने से कुछ अ य गुणो को भी मानना आवश्यक प्रतीत होता है। आजकल ऐसी अधिकांश रचनाएँ दीख पडती हैं, जिनमे न ता प्रसाद गुण है और न ओज गुण, अपितु इनके विपरीत उनके अनेक रूप दिखाई पडते हैं।[115] बाबू गुलाबराय के अनुसार मम्मट ने दस गुणा को माधुय, ओज और प्रसाद मे ही समाहित करने का प्रयास किया है, पर तु इसम उनको आंशिक सफलता ही मिल सकी है।[116]

गुणो की सख्या तीन मानने का प्रमुख आधार चित्त की तीन प्रमुख वत्तियाँ-कोमल, कठोर तथा मिश्रित हैं, जिनका सम्ब ध ऋमश 'माधुय, आज तथा प्रसाद गुण से है। अन्त करण को द्रवित करने वाले अथवा उसे आन द विभोर करने वाले गुण को माधुय गुण कहते हैं और यह गुण सम्भोग शृगार, विप्रलम्भ शृगार एव करुण रस म समाहित हैं। चित्त को उत्तेजित करने वाले गुण को ओज कहा जाता है जो वीर, वीभत्स और रौद्र रसो म प्राप्त होता है। इस गुण का सम्ब ध चित्त की कठोर वत्ति स है जबकि माधुय का कोमल वत्ति से। प्रसाद गुणसहृद के हृदय की ऐसी निमलता है, जा कि चित्त मे इस प्रकार व्याप्त हो जाती है, जिस प्रकार समिधा म अग्नि। यही प्रसाद गुण सभी रसा का धम माना जाता है, जिसकी अवस्थिति सभी रचनाआ की विशेषता होती है। प्रियप्रवास पर दष्टिपात करने मे यह स्पष्ट होता है कि हरिऔध जी ने प्रस्तुत ग्र थ मे माधुय गुण तथा ओज का प्रयोग करते हुए वियोग शृगार मे श्रीकृष्ण के शौय, पराक्रम और वीरता का चित्रण किया है। प्रसाद गुण इसमे सवत्र विद्यमान है।

(अ) माधुय गुण-यदि यह कहा जाय कि प्रियप्रवास माधुय प्रधान रचना है तो इसमे कोई अतिशयोक्ति न होगी, क्योकि इस ग्र थ में वियोग एव करुणा की अविरल धारा प्रवाहित रही है जिसमे पाठक का हृदय द्रवित हो जाता है। यशोदा का करुण ऋ दन, राधा की विरह विह्वलता, गोपियों की विक्षिप्तावस्था, ग्वाल बालो की खिन्नता तथा ब्रज के अ य प्राणियों के शोकावस्था में माधुय गुण स्पष्ट परिलक्षित होता है। यथा-

आभा अलौकिक दिखा निज बल्लभी को ।
पीछे मलाकार-मुखी कहता उसे था ।
तो भी तिरस्कृत हुए छवि गर्विता से ।
होता प्रफुल्लतम था दल भावुका का ।।[117]

कवि ने कोमल और मधुर पदावली द्वारा सयोग का माधुर्यपूर्ण चित अकित किया है । अतएव इसमे माधुय गुण विद्यमान है–

हा ! मैं कैसे निज हृदय की वेदना को बताऊ ।
मेर जी को मनुज तन से ग्लानि सी हो रही है ।
जो मैं होती तुरग अथवा यान ही या ध्वजा ही ।
तो मैं जाती कु वर वर के साथ क्यों कष्ट पाती ।।[118]

उद्धत छ द म वियोगी की दशा बडी दयनीय है । उसे आज मनुष्य रूप पाने पर ही पश्चाताप हो रहा है । वह सोचती है कि यदि मैं 'तुरग' या 'यान' होती तो निश्चित रूप से प्रिय का सयाग ही रहता । हृदय की यह विह्वलता सहज ही पाठक को व्यथित कर देती है । पूरा प्रियप्रवास वियोग विप्रलम्भ से भरा पडा है । इसलिए सवत्र माधुय गुण ही दश्यमान हो रहा है–

वात्सल्य– हरि न जाग उठे इस शोच से ।
सिसकती तक भी वह थी नही ।
इसलिए उनका दुख वेग स ।
हृदय था शतधा अब हो रहा ।।[119]

माँ यशोदा को कृष्ण गमन की सूचना मिल गई है, पुत्र वियोग की आशका से उनका हृदय रो रहा है नेत्र से अश्रु बह रहे हैं कि तु इस भय से कही कृष्ण जग न जांय, फूट फूट कर रोती हैं पर अपनी यथा यक्त नही कर सकती । माता के हृदय की यह वात्सल्य प्रेम सहज ही मातत्व को स्पश करने वाला है ।

(आ) ओज गुण–माधुय प्रधान रचना होते हुए भी प्रियप्रवास मे आज गुण श्रीकृष्ण के पराक्रम शौय एव वीरता क वणनो म स्पष्ट परिल क्षित होता है । ओज गुण के स्थायीभाव उत्साह जुगुप्सा तथा क्रोध के कारण ही हृदय मे दीप्ति उत्पत्ति हृदय विस्तार तथा उत्तेजना का सचार होता है । ब्रज को उत्पीडित करने वाले व्योमासुर, बकासुर वत्सासुर, अघासुर आदि के प्रसगो को कवि ने जिस रूप मे प्रस्तुत किया है । उसे पढने मात्र से ही पाठकों को चित्त में स्फूर्ति का सचार हाता है उसमे दीप्ति जागृत हो जाती है और आवेग उमड जाता है । यही नही इससे वह व्यक्ति,

उद्विग्न होकर आवेशयुक्त हो जाता है–

> बचो करो वीर स्वजाति का भला।
> अपार दोनो विधि लाभ है हमे।
> किया स्वकर्तव्य उबार जो लिया।
> सुकीर्ति पायी यदि भस्म हो गये॥[120]

इस छद म कवि ने श्रीकृष्ण के माध्यम से सम्पूर्ण जनता म उत्साह वद्धन का काय किया है। ऐसे छद श्रोता या पाठक के हृदय म राष्ट्र या देश प्रेम के प्रति सजग होने के लिए प्रेरित करते हैं अतएव इसमे ओज गुण विद्यमान है–

> स्व लोचनो स इस क्रूर काण्ड को।
> विलोक उत्तेजित श्याम हो गये।
> तुर त आ, पादप निम्न दप से।
> सवेग दौडे खल सर्प ओर वे॥[121]

सप के अत्याचारो को देखकर श्रीकृष्ण क्रोध से तमतमा उठे और उसे नष्ट करने के लिए उसकी ओर दौड पडे। कवि मे प्रस्तुत करने की वह चित्रात्मक कला है कि पाठक के हृदय म निश्चित रूप से उन भावो को उद्दीप्त कर देता है जिन भाव का वह चित्रण करना चाहता है। इस प्रकार इसम भी क्रोध (रौद्र) के आ जाने से ओज गुण की निष्पत्ति होती है।

(इ) प्रसाद गुण–इस गुण के माध्यम से कवि न प्रियप्रवास को सरस सरल तथा सुमधुर बनाने की पर्याप्त चेष्टा की है। परिणामस्वरूप यह गुण प्रियप्रवास मे सर्वत्र दशनीय है। इसी कारण प्रियप्रवास को सुनने अथवा पढ़न से उसके भाव तथा अथ को समझने मे किसी प्रकार की बाधा नही पडती। एक उदाहरण दृष्टव्य है–

> तथापि तू अल्प न भाग्यवान है।
> बडा हुआ है कुछ श्याम रग तो।
> अभागिनी है वह श्यामता नही।
> विराजती है जिसके शरीर मे॥[122]

इन पक्तियो मे सहज बोधगम्यता के साथ सरसता एव सरलता पूर्ण रूपेण विद्यमान है। इसलिए इसम प्रसाद गुण है।

अत प्रियप्रवास के अध्ययन स निसदेह कवि के काव्य गुण सम्बन्धी सफल प्रयोग का परिचय प्राप्त हो जाता है। गुणो ने निश्चित ही काव्य श्री की वृद्धि की है जिससे काव्य-लोक हृदयाह्लादकारी हो गया है।

अलकार योजना

अलकरोतीति अलकार ' अर्थात् जो भूषित कर, वही अलकार है। आचाय वामन ने अलकार को शब्द और अथ मे सौ दय उत्पन्न करने वाला माना है। अधिकाश विद्वानो ने गुणों को का य का स्थायी धम और अल कार को उनका अस्थाई धम माना है। अलकार साधन है साध्य नही। इसलिए दण्डी की यह परिभाषा उचित है– काव्य शोभाकारान धमानलका रान प्रचक्षते '[123] (काव्य की शोभा बढ़ाने वाले धम अलकार कहे जाते हैं)। जयदेव ने तो यहाँ तक कहा है कि जो का य को अलकार रहित मानता है वह विज्ञान अग्नि को उष्णताहीन क्यो नही मानता। यथा–

अगीकरोति य का य शब्दाथवनलकृती।
असौ न म यते कस्माद अनुष्णवनलकृती ॥[124]

जयदेव ने अ यत्र उल्लेख किया है– हारादिव्लकार सन्निवशा मनोहर '[125] (अलकार हार आदि आभूषणो की भाँति काव्य रूपी शरीर को सजाने वाला है) भामह ने अलकारो को काव्य का प्राण माना।[126] आचाय केशव ने इसी बात का इस प्रकार लिखा है–

जदपि सुजाति सुलच्छिनी, सुबरन सुरस सुवत।
भूपन बिनु न बिराजती कविता बनिता मित्र ॥[127]

इस प्रकार कविता मे सौ दय हेतु अलकारो का होना नितात आव श्यक है और इसी कारण प्रत्येक कवि अपने का य मे येनकन प्रकारेण अल कारो का प्रयोग अत्याधिक रूप म अवश्य करता है। हरिऔध जी न भी प्रियप्रवास के भाव निरूपण म अलकारो का स्वाभाविक प्रयोग किया है। सामा यतया अलकार प्रयोग की विभिन्न पद्धतियाँ हैं। यहाँ तक कि कुछ विद्वान वक्र प्रणाली को ही अलकार मानते हैं। प्रियप्रवास म भी अलकारो के विभिन्न रूप विद्यमान हैं जिनका प्रयोग कवि न चमत्कार एव सौ दय सृष्टि के लिए किया है। हरिऔध जी के अलकार विधान की सबस बडी विशेषता यह है कि उसम परम्परागत उपमानो का प्राचुय होन पर भी उनके प्रयोग म नवीनता है जिसके कारण कही भी रस या भाव निरूपण म कोई व्यवधान परिलक्षित नहीं होता।

अलकारो को मुख्यतया–शब्दालकार, अर्थालकार तथा उभयालकार म विभक्त किया गया है। शब्द और अर्थ की दृष्टि दो प्रकार के ही अलकार होते हैं।

(अ) अनुप्रास–शब्दालकार म अनुप्रास मुख्य है। इसम वण मैत्री की प्रवृत्त करके एक सी झनकार करने वाले शब्द एव क्रम म प्रयुक्त किये जाते हैं। प्रियप्रवास में इसके प्रमुख रूप निम्नलिखित हैं–

(य) छेकानुप्रास–अनेक व्यजना की, दो वार स्वरूप एव क्रम स आवत्ति म छेकानुप्रास होता है। यथा–

मुकुट मस्तक का शिखि पक्ष का।
मधुरिमा मय था बहु मजु था।
असित रत्न समान सुरजिता।
सतत थी जिसकी वर चद्रिका ॥[128]

इनमे प्रथम, द्वितीय पक्ति म म' एव ततीय म 'स' वण क क्रम से दो बार आने क कारण छेकानुप्रास का सुदर प्रयोग है।

(र) वत्यानुप्रास–जिन छन्दों म रस भाव या गुण के व्यजक वण समूह की दो से अधिक वार आवत्ति होती है, वहाँ वृत्यानुप्रास होता है। यथा–

प्रसादिनी पुष्प सुग ध वद्धिनी।
विकासिनी बेलि लता विनोदिनी।
अलौकिकी थी मलयानिल त्रिया।
विमोहिनी पादप पक्ति मादिनी ॥[129]

यहाँ द्वितीय पक्ति मे व वण की तीन वार आवत्ति क कारण वत्यानुप्रास है।

(ल) श्रुत्यानुप्रास–वाग्यत्रो क एक ही स्थान स उच्चरित श्रुति गोचर, सादृश्यमय व्यजन ध्वनियो की आवत्ति स उत्पन्न ध्वनि सौदय को श्रुत्यानुप्रास कहते है। यथा–

क्लित नूपुर की कलवा दिता।
जगत को यह थी जतला रही।
कब भला न अजीव सजीवता।
परस क पद पक्ज पा सके ॥[130]

(व) अत्यानुप्रास–तुकात छ दो मे ऐस अलकार होते हैं। यद्यपि प्रियप्रवास अतुकात म लिखा गया है फिर भी कही कहीं इसके रूप दखे जाते हैं। यथा–

अति जरा विजिता बहु चिन्तिता।
विकलता ग्रसिता सुख वचिता।[131]

(आ) यमक–यमक का अथ है युग्म। जहाँ एक समान किन्तु अर्थों में परस्पर भिन्न वर्णों का पुनकथन या आवृत्ति होती है, यमक अलक होता है। यथा–

कलुष नाशिनि दुष्ट निकदिनी।
जगत की जननी भव वल्लभे।
जननि को जिय की सकला व्यथा।
जननि ही जिय है कुछ जानता।[132]

इसम जननि शब्द की तीन वार आवत्ति हुई है जिसमे दो का अथ दुर्गा माँ से है और एक का अथ माता स है, इसलिए इसम *यमक अलकार* है। अयत्र भी यमक का सफल प्रयोग है।

(इ) श्लेष–एक शब्द के साथ जब अनक अथ सम्बधित हो जाय है तो वहाँ श्लेष अलकार की स्थिति मानी जाती है। यथा–

विपुल धन अनेको रत्न हो साथ लाय।
प्रियतम ! बतला दो लाल मरा कहाँ है।
अगणित अनचाहे रत्न ले क्या करूगी।
मम परम अनूठा लाल ही नाथ ला दो॥[133]

यहाँ श्लिष्ट लाल शब्द के दो अथ है–एक पुत्र और दूसरा रत्न होन स श्लेष अलकार है।

(ई) उपमा–उपमा सादशमूलक अलकारो मे श्रेष्ठ है। जहाँ किसी प्रकार की सधमता के कारण एक वस्तु दूसरे वस्तु क समान कही जाय, उपमा अलकार होती है। इसके चार अग–उपमय उपमान साधारण धम और वाचक होते हैं। इनको निम्नलिखित भागो मे विभक्त किया जाता है–

(य) पूर्णोपमा-ऐसे छन्दो मे उपमा के चारो अग प्रकट रूप म विभक्त रहते हैं। *यथा–*

साचे ढाला सकल वपु है दिव्य सौदयशाली।
सत्पुष्पो सा सुरभि उसकी प्राण सपोषिका है।
दोनो कधे वृषभ वर से हैं बडे ही सजील।
लम्बी बाहे कलम कर सी शक्ति की पटिका है।[134]

इस छन्द मे उपमालकार के चारो अग विद्यमान है इसलिए इसम पूर्णोपमालकार है।

(र) लुप्तोपमा-जहाँ उपमा के चारो अगो मे से किसी एक का लोप होता है। वहाँ लुप्तोपमा अलकार होता है। इसके वाचक लुप्ता, धमलुप्ता उपमानलुप्ता, उपमेयलुप्ता, धर्मोपमान लुप्ता वाचकोपमान लुप्ता वाचकोपमेयलुप्ता एव धम वाचकोपमानलुप्ता आठ भेद होते है। यथा–

विपणि हो वर वस्तु विभूषिता।
मणिमयी अलका सम थी लसी।

वर वितान विमडित ग्राम को।
सुछवि थी अमरावति रजिनी ।।[135]

प्रथम द्वितीय पक्ति मे धमलुप्ता एव तृतीय चतुथ पक्ति मे वाचक लुप्ता उपमा है।

(ल) मालोपमा–एक उपमेय के बहुत से उपमान कहे जायें, तो मालोपमा अलकार होता है। यथा–

रूपाद्यान प्रफुल्ल प्राय कलिका राकेन्दु बिम्बना।
तन्वगी कलहासिनी सुरसिका क्रीडा कला पुत्तली।
शोभा वारिधि की अमूल्य मणि सी लावण्य लीलामयी।
श्रीराधा मदुभाषिणी मगदगी माधुय की मूर्ति थी।[136]

यहाँ राधा–उपमेय के लिए अनेक उपमानों का प्रयोग किया गया है।

(व) रशनोपमा–जहाँ पहले का कहा हुआ उपमेय आगे, दूसरे उपमेय का उपमान बन जाता है वहाँ रशनोपमालकार होता है। यथा–

बहु प्रलुब्ध बना पशु वृन्द को।
विपिन के तण खादक जन्तु को।
तण समा कर नीलम नीलिमा।
मसण थी तण राजि विराजती ।।[137]

प्रियप्रवास मे उपमा अलकारो का भण्डार है। उपमा का कोई भी ऐसा रूप नहीं जो इसमे प्राप्य न हो।

(उ) रूपक–जहाँ उपमेय को उपमान रूप कहा जाय, वहाँ रूपक अलकार होता है। प्रियप्रवास' म परम्परित, सागरूपक और निरग रूपक तीन रूपों के उदाहरण प्राप्त होते हैं–

(य) परम्परिक रूपक

जननि मानस पुण्यपयोधि म।
लहर एक उठी सुख मूल थी।
बहु सुवासर कथा ब्रज के लिए।
जब चलते घुटना ब्रजचन्द थ।[138]

(र) सांगरूपक

ऊधो मेरा हृदयतल था एक उद्यान न्यारा।
शोभा देती अमित उर म कल्पना क्यारियाँ थीं।
न्यारे न्यारे कुसुम कितने भाव के थे अनेकों।
उत्साहों के विपुल विटपी थे महा मुग्धकारी ।।[139]

(ल) निरंग रूपक

विशद चित्रहठी ब्रजभूमि को।
रहित आज हुई वर चित्र से।
छवि यहाँ पर अंकित जो हुई।
अहह लोप हुई सब काल का।[140]

(ऊ) उत्प्रेक्षा–जहाँ प्रस्तुत (उपमेय) की अप्रस्तुत (उपमान) के रूप में सम्भावना की जाती है, वहाँ उत्प्रेक्षालंकार होता है। प्रियप्रवास मे वस्तूत्प्रेक्षा अलंकारों की भरमार है। यथा–

(य) वस्तूत्प्रेक्षा

ताराओं से खचित नभ को देखती जो कभी हूँ।
या मेघों में मुदित बक की पंक्तियाँ देखती हूँ।
तो जाती हूँ उमग बधता ध्यान ऐसा मुझे है।
मानो मुक्ता लसित उर से श्याम का दृष्टि आता।।[141]

(र) हेतूत्प्रेक्षा

विकलता लख के ब्रज देवि की।
रजनि भी करती अनुताप थी।
निपट नीरव हो मिस ओस के।
नयन से गिरता बहु वारि था।।[142]

(ल) फलोत्प्रेक्षा

धीरे धीरे पवन ढिग जा फूल वाले द्रुमों के।
शाखाओं से कुसुम चय को थी धरा पे गिराती।
मानो यों थी हरण करती फुल्लता पादपों की।
जो यों प्यारी न ब्रज जन को आज प्यारी व्यथा से।।[143]

(व) सन्देह अलंकार–जहाँ सत्यासत्य का निर्णय न हो पाने के कारण उपमेय का उपमान रूप में वर्णन होता है सदेह अलंकार होता है। यथा–

ऊंचा शीश सहर्ष करके था देखता व्योम को।
या होता अति ही सगर्व वह था सर्वोच्चता दर्प से।
या वार्ता यह प्रसिद्ध करता सामोद संसार से।
मैं हूं सुंदर मानदण्ड ब्रज की शोभामयी भूमिका।।[144]

(ए) अतिशयोक्ति–जहाँ लोक सीमा का उल्लंघन करते हुए प्रस्तुत की प्रशंसा की जाय। यथा–

असह्य होती तरु वृन्द को सदा।
विपाक्त सांसें दल दग्ध कारिणी।

विचूर्ण होती बहुश शिला रही।
कठोर व घन सप - गात्र म ।।[145]

विपत्ति सांसों मे पत्तो का जलना और सप के शरीर के जकडन स शिलाओं के खण्ड खण्ड म अतिशयोक्ति अलकार है। यथा–

सलिल प्लावन स जिस भूमि का।
सदय होकर रक्षण था किया।
अहह आज वही ब्रज की धरा।
नयन नीर प्रवाह निमग्न है ।।[146]

(ऐ) भ्रान्तिमान–जहाँ प्रस्तुत को किसी कारणवश अप्रस्तुत मान लिया जाय। ऐसा निश्चित भ्रम होने पर भ्रान्तिमान अलकार होता है–

"यदि धा पपिहा की शारिका या शुको की।
श्रुति सुखकर बोली प्यार से बोलते थ।
कलरव करत तो भूरि जातीय पक्षी।
द्विग तरु पर आके मत्त हो बठते थ।।"[147]

यहाँ क्रीडा क समय श्रीकृष्ण द्वारा विभिन्न प्रकार की पक्षियों की बोली मे अन्य पक्षियों का बोलने का भ्रम होन के कारण भ्रान्तिमान है।

(ओ) अपह्नुति–जब किसी सच्ची वस्तु या बात को छिपाकर उसके स्थान पर किसी झूठी वस्तु या बात की स्थापना की जाती है, अपह्नुति अलकार होता है। इसका उदाहरण दृष्टव्य है–

रह रह किरणें जो फूटती हैं दिखाती।
वह मिष इनके क्या बोध देते हम हैं।
कर वह अथवा या शान्ति का हैं बढाते।
विपुल व्यथित जीवों की व्यथा मोचने को ।।[148]

यहाँ प्रकाश क स्थान पर किरणें शान्ति या दुखितो की व्यथा मिटान का काय करने के कारण यहाँ अपह्नुति है।

(औ) उल्लेख–जहाँ एक व्यक्ति का अनेक प्रकार से वणन हो, उल्लेख अलकार होता है। यथा–

सच्चा प्यारा सकल ब्रज का वश है उजाला।
दीनो का है परम धन औ वृद्ध का नत्र वाला।
बालाओं का प्रिय स्वजन औ बन्धु है बालकों का।
ले जाते हैं सुरतरु कहाँ आप ऐसा हमारा ।।[149]

यहाँ कृष्ण को प्यारा, ब्रजवश दुलारा, दीनों का परम धन, वृद्ध को

नेत्र बालाओं का प्रिय बालका का बन्धु एव सुरतरु कहने के कारण उल्लेख अलकार है।

(अ) स्मरण–जहाँ पूर्वानुभूत (उपमेय) के समान किसी वस्तु (उपमान) को देखने से उसका (उपमय) स्मरण हो आता है, वहाँ स्मरण अलकार होता है। यथा–

मैं पाती हूँ अलक सुषमा भृग की मालिका म।
है आँखों को सुछवि मिलती खजनो औ मृगों म।
दोनों बाहें कलभ कर को देख है याद आती।
पाथी शोभा रुचिर शुक ठोर में नासिका की।।[150]

यहाँ भृग मालिका से अलकों, खजनों मृगों से नेत्रों हाथी की सूड से दोनों भुजाओं एव शुक ठोर से नासिका का स्मरण होने से स्मरण अलकार है।

(अ) व्यतिरेक–जहाँ उपमेय के उत्कर्ष अथवा उपमान के अपकर्ष द्वारा उपमेय की विशिष्टताओं का उल्लेख हो, वहाँ व्यतिरेक होता है। यथा–

मृदुल कुसुम सा है औ तूने तल सा है।
नव किसलय सा है स्नेह के उत्स सा है।
हृदय सदन ऊधो श्याम का है बडा ही।
अहह हृदय माँ सा स्निग्ध तो भी नहीं है।।[150]

यहाँ माँ के हृदय के सामने अनेक प्रकार से कोमल कृष्ण का हृदय न्यून है। अत व्यतिरेक अलकार है।

(क) काव्यलिंग–जहाँ किसी समर्थनीय का दृढता से समर्थन किया जाय। यथा–

रसमयी लख वस्तु असत्य का।
सरस्वती लख भूतल-व्यापिनी।
समर्थ है पडता बरसात म।
उदक का रस नाम यथार्थ है।।[152]

यहाँ पृथ्वी की सरसता का समर्थन होने के कारण काव्यलिंग अलकार है।

(ख) दीपक–कविता म जब उपमेय उपमान का एक ही धर्म हो जाय, तो दीपक अलकार होता है। यथा–

नव जल धर धरा समुत्पन्न होते।
कतिपय तरु का है जीवनाधार होती।

हितकर दुख दग्धो का उसी भाँति होगा।
नव जलद शरीरी श्याम का सद्म आना ।।[153]

यहाँ जलधर एव श्याम का जीवनाधार होने के समान धम से दीपक अलकार है।

(ग) प्रतीप–उपमान को उपमेय बनाकर यदि काव्य में विपरीत अवस्था मे प्रस्तुत किया जाय तो प्रतीप अलकार होता है। यथा–

है दातों की झलक मुझको दीखती दाडिमा मे।
बिम्बों म वर अधर सी राजता लालिमा है।
मैं केलो म जघन युग की मजुता दीखती हू।
गुल्फो की सी ललित सुषमा है गुलों म दिखाती ।।[154]

यहाँ दाडिम, बिम्ब केला, गुल का क्रमश कृष्ण के अग दाँत, ओष्ठ, जघा, एव एडी के ऊपर की गाँठ के समान प्रस्तुत किया है।

(घ) परिकर–जहाँ किसी विशेषण का प्रयोग किसी क्रिया के अथ की पुष्टि के लिए किया जाय, परिकर अलकार होता है। यथा–

स्वसुत रक्षण और पर पुत्र के।
दलन की यह निमम प्राथना।
बहुत सम्भव है यदि यों कहे।
सुन नही सकती जगदम्बिका ।।[155]

यहाँ निमम विश्लेषण स दलन क्रिया के अथ की पुष्टि होने से परिकर अलकार है।

(ङ) विभावना–जहाँ बिना कारण के काय की कल्पना की जाय। यथा–

श्यामा बातें श्रवण करके बालिका एक रोई।
रोते-रोते अरुण उसके हो गये नेत्र दोनो।
ज्यों ज्यों लज्जा विवश वह थी रोकती वारि धारा।
त्यों त्यों आँसू अधिकतर थ लोचनो मध्य आते ।।

यहाँ बालिका का रोना, बिना कारण के काय होने से विभावना अलकार है।

(च) विषम–जहाँ का य मे परस्पर अनुरूपता रहित पदार्थों का सम्बन्ध सघटित किया जाता है, वहाँ विषम अलकार होता है। यथा–

काले कुत्सित कीट का कुसुम में कोई नही काम था।
काटे से कमनीय कुज कृति म है न कोई कमी।

पैरो मे कब ईख की विपुलता है ग्रथियों की भली ।
हा ! दुर्दैव प्रगल्भते ! अपटुता तूने कहाँ की नही ।।[156]

यहाँ कुत्सित कीट, कुसुम, काँटा कमनीय कुज एव पर ईख की अनुरूपता होने पर भी सम्ब ध सघटता के कारण विषम अलकार है ।

(छ) दष्टान्त–जहाँ उपमेय और उपमान दोनों धर्मों का बिम्ब प्रतिबिम्ब रूप मे भाव प्रकट हो । यथा–

कुसुम सा सुप्रफुल्लित बालिका ।
हृदय भी न रहा सुप्रफुल्ल हो।
वह मलीन सर्वल्मण हो गया ।
प्रिय मुकुन्द प्रवास प्रसग से ।[157]

यहाँ सुप्रफुल्लित बालिका (उपमेय) और कुसुम (उपमान) दोनों का धम बिम्ब प्रतिबिम्ब रूप से प्रफुल्लता के द्वारा प्रकट होता है ।

(ज) मानवीकरण–जहाँ अचेतन पदार्थों या वस्तुओ द्वारा मानव जैसे धम प्रकट किये जाय, वहाँ मानवीकरण अलकार होता है । यथा–

आविभू ता गगन–तल मे हो रही है निराशा ।
आशाओ म प्रकट दुख की मूर्तियाँ हो रही हैं ।
ऐसा जी म ब्रज दुख दशा देख के था समाता ।
भू छिद्रा से विपुल करुणा धार है फटती सी ।।[158]

यहाँ भू छिद्रों से मानवोचित धम करुणा का प्रवाह प्रस्तुत कर मानवीकरण की सघटना की गई है ।

वास्तव म प्रियप्रवास अलकारो के प्रयोग के क्षेत्र मे समृद्ध है । उपयु क्त अलकारो के अतिरिक्त समासोक्ति यथासख्या, का॰यलिग उ मीलित, परिकराकुर विचित्र आदि अनेक अलकारो का प्रयोग किया गया है । हरिऔध जी ने विभिन्न अलकारो का प्रयोग अवश्य किया है पर तु भाव एव वस्तु योजना मे किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न नही होने पाया है । अलकारो के अध्ययन से यह बात स्पष्ट हो जाती है । कवि द्वारा प्रयुक्त सांगरूपक कलाकौशल की दष्टि से सफल है और उसकी प्रवाहमयता मे किसी प्रकार की बाधा नही पडी है । इसी प्रकार श्लेष अलकार के दष्टान्त में लाल श द स मार्मिकता और कौशल दोनो का सु दर सम वय है । ग्रन्थ म ऐसे स्थलो का बिल्कुल अभाव है जहाँ यह आभास होता हो कि अलकार सप्रयास प्रयुक्त किये गये हैं । इस प्रकार प्रियप्रवास म प्रयुक्त अलकारों और ग्रन्थ की स्वाभाविकता को देखकर निश्चित रूप से यह कहा जा सकता है

कि अलकारों के प्रयोग की दृष्टि से प्रियप्रवास आधुनिक काल की सफल कृति है।

छद योजना

आधुनिक हिन्दी काव्य की नवीन चेतना के कवियो को प्रतिभा को नवीन भाव और विषय प्रदान किया। नवीन छद योजना इसी का परिणाम है। पराधीन भारत की स्वाधीन भावना की जागति का स्वर लेकर खड़ी बोली कविता ने ज म लिया। हरिऔध प्रभृति कवि परम्परागत काव्य रूपा एव शैलियो को अनुपयोगी जानकर जन जागरण के लिए नवीन छ दो के माध्यम से युग-निर्माण मे सन्नद्ध हुए। उन्होने कृष्ण के प्रह्लाद रूप को भी अधिक उपयोगी माना, इसलिए उन्हें मानवीय धरातल पर प्रतिष्ठित करके हरिऔध जी ने अपनी भावना को नवीन वर्णिक वृत्ता द्वारा अभिव्यक्त की।

छन्द सृष्टि का प्रणव (ईश्वर) ही आदि रूप है।[159] पुरुष-सूक्त में छन्द से ही ऋक यज और साम की उत्पत्ति बताई गयी है।[160] छन्द की उत्पत्ति सिद्धान्त रूप मे क्रौंच-कथा से व्यक्त होती है। बहेलिये द्वारा क्रौंच वध से ऋषि के अन्त करण से नि सत करुण भावना निम्न श्लोक के रूप म प्रस्फुटित हुई—

मा निषाद प्रतिष्ठा त्वमगम शाश्वती समा।
यत्क्रौंच मिथुनादेकमवधी काममोहितम॥[161]

